रांची का तापमान
कांके: अधिक. 25.0° न्यून. 21.0°
रांची: अधिक. 25.2° न्यून. 21.1°
रांची, सोमवार
25 अगस्त 2025
वर्ष-26, अंक-203, पृष्ठ-12
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 02, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
₹2.00
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## रांची के नगड़ी इलाके में प्रस्तावित रिम्स-2 के जमीन विवाद पर हंगामा

# सैकड़ों की संख्या में लोगों ने हल चलाया और रोपा धान

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** रांची के नगड़ी इलाके में प्रस्तावित रिम्स-2 मेडिकल कॉलेज के लिए चिह्नित की गई जमीन को लेकर रविवार को भारी हंगामा हुआ। पुलिस-प्रशासन की चौतरफा बैरिकेडिंग और आंसू गैस के गोलों की बौछार के बावजूद सैकड़ों की संख्या में लोगों ने मेडिकल कॉलेज के प्रस्तावित साइट पर पहुंचकर हल चलाया और धान रोपा। आज का यह आंदोलन 'नगड़ी जमीन बचाओ संघर्ष समिति' के आह्वान पर किया गया। विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक एवं किसान संगठनों ने इसे अपना समर्थन दिया। राज्य सरकार की रिम्स-2 परियोजना 1074 करोड़ रुपए की है। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन द्वारा प्रस्तावित जमीन के 200 मीटर परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 लागू कर दी गई थी।

इसके पहले, जमीन पर दावेदारी को लेकर इकट्ठा हुए हजारों ग्रामीणों और पुलिस-प्रशासन के बीच जमकर टकराव हुआ। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठियां भांजी। इससे इलाके में हंगामा मच गया। लेकिन आंदोलनकारी अलग-अलग जत्थों में साइट पर पहुंचने में सफल रहे। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो और उनके कुछ साथी प्रशासन को चकमा देकर हल-बैल के साथ आंदोलन स्थल पर सबसे पहले पहुंचे। इसके बाद देखते-देखते हजारों महिला-पुरुष भी जमीन पर उतर आए। किसानों का आरोप है कि सरकार बिना नोटिस दिए उनकी उपजाऊ जमीन पर कब्जा कर रही है। उनका कहना है कि इससे उनकी आजीविका खतरे में पड़ जाएगी।

आंदोलनकारियों की अगुवाई करने वालों में प्रेम शाही मुंडा, कमलेश राम, कुंदरेशी मुंडा, अंजना लकड़ा आदि शामिल थे। आंदोलनकारी ग्रामीणों के नेतृत्व का ऐलान करने वाले राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन को प्रशासन ने एहतियाती तौर पर रविवार सुबह उनके आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया था। प्रशासन ने उनके आवास के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया था। चंपाई सोरेन ने आरोप लगाए हैं कि उन्हें घर से बाहर जाने से रोका गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने दावा किया है कि उन्हें पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने आकर बोला है कि आप यहां से नहीं जा सकते। चंपाई सोरेन ने कहा कि जगह-जगह पुलिस ने कोल्हान से आने वाले उनके समर्थकों को रोका है। बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, गुमला और खूंटी से लोग आ रहे थे। सभी को रोका गया है। वहीं, रांची सिटी डीएसपी केबी रमन ने चंपाई सोरेन को हाउस अरेस्ट करने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री को निषेधात्मक कार्रवाई के तहत हाउस अरेस्ट किया गया है। प्रदर्शन स्थल पर जा रहे घाटशिला से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी और चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को पुलिस ने तमाड़ थाना क्षेत्र में हिरासत में ले लिया। वहीं, सरायकेला जिले के कांड्रा थाना क्षेत्र से जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा को भी डिटेन कर लिया गया। शेष पेज 11 पर





### अस्पताल निर्माण के खिलाफ नहीं है आंदोलन : चंपाई



आंदोलन की अगुवाई करने वाले चंपाई सोरेन का कहना है कि यह आंदोलन अस्पताल निर्माण के खिलाफ नहीं है, बल्कि आदिवासी और मूलवासी किसानों की उपजाऊ जमीन छीने जाने के विरोध में है। जब बंजर जमीन और लैंड बैंक उपलब्ध है, तो सरकार ने अधिग्रहण की वैधानिक प्रक्रिया पूरी किए बिना किसानों को खेती से रोकने का आदेश किस आधार पर जारी किया है। उन्होंने पूर्व में ही ऐलान किया था कि वे हजारों किसानों के साथ 24 अगस्त 2025 को नगड़ी में हल चलाकर साबित करेंगे कि कोई ताकत उन्हें खेती से रोक नहीं सकती। चंपाई सोरेन ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा था कि जब बंजर जमीन और लैंड बैंक उपलब्ध है, तो सरकार ने अधिग्रहण की वैधानिक प्रक्रिया पूरी किए बिना किसानों को खेती से रोकने का आदेश किस आधार पर जारी किया है। उन्होंने आदिवासियों और मूलवासियों की जमीन पर कब्जे को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। शेष पेज 11 पर

» ग्रामीणों और पुलिस-प्रशासन के बीच जमकर टकराव, आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठियां भांजी

» पूर्व सीएम और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन को प्रशासन ने आवास पर किया हाउस अरेस्ट

### यह जमीन पूर्णत: आजीविका आधारित है : देवेंद्र नाथ महतो

रिम्स-2 मेडिकल कॉलेज के लिए चिह्नित जमीन पर जुताई करते हुए देवेंद्र नाथ महतो ने कहा, हम विकास के विरोधी नहीं। लेकिन, यह जमीन पूर्णत: आजीविका आधारित है। खेती योग्य जमीन पर बिना संवैधानिक अधिग्रहण किए हुए राज्य सरकार जबरन रिम्स-2 परियोजना थोपने का काम कर रही है। कृषि योग्य भूमि को यहां के रैयतों से छीनकर उनके आजीविका पर चोट पहुंचाना चाहती है। सरकार द्वारा पुलिस के बल पर नगड़ी की जमीन का अवैध अधिग्रहण हमारा संगठन नहीं होने देगी।

### सूर्या हांसदा एनकाउंटर में डॉ आशा लकड़ा ने ली मामले की जानकारी



- कहा- अभी हम जानकारी एकत्रित कर रहे हैं, जांच जारी
- एनसीएसटी की सदस्य ने परिजनों से भी की मुलाकात

**गोड्डा।** सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डॉ आशा लकड़ा रविवार को घटनास्थल पर पहुंचीं। उन्होंने सूर्या नारायण हांसदा के परिजनों से मुलाकात भी की। डॉ लकड़ा ने कहा कि अभी आयोग जानकारी एकत्रित कर रहा है। एनसीएसटी की सदस्य डॉ लकड़ा ने अपनी सात सदस्यीय टीम के साथ एनकाउंटर स्थल बोआरीजोर इलाके का निरीक्षण किया और पुलिस अधिकारियों से बातचीत की। घटनास्थल से निकलकर उनकी टीम गोड्डा जिले के ललमटिया स्थित डकैता गांव पहुंची, जहां उन्होंने सूर्या हांसदा के परिजनों से मुलाकात की और घटना की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सूर्या हांसदा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित की।

शेष पेज 11 पर

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

## रांची और लोहरदगा में स्कूल के छात्र-छात्रा की हुई बेरहम पिटाई

# मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान कार्रवाई का दिया निर्देश

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/लोहरदगा।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची और लोहरदगा जिले में दो स्कूली छात्र-छात्रा की बेरहम पिटाई की घटनाओं पर जानकारी मिलते ही तत्काल संज्ञान लिया है। सीएम ने दोनों जिलों के उपायुक्तों को इन घटनाओं की जांच कर समुचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं पर समुचित कार्रवाई की जाए, ताकि आगे से ऐसे कोई भी घटना नहीं हो। पहली घटना रांची के खलारी स्थित बमने उत्क्रमित मध्य विद्यालय की है। यहां स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष जयधन महतो और दो शिक्षकों जितेंद्र महतो एवं राजनाथ महतो पर एक आदिवासी छात्रा की बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगा है। छात्रा की मां का कहना है कि पिटाई के कारण बेटी के कंधे की हड्डी और पसली टूट गई है।

छात्रा और उसकी मां शनिवार को इस घटना की लिखित शिकायत लेकर रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से मिलने पहुंची थीं। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक भी पहुंची। इसके बाद उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) एवं जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) को मामले की जांच और कार्रवाई का निर्देश दिया है। दूसरी घटना लोहरदगा जिले के भरनो प्रखंड अंतर्गत पलमी गांव स्थित संत मैरी पब्लिक स्कूल की है। यहां यूकेजी में पढ़ने वाले आठ वर्षीय प्रिंस उरांव को कथित रूप से स्कूल की शिक्षिका कांति किरण किंडो ने डंडे से पीटा। इससे बच्चे का एक पांव और हाथ की अंगुली टूट गई है। मसमानो गांव निवासी बच्चे के पिता सुकरा उरांव ने इसे लेकर थाने में आवेदन दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस घटना की जानकारी मिलने पर जिले के उपायुक्त को तत्काल जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। शेष पेज 11 पर

### दोनों जिलों के उपायुक्तों को जांच कर समुचित कार्रवाई करने को कहा



### पिता ने पुलिस को दिए आवेदन में कहा, स्कूल की बात घर में बताने पर हुई प्रिंस की पिटाई

लोहरदगा। सुकरा उरांव ने पुलिस को दिए आवेदन में स्पष्ट किया है कि उसका पुत्र प्रिंस उरांव (8 वर्ष) संत मेरी पब्लिक स्कूल पलमी के यूकेजी कक्षा में अध्ययनरत है। प्रिंस उरांव स्कूल के छात्रावास में रहकर पढ़ाई करता है। वह 20 अगस्त 2025 को स्कूल में पढ़ाई कर रहा था। इसी दौरान दोपहर के समय में स्कूल की शिक्षिका कांति किरण किंडो ने प्रिंस उरांव को अपने कार्यालय में बुलाया और स्कूल की बात स्वजनों को बताने की बात कहते हुए डंडा से बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी। विद्यालय में घटित किसी भी घटना, खान-पान की शिकायत स्वजन या अन्य लोगों के पास नहीं कहने की कड़ी हिदायत दी। शिक्षिका की पिटाई से उनका पुत्र प्रिंस उरांव का दाहिना पैर बुरी तरह टूट गया। इसके अलावा बाएं हाथ की एक अंगुली भी टूट गई। विद्यालय में घटित घटना की जानकारी प्रिंस ने शिक्षिका की मार की डर से घर पहुंचकर परिजनों को बताया।

## कर्रा में भाई को लाठी-डंडे से पीट कर किया घायल, थाने पहुंच किया सरेंडर

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/खूंटी।** खूंटी के कर्रा थाना क्षेत्र के मनरेगा पार्क के पास भट्ठी बाजार में रविवार को आपसी विवाद में दो भाइयों के बीच हुई कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। कर्रा कटहल टोली निवासी 25 वर्षीय कामा धान को उसके सगे भाई लादू धान ने लाठी-डंडे और पत्थर से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद घायल को कर्रा पुलिस ने गंभीर स्थिति में उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कर्रा पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए खूंटी सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, रविवार को कामा धान अपने दो भाइयों नवीन धान और लादू धान के साथ भट्टी बाजार गया था। तीनों ने वहां हंड़िया दारू का सेवन किया। इस बीच, कामा धान का बड़े भाई नवीन धान से झगड़ा हो गया। विवाद बढ़ने पर मंझले भाई लादू धान ने गुस्से में आकर कामा धान पर लाठी-डंडे और पत्थर से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कामा धान के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें लगी हैं। घटना की सूचना मिलते ही कर्रा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भेजवाया। इधर, हमले के बाद आरोपी लादू धान खुद थाने पहुंचकर पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

## ईद मिलादुन्नबी पांच सितंबर को

**रांची।** मरकजी मजलिस रूयते हिलाल उखानकाह मुजीबिया, फुलवारी शरीफ, पटना ने एलान किया है कि रविवार (24 अगस्त) को रबी उल अव्वल 1447 हिजरी का चांद नजर आया। इसलिए सोमवार (25 अगस्त 2025) को रबी उल अव्वल की पहली तारीख होगी। आगामी शुक्रवार (5 सितंबर 2025) को रबी उल अव्वल की 12 तारीख (ईद मिलादुन्नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) होगी।



## उग्रवादियों ने 6 गाड़ियां फूंकीं ऑपरेटरों और मजदूरों के साथ मारपीट भी की

# टीएसपीसी ने सीसीएल की तापीन नॉर्थ परियोजना पर किया हमला

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/हजारीबाग।** हजारीबाग जिले में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की तापीन नॉर्थ परियोजना पर तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) से जुड़े उग्रवादियों ने शनिवार की रात धावा बोलकर आउटसोर्सिंग कंपनी आरकेएस की छह गाड़ियों को फूंक दिया। यह हमला शनिवार की आधी रात 12:00 बजे से 1:00 बजे के बीच हुआ था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल पर फोर्स की तैनाती भी बढ़ा दी गई है। जानकारी के अनुसार, दर्जनों की संख्या में हथियारबंद उग्रवादी अचानक परियोजना स्थल पहुंचे और वहां खड़े पोकलेन, डंपर तथा अन्य वाहनों को कब्जे में ले लिया। सभी वाहनों में भरे डीजल-पेट्रोल को खाली कराया और उसके बाद उनमें एक-एक कर आग लगा दी। कुछ ही देर में पूरे इलाके में आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार फैल गया।

टीएसपीसी के उग्रवादियों ने इस दौरान ड्यूटी पर तैनात ऑपरेटरों और मजदूरों के साथ मारपीट भी की। उन्हें धमकाते हुए उग्रवादियों ने कहा कि अगर कंपनी ने तत्काल काम बंद नहीं किया, तो और गंभीर नतीजे होंगे। जाते-जाते उग्रवादियों ने संगठन के नाम से पोस्टर छोड़े हैं। आरकेएस कंपनी पिछले चार वर्षों से इस परियोजना में आउटसोर्सिंग के आधार पर कोयला खनन का कार्य कर रही है।

माना जा रहा है कि कंपनी से लेवी की रकम वसूलने के लिए वारदात को अंजाम दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही चरही थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने की कोशिश की। मौके पर उग्रवादियों द्वारा छोड़े गए पोस्टर भी बरामद हुए।

### छत्तीसगढ़ के सुकमा में नक्सलियों के हथियार और विस्फोटक बरामद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिले सुकमा में सुरक्षाबलों ने बड़ी सफलता हासिल की है। जिले के मेट्टागुड़ा कैंप क्षेत्र के अंतर्गत कोईमेंटा पहाड़ी इलाके में सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक और लोहे की सामग्री बरामद की। यह संयुक्त अभियान 203 कोबरा वाहिनी, 241 बस्तर बटालियन (सीआरपीएफ), और स्थानीय जिला बल की संयुक्त टीम ने चलाया। बरामद डंप सामग्रियों में एक देसी रायफल, एक बीजीएल लांचर, एक बीजीएल लांचर बैरल, यूएवी 'नेत्रा' का टूटा प्रोपेलर, इलेक्ट्रिक होल्डर वेल्डिंग, एक बैंच वाइस, एक स्टील पाइप, लोहे की छड़, लोहे की बेस प्लेट (लगभग 2 किग्रा), एक पोल एंगलर (लगभग 8 किग्रा), एक आयरन क्लैंप (लगभग 1 किग्रा), ग्राउंड सपोर्टर (लगभग 2 किग्रा), आयरन क्लैंप्स (18 इंच), आयरन क्लैंप्स (12 इंच), आयरन टी-टाइप क्लैंप्स (12 इंच), काली वर्दी, एम्यूनिशन पोच, टूटी हुई इन्वर्टर बैटरी केसिंग, इलेक्ट्रिक वायर लगभग 20 मीटर, और इलेक्ट्रिकल एक्सटेंशन बोर्ड शामिल हैं।

## इंडिया | खोखले नारों से ऊबी जनता के बीच फाइव स्टार यात्राओं का शोर



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

लालकृष्ण आडवाणी को देश की राजनीति में रथयात्राओं का जनक कहा जाए तो गलत नहीं होगा। गुजरात के सोमनाथ से उत्तर प्रदेश के अयोध्या तक श्रीराम रथयात्रा निकालकर लालकृष्ण आडवाणी ने भारतीय राजनीति में बड़ा उलट- फेर किया उसी का परिणाम रहा कि भाजपा पहली बार केंद्र में सत्ता में आई थी ।"मैं ना तो शंकराचार्य बनने चला हूं और ना ही विनोबा भावे। ये यात्रा निश्चित तौर पर राजनीतिक है। लेकिन मैं इसे पारंपरिक राजनीति से भिन्न रखना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि अब उन लोगों को एक जगह होना चाहिए जो साधारण नागरिक के पक्ष में सामाजिक परिवर्तन चाहते हैं। इसलिए पदयात्रा शुरू करने से पहले मैंने लिखित वक्तव्य जारी किया। सभी दलों के राजनीतिज्ञों से सम्पर्क किया। मैं चाहता कि मेरी पदयात्रा किसी पार्टी तक सीमित ना रहे।"भारत के आठवें प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने 1983 में अपनी पदयात्रा के बारे में ये बात कही थी।तब 3500 रूपए से शुरू हुई उनकी इस यात्रा का मज़ाक भी उड़ाया गया था, जिसमें उनके पार्टी के कई लोग भी शामिल थे। शंकराचार्य से पहले गौतम बुद्ध और बाद में गुरु नानक और महात्मा गांधी ने इस तरह की पदयात्रा की थी।आज़ाद भारत में इस तरह की यात्रा आचार्य विनोबा भावे (1951), पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर (1983), वाईएसआर (2003) चंद्रबाबू नायडू (2013) दिग्विजय सिंह की (2017) नर्मदा यात्रा शामिल है। एनटी रामाराव ही थे जिन्होंने शायद भारतीय राजनीति के शो-बिज़नेस की शुरुआत की थी और 1982 में उनकी 'चैतन्य रथम' रैली ने 1983 के विधानसभा चुनावों में भारी जीत दिलाई। आजकल की आधुनिक सजी-धजी कीमती गाड़ियों और सुख सुविधाओं भरी राजनीतिक यात्रा का उद्देश्य जनसंपर्क तो है ही इससे जनसभाओं से ऊबी या विमुख जनता के बीच आज के जमाने में सोशल मीडिया पर हवा बनाने में बड़ी मदद मिलती है जब पीआर टीम की रिसर्च के अनुसार तय रास्तों और मुद्दों पर प्रशिक्षित प्रचार और भीड़ जुटाऊ टीम बहुत ही प्रोफेशनल तरीके से चुने हुए जातीय,धार्मिक या प्रभावशाली लोगों से मिलाती दिखाती और तयशुदा जगह पर रुकती आगे बढ़ती है। सामान्य सी लगती यह यात्रा अनेक नेता इसे चुनाव के समय रोड शो का नाम देते हैं जिसे मीडिया खास तौर पर सोशल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर जोर शोर से प्रचारित कराया जाता है जिसके लिए अलग मीडिया मैनेजमेंट टीम होती है यदि सभी की लागत की बात करें तो मामला करोड़ों में होता है। पिछले चुनाव के पूर्व ठंढ के मौसम में भी सफेद टीशर्ट में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की खूब चर्चा हुई थी और अभी चल रही वोटर अधिकार यात्रा के समर्थन में साइबर टीमें जितना काम कर रहीं हैं उतनी ही गति से दूसरी टीम इसकी पोल खोल रही है जिससे सोशल मीडिया का मोबाइल मैदान धुंवा–धुंवा हो गया है। भारत जोड़ो यात्रा में राहुल पूरी यात्रा के दौरान पैदल चले थे जबकि इस बार राहुल आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के साथ जीप में रहे और आम लोगों से सीधे मिलने नहीं गए। राहुल आरोप लगा रहे हैं कि वोट चोरी होते हैं और चुनाव आयोग उन्हें लिखित शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया अपनाने को कह रहा है ।बिहार परिवर्तन की कई प्रक्रियाओं का साक्षी रहा है और सबसे बड़ा परिवर्तन नीतीश कुमार ने किया है जहां सड़क, बिजली और जंगल राज की समस्या समाप्ति पर है। बिहार की जनता परिपक्व और राजनीतिक सूझबूझ वाली मानी जाती है जिन्हें अब घुसपैठिए, वोट चोरी और जंगलराज मुक्त बिहार के भविष्य की दिशा तय करनी है जो सही अर्थों में ऐसी यात्राओं का भी भविष्य तय करेगी और देखना है किसकी बात जनता समझती है ?




## हर साल 1,000 लड़कियों का अपहरण व जबरन धर्मांतरण

### मूवमेंट फॉर सॉलिडैरिटी की पाकिस्तान पर रिपोर्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

पाकिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यकों की दुर्दशा लगातार दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच रही है। यहां ईसाई और हिंदू लड़कियों के अपहरण और जबरन धर्मांतरण के नए मामले उस स्थिति को उजागर करते हैं, जिसे 'व्यवस्थित संकट' कहा जाता है। मूवमेंट फॉर सॉलिडैरिटी एंड पीस के अनुसार, पाकिस्तान में हर साल लगभग 1,000 ईसाई और हिंदू लड़कियों (उम्र 12 से 25 वर्ष) का अपहरण किया जाता है। आलम ये है कि पुलिस अक्सर कार्रवाई करने से बचती है। जुबली कैंपेन और ओपन डोर्स जैसी मानवाधिकार संस्थाओं ने चेतावनी दी है कि ऐसे मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अकेले 2024 में ही 10 साल तक की उम्र की पीड़िताएं सामने आई हैं।

कई पीड़ित आजीवन आघात और सामाजिक कलंक झेलती हैं, जबकि अदालतें अक्सर अपहरणकर्ताओं के इस दावे को मान लेती हैं कि लड़कियों ने अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन करते हुए निकाह किया।

मई 2023 में मोहम्मद अदनान और उसके पिता ने हथियार के बल पर मुस्कान का अपहरण कर लिया था, जिसके बाद नाबालिग को इस्लाम धर्म अपनाने के लिए मजबूर0 किया गया। शेष पेज 11 पर

# पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय में पांच किमी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित

- पशु चिकित्सा संकाय के डीन और खेल प्रभारी ने दिखाई दौड़ को झंडी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के रांची पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय ने हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद के सम्मान में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रविवार को 5 किलोमीटर की दौड़ का आयोजन किया। प्रतिकूल मौसम के बावजूद इस दौड़ में प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

यह दौड़ सुबह 6:00 बजे कृषक भवन से शुरू हुई, बीएयू रोड से होते हुए विश्वविद्यालय मुख्यालय तक गई और फिर वापस प्रारंभिक बिंदु पर लौटी। इस आयोजन में कुल 47 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें गुमला और गोड्डा से भी छात्र शामिल हुए। छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने वास्तव में फिटनेस और खेल भावना को जीवंत किया। रांची रोड रनर्स के 11 सदस्य भी प्रतिभागियों को प्रेरित करने और उनका उत्साहवर्धन करने के लिए इसमें शामिल हुए।

इस दौड़ के दौड़ समन्वयक डॉ अबसार अहमद थे। साथ ही, वे प्रतिभागी भी थे। वहीं, प्रशांत और आकांक्षा (रांची वेटरनरी कॉलेज के छात्र प्रतिनिधि) एवं उनकी टीम ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। इस दौड़ को पशु चिकित्सा संकाय के डीन डॉ एमके गुप्ता एवं खेल प्रभारी डॉ राजू प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



### ये रहे विजेता

**छात्र वर्ग :** प्रथम संजीत कुमार (एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग), द्वितीय राजेश कुमार महतो (रवींद्रनाथ टैगोर एग्रीकल्चर कॉलेज, देवघर) और तृतीय वरुण भूषण लगुरी (फॉरेस्ट्री कॉलेज)।

**छात्रा वर्ग :** प्रथम सीमा बेड़िया (रांची एग्रीकल्चर कॉलेज), द्वितीय श्रेया श्रीवास्तव (रांची वेटरनरी कॉलेज) और तृतीय संध्या बगेरी (फॉरेस्ट्री कॉलेज)।

**कर्मचारी वर्ग :** प्रथम डॉ अबसार अहमद (रांची वेटरनरी कॉलेज), द्वितीय डॉ महबूब आलम (रांची एग्रीकल्चर कॉलेज) और तृतीय डॉ अमित कुमार झा (रांची वेटरनरी कॉलेज)।

# गुरुजी को भारत रत्न दिलाने के प्रस्ताव के साथ झामुमो तैयार, रणनीति तय

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड विधानसभा के पूरक मानसून सत्र को लेकर झामुमो विधायक दल की बैठक रविवार को मोरहाबादी स्थित पार्टी मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो के आवास पर हुई। बैठक में सत्र के शेष कार्यों पर चर्चा की गई और विपक्ष द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों का सटीक एवं ठोस जवाब देने की रणनीति तय की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न दिलाने के लिए विधानसभा में प्रस्ताव लाया जाएगा। यह प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। मथुरा महतो ने कहा कि यह सत्र गुरुजी की विरासत और झामुमो की एकजुटता का प्रतीक बनेगा। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि सत्ता पक्ष पूरी तैयारी के साथ सदन में जाएगा। विपक्ष के हर सवाल का जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन को भारत रत्न दिलाने को लेकर पूरी सरकार और गठबंधन दल एकजुट हैं। वहीं, सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से सदन में यह प्रस्ताव रखा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि एसआईआर के खिलाफ झामुमो और पूरा सत्ता पक्ष जोरदार विरोध दर्ज करेगा। झामुमो की रणनीति है कि विपक्ष के हर सवाल का जवाब मजबूती से दिया जाए और साथ ही सदन के मंच से शिबू सोरेन को भारत रत्न दिलाने की मांग को औपचारिक स्वरूप दिया जाए। पार्टी केंद्र सरकार के कुछ निर्णयों के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए सदन के अंदर और बाहर विरोध करेगी। 130 संविधान संशोधन और एसआईआर के मुद्दे पर झामुमो आक्रामक रहेगा।

# झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन में हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दो दिवसीय अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन, दिल्ली विधानसभा नई दिल्ली में रविवार से शुरू हुआ। अध्यक्ष झारखंड विधानसभा रबीन्द्रनाथ महतो इस सम्मेलन में भाग लिए। यह सम्मेलन वीर विट्ठलभाई पटेल के केंद्रीय विधानसभा अध्यक्ष बनने के 100 साल पूरे होने पर हो रहा है। जिसमें विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष भाग ले रहे हैं। अध्यक्ष ने सम्मेलन में भाग लेते हुए भारतीय संविधान और विधायी संस्थाओं के आकार लेने में स्वतंत्रता सेनानी वीर विट्ठल भाई पटेल की योगदान के संबंध में अपना व्याख्यान प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विट्ठलभाई पटेल के जीवन पर एक प्रदर्शनी भी लगाई है। चलते झारखंड विधानसभा सत्र के कारण अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो सम्मेलन समाप्त होने के पूर्व ही अपने व्याख्यान समाप्त कर रविवार की संध्या यात्री सेवा विमान से रांची लौट आए।

## संतरागाछी-अजमेर पूजा स्पेशल ट्रेन के संचालन का अरुण जोशी ने किया स्वागत



**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने ट्रेन संख्या 08611/08612 संतरागाछी-अजमेर पूजा स्पेशल ट्रेन का 22 सितंबर 2025 से 24 नवंबर 2025 तक संचालन के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने इसे यात्रियों के लिए त्यौहारी सीजन में दिया गया एक बड़ा उपहार बताया। यह ट्रेन संतरागाछी से चलकर खड़गपुर, टाटानगर, चांडिल, पुरुलिया, मुरी, रांची, लोहरदगा, टोरी, डालटनगंज, गढ़वा रोड, रेणुकूट, चोपन (उत्तर प्रदेश), सिंगरौली, कटनी, दमोह, सागर, बीना (मध्य प्रदेश) के रास्ते कोटा (सोगोरिया), भीलवाड़ा होते हुए अजमेर पहुंचेगी। जोशी ने कहा कि विशेषकर कोटा आने-जाने वाले विद्यार्थियों के लिए यह ट्रेन अत्यंत उपयोगी होगी। उन्होंने बताया कि 13 जुलाई 2022 को रांची में आयोजित डीआरयूसीसी की बैठक में इस मार्ग से ट्रेन चलाने की मांग उठाई गई थी, जो अब पूरी हुई है।

## भाजपा के प्रदेश कार्यालय में सेवा पखवारा कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

# भाजपा का लक्ष्य जन-जन की सेवा करना है : बाबूलाल मरांडी

- भाजपा राजनीतिक और सामाजिक दोनों जिम्मेदारी निभाती है : डॉ रवींद्र राय
- सेवा पखवारा के कार्यक्रमों में जनभागीदारी बढ़ाएं : कर्मवीर सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** भाजपा के प्रदेश कार्यालय में रविवार को प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में सेवा पखवारा कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, सेवा पखवारा प्रदेश टोली, जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि भाजपा आगामी 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवारा कार्यक्रम का आयोजन कर रही है।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य देश के जन-जन की सेवा करना है। पार्टी का राजनीतिक लक्ष्य सत्ता सुख नहीं, बल्कि सत्ता के माध्यम से जनता की सेवा है। उन्होंने कहा कि पार्टी विभिन्न सांगठनिक कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के बीच जाकर सेवा का कार्य करती है। उसी के तहत आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से 02 अक्टूबर महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती तक सेवा पखवारा का आयोजन किया जाएगा।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एक तरफ इंडी गठबंधन लोकतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थाओं का गला घोंट रहा है, वहीं भाजपा अपने सेवा कार्यक्रमों के माध्यम से जनभागीदारी बढ़ाते हुए लोकतंत्र को मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकाल गांव, गरीब की सेवा से भरा पड़ा है। उन्होंने देश में उपलब्धियों का पहाड़ खड़ा किया है।

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता की आशा और आकांक्षा केवल भाजपा है। हमें कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के बीच बार बार जाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीतिक के साथ सामाजिक जिम्मेदारियां भी भली भांति निभाती है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता, पौधरोपण, रक्तदान, जल संरक्षण, स्वदेशी आंदोलन में जनभागीदारी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आगामी सेवा पखवारे में सेवा के साथ दीनदयाल जयंती पर वैचारिक धारा को भी नई पीढ़ी तक ले जाने की जरूरत है।

प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने सेवा पखवारा कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा करते हुए इसे धरातल पर उतारने की दिशा में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेवा पखवारा के तहत पदाधिकारियों के बीच कार्यों का वितरण किया गया है। प्रदेश स्तरीय सात लोगों की टोली बनाई गई है, जिसमें प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह, बालमुकुंद सहाय, विकास प्रीतम, भानु प्रताप शाही एवं गणेश मिश्र शामिल हैं।

कर्मवीर सिंह ने कहा कि सेवा पखवारा के तहत रक्तदान शिविर, मैराथन दौड़, प्रदर्शनी, स्वास्थ्य शिविर, दिव्यांग जन के लिए यंत्र वितरण, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता, स्वच्छता अभियान, पौधरोपण जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा देते हुए आगामी 2 अक्टूबर को गांधी और लालबहादुर शास्त्री जयंती पर खादी और हस्तकरघा निर्मित वस्त्रों की खरीदारी को बढ़ावा देते हुए पार्टी के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों के साथ आम जनता से खादी वस्त्रों की खरीदारी का आग्रह किया जाएगा।

### सांसद खेल प्रतियोगिता का पंजीकरण 29 से

प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि सांसद खेल प्रतियोगिता सभी संसदीय क्षेत्र में आयोजित किए जाएंगे, जिसका पंजीकरण आगामी 29 अगस्त से प्रारंभ होगा। कहा कि यह खेल प्रतियोगिता ग्रामीण स्तर, प्रखंड स्तरीय, विधानसभा स्तरीय और संसदीय क्षेत्र स्तरीय आयोजित होगी। इसमें फुटबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, खोखो, हॉकी, एथेलेटिक्स जैसे खेलों के ग्रामीण पारंपरिक खेल कबड्डी आदि की प्रतियोगिता आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि पखवारे के अंदर विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

# गुरुजी के विचारों से भटक गए हेमंत सोरेन : सुदेश महतो

- झामुमो-कांग्रेस का आदिवासी विरोधी चरित्र उजागर हुआ : प्रवीण प्रभाकर

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** आजसू प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि हेमंत सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने नगड़ी के जमीन बचाओ आंदोलन का समर्थन कर विस्थापित आदिवासियों को खेत जोतने कहा था। आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुजी के विचारों से भटक गए हैं और तानाशाह रवैये पर उतर आए हैं। अबुआ सरकार आदिवासियों के दमन में जुट गई है। श्री प्रभाकर ने कहा कि नगड़ी आंदोलन को दबाने के लिए कल रात पत्रकार तीर्थनाथ आकाश और महिला आदिवासी पत्रकार सुनीता मुंडा को डिटेन किया गया और रविवार की सुबह पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को नजरबंद किया गया। लेकिन सरकार हजारों आदिवासियों को हल चलाने और रोपा रोपने से नहीं रोक पाई। श्री महतो ने कहा कि सिरम टोली सरना स्थल के सामने रैंप का विरोध करने पर सरना आदिवासियों पर लाठी चली। भोगनाडीह में सिदो–कान्हु के वंशजों पर हूल दिवस पर पुलिस द्वारा लाठी चलाई गई। सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा को मुठभेड़ के नाम पर मार डाला गया। अब नगड़ी में आंसू गैस और लाठी चलाकर आदिवासी–मूलवासी जनता को भयाक्रांत किया जा रहा है। आजसू पार्टी विस्थापितों के साथ हमेशा खड़ी रहेगी।

### समाज और शहर में अराजकता की छूट किसी को नहीं : राकेश सिन्हा



पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के हाउस अरेस्ट पर कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, "कार्यक्रम की आड़ में समाज और शहर में अराजकता फैलाने की छूट किसी को नहीं दी जा सकती है। अगर कार्यक्रम की आड़ में माहौल खराब करने की कोशिश की जाती है तो स्वाभाविक तौर पर प्रशासनिक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। बीजेपी के नेता अराजकता का माहौल उत्पन्न करना चाहते हैं,तो करवाई इस लिए भी जरूरी है।

आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा है कि नगड़ी में झामुमो–कांग्रेस का आदिवासी विरोधी चरित्र सामने आ गया है। जनता का विश्वास अब इस सरकार पर नहीं रहा। अलग राज्य इसलिए नहीं लिया गया था कि झारखंड की आदिवासी–मूलवासी जनता पर लाठी–गोली चले। रिम्स 2 अवश्य बनना चाहिए लेकिन खेती की जमीन पर नहीं, बल्कि बंजर जमीन पर बने। श्री प्रभाकर ने कहा कि झारखंड में संघर्ष का एक लंबा इतिहास रहा है। साथ ही विस्थापन का भी इतिहास रहा है। अंग्रेजों के बाद कांग्रेस ने आदिवासी जनता पर गोलियां चलाईं और दमन किया। अब झामुमो भी दमनकारी नीति पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि अबुआ सरकार अब ठगुआ सरकार बन गई है।

# अदाणी पावर लिमिटेड को झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव में 'चेंज मेकर अवॉर्ड'

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** अदाणी पावर लिमिटेड को झारखंड के गोड्डा जिले में उत्कृष्ट सामाजिक दायित्व कार्यक्रमों के लिए 'चेंज मेकर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान रांची में आयोजित दो दिवसीय झारखंड 'सीएसआर कॉन्क्लेव- 2025' के दौरान प्रदान किया गया। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने समारोह में अदाणी पावर लिमिटेड के सीएसआर हेड संतोष सिंह को यह अवॉर्ड सौंपा। इस अवसर पर राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न कॉरपोरेट समूहों के प्रतिनिधि और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई प्रमुख लोग मौजूद थे। दो दिवसीय इस कॉन्क्लेव में कॉरपोरेट जगत और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े वक्ताओं ने अपने विचार रखे और झारखंड में कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों का ब्योरा साझा किया। कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योग जगत और समाज के बीच साझेदारी को बढ़ावा देना था, ताकि सतत विकास के लक्ष्य पूरे किए जा सकें। अदाणी पावर लिमिटेड को यह सम्मान विशेष रूप से गोड्डा में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, महिला सशक्तीकरण, पोषण सुधार और कोविड-19 टीकाकरण जैसे क्षेत्रों में किए गए योगदान के लिए दिया गया। कंपनी ने इन पहलों के माध्यम से स्थानीय समुदायों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने और जीवन स्तर सुधारने में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। अवॉर्ड प्राप्त करने के बाद अदाणी पावर लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह उपलब्धि गोड्डा की जनता के सहयोग और विश्वास की देन है। कंपनी का लक्ष्य आने वाले समय में भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को मजबूती से निभाते हुए स्थानीय समुदायों के विकास में सक्रिय भूमिका निभाना है। झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव को राज्य में उद्योग और समाज के बीच जुड़ाव की अहम कड़ी माना जा रहा है, जहां विभिन्न कंपनियों की पहलों ने यह संदेश दिया कि सतत और समावेशी विकास के लिए साझेदारी ही सबसे प्रभावी रास्ता है।

## स्मार्ट पीडीएस योजना को लागू कराने के आदेश का विरोध

**रांची।** झारखंड राज्य फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन ने राज्य सरकार के उस आदेश का विरोध किया है, जिसमें स्मार्ट पीडीएस योजना लागू करने की बात की गई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष ओंकार नाथ झा ने कहा है कि राज्य में 4जी ई-पॉश मशीन की आपूर्ति किए बिना स्मार्ट पीडीएस योजना को आनन-फानन में लागू करना सही नहीं है। इसे लेकर रविवार को एसोसिएशन की कोर कमेटी की बैठक रांची स्थित डोरंडा में हुई। राज्य के 23 जिले के जिलाध्यक्ष और प्रतिनिधियों ने बैठक में शामिल होकर स्मार्ट पीडीएस योजना सहित वर्षों से लंबित कमीशन भुगतान नहीं होने का विरोध किया। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश प्रसाद, वरीय उपाध्यक्ष नंदू प्रसाद, उपाध्यक्ष मनोहर सिंह, प्रदेश महासचिव संजय कुंडू आदि उपस्थित थे। बता दें कि राज्य के सभी 24 जिलों में आगामी एक सितंबर से स्मार्ट पीडीएस योजना लागू करने की तैयारी है।

# हांसदा के एनकाउंटर की कहानी झूठी, सीबीआई जांच हो : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड विस के नेता प्रतिपक्ष और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि चार बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके सूर्या हांसदा के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने की कहानी सरासर झूठी है। उन्होंने कहा कि गोड्डा जिले के सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की हत्या सत्तारूढ़ दल, माफिया और पुलिस की साजिश का नतीजा है। उन्होंने पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। मरांडी ने कहा कि इस घटना की जांच के लिए पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की थी। इसकी रिपोर्ट से यह साफ है कि हांसदा की योजनाबद्ध तरीके से हत्या की गई। मरांडी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी की जांच रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि 11 जून 2025 को गोड्डा में झामुमो की सभा के दौरान मुख्यमंत्री के करीबी विधायक प्रतिनिधि ने खुले मंच से धमकी दी थी कि जो सरकार की बात नहीं मानेगा, उसे पुलिस की गोली का शिकार होना पड़ेगा। ठीक अगले दिन सूर्या हांसदा का नाम एक मुकदमे में जोड़ा गया और दो महीने बाद उन्हें कथित पुलिस मुठभेड़ में मार डाला गया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पुलिस ने हांसदा को अपराधी करार दिया, जबकि अदालत ने कभी उन्हें दोषी नहीं पाया। उनके खिलाफ दर्ज 24 मामलों में से 14 में वे बरी हो चुके थे, पांच में जमानत पर थे और पांच में जमानत विचाराधीन थी। जिस घटना (27 मई) को आधार बनाकर एफआईआर दर्ज की गई, उस दिन वे अपने बेटे का जन्मदिन मना रहे थे। उन्होंने कहा कि सूर्या हांसदा अपराधी नहीं, बल्कि एक संवेदनशील सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता थे, जो 400 अनाथ बच्चों की पढ़ाई की चिंता करते थे। उनके परिवार और जनता की मांग है कि इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच केवल सीबीआई ही कर सकती है।

### हांसदा एनकाउंटर मामले की जांच करने गोड्डा पहुंची एनसीएसटी की टीम



**गोड्डा।** सूर्य नारायण हांसदा एनकाउंटर मामले में की जांच करने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा के नेतृत्व में सात सदस्यीय टीम रविवार को गोड्डा पहुंची। इस दौरान आयोग की टीम ने ललमटिया के डकैता गांव पहुंचकर सूर्य नारायण हांसदा के परिजनों से भी मुलाकात की और जरूरी जानकारी ली। इससे पूर्व आयोग की टीम ने सूर्य नारायण हांसदा के एनकाउंटर स्थल बोआरीजोर थाना क्षेत्र के धमनी रहरबड़िया पहाड़ पहुंचकर जांच की। साथ ही पुलिस अधिकारियों से भी पूछताछ की। इस दौरान गोड्डा के पुलिस उपाधीक्षक जेपीएन चौधरी, महागामा अनुमंडल पदाधिकारी आलोक वरण केसरी, बोआरीजोर पुलिस निरीक्षक वीरेंद्र पासवान मौजूद रहे। वहीं जांच और सूर्य नारायण हांसदा के परिजनों से मुलाकात के बाद राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने मीडिया से भी बातचीत की। इस क्रम में उन्होंने कहा कि अभी हम एक-एक जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं। सूर्य नारायण हांसदा के परिवार से मिले और उनकी पत्नी, भाई, बच्चों और मां से जानकारी ली है। उन्होंने कहा कि हांसदा एनकाउंटर मामले में प्रशासन के साथ बैठक भी करेंगे।

**विश्व बंधुत्व दिवस** — राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन, बोले अभय अंबष्ट

# ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि का रक्तदान अभियान सराहनीय कार्य है

- रिस्म के पूर्व निदेशक आरके श्रीवास्तव ने कहा, रक्तदान से फायदा होता है

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के स्थानीय सेवा केंद्र चौधरी बगान, हरमू रोड में रविवार को ब्रह्माकुमारी संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर अभय अंबष्ट (भाप्रसे) संयुक्त सचिव तथा दिव्यांग आयुक्त झारखंड ने स्वयं रक्तदान कर अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए कहा कि दादी जी के स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा भारत एवं नेपाल में एक विशाल रक्त दान अभियान चलाया जा रहा है, जो कि एक बहुत ही सराहनीय कार्य है। इस आयोजन का उद्देश्य रक्त की आवश्यकता की पूर्ति करना है। इस महाअभियान का राष्ट्रीय शुभारंभ 17 अगस्त 2025 को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने किया था। राष्ट्रीय शुभारंभ के उपरांत भारत और नेपाल में रक्त शिविरों की शुरुआत की गई। इसके अंतर्गत 22 से 25 अगस्त 2025 तक पूरे देश में 1500 से अधिक ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्रों पर एक साथ विशाल रक्त दान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभियान का लक्ष्य एक लाख यूनिट रक्त एकत्रित करना है। इतने कम समय में यह लक्ष्य हासिल करना भारत के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड होगा। यह महाअभियान ब्रह्माकुमारीजी संस्थान द्वारा भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एवं अन्य स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज ब्रह्माकुमारी चौधरी बगान, हरमू रोड में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में उपस्थित रिस्म के पूर्व निदेशक रमेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आज के पवित्र अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में उपस्थित हुए हैं। वैसे बहुत विवि हैं, जो जीवन जीने का साधन उपलब्ध करते हैं। परंतु, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में हमें जीवन जीने की कला सिखाई जाती है। आज के कार्यक्रम के संबंध में मुझे यह कहना है कि यह ऐसा प्रयास है, जिसको गीता में सुकर्म बताया है।

### रक्त का दान करुणा का दान है : निर्मला बहन

केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि रक्त का दान करुणा का दान है। यह हमें नहीं पता कि हमारा रक्त किनको मिलेगा। यह गुप्त दान महादान है, नि:स्वार्थ दान है। दादी जी स्वयं भी प्रकाश से भरी हुई थीं और देने की प्रेरणा उन्होंने समाज को दी। राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए निर्मला बहन ने कहा, दादी जी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की दूसरी मुख्य प्रशासिका रही हैं। जगदंबा सरस्वती के बाद साकार में यज्ञ की प्रमुख दादी प्रकाशमणि रहीं।

# सेविकाओं को बीएलओ कार्य जैसे अतिरिक्त भार से मुक्त किया जाए : धर्मेंद्र तिवारी



**रांची।** झारखंड प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र तिवारी से रविवार को झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन का प्रतिनिधि मंडल मिलकर अपनी पीड़ा को बताया। मांगों का समर्थन करते हुए तिवारी ने कहा कि सरकार को विचार करना होगा। जेडीयू हमारी पार्टी आपके मांगों को सरकार तक पहुंचाएंगी, प्रदेश की आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाएं समाज के सबसे निचले तबके तक पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने में वर्षों से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। बावजूद इसके, सरकार द्वारा उन्हें न तो सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया गया है और न ही सेवानिवृत्ति पर कोई आर्थिक लाभ दिया जा रहा है। यह स्थिति बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और अमानवीय है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका/सहायिकाओं को सेवानिवृत्ति उपरांत कम-से-कम पाँच लाख रुपये का आर्थिक लाभ तथा मानदेय का आधा पेंशन दिया जाना चाहिए, ताकि उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिले। सरकार के साथ मिलकर सेविकाएं सभी योजनाओं को सुचारू रूप से चलने के लिए समाज और सरकार के बीच में सेतु का कार्य करती है। जब-जब आवश्यकता पड़ी निरंतर सरकार के साथ खड़ी दिखाई दी। साथ ही, केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई एफ.आर.एस. प्रणाली से सेविकाएं भारी परेशानियों का सामना कर रही हैं, इसे तुरंत समाप्त किया जाना चाहिए। तिवारी ने राज्य सरकार से यह भी मांग की सेविकाओं को बीएलओ कार्य जैसे अतिरिक्त भार से मुक्त किया जाए और केवल विभागीय कार्यों तक सीमित रखा जाए।

## रांची जिला प्रशासन ने मूसलाधार बारिश के कारण जारी की चेतावनी, कहा

# जलप्रपातों के आसपास के क्षेत्रों में जाने से पूरी तरह करें परहेज



### जलप्रपातों जैसे जोखिम भरे क्षेत्रों से रहें दूर

रांची जिला प्रशासन ने कहा कि प्रशासन पर्यटकों और नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि इस प्राकृतिक आपदा की स्थिति में सावधानी बरतें और जलप्रपातों जैसे जोखिम भरे क्षेत्रों से दूर रहें। प्रकृति का आनंद सुरक्षित दूरी से ही लें और अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** रांची जिला प्रशासन ने रविवार को राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जोन्हा, हुंडरू, दशम फॉल व सीता फॉल, रिमिक्स फॉल एवं अन्य जलप्रपातों में उफान के कारण पर्यटकों के लिए सुरक्षा चेतावनी जारी की है। जिला प्रशासन ने कहा है कि जलप्रपात अपने पूर्ण उफान पर हैं। इन जलप्रपातों में जलधारा की प्रबल गति और चट्टानों से टकराने वाली धाराएं प्रकृति की अपार शक्ति का प्रदर्शन कर रही हैं। एक छोटी-सी लापरवाही गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है और इससे जान-माल का नुकसान हो सकता है। हालांकि, इस समय जलप्रपातों का दृश्य आकर्षक और मनोरम है, लेकिन यह अत्यंत खतरनाक भी है। जिला प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों ने पर्यटकों, आगंतुकों और स्थानीय लोगों से जोन्हा और हुंडरू जलप्रपातों के आसपास के क्षेत्रों में जाने से पूरी तरह परहेज करने की अपील की है। वर्तमान में जलप्रपातों के आसपास का क्षेत्र अत्यंत जोखिम भरा है। तेज जलधारा, फिसलन भरी चट्टानें और अचानक जलस्तर बढ़ने की संभावना पर्यटकों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही है।

### जिला प्रशासन के सुझाव

1. पर्यटक और स्थानीय लोग जलप्रपातों के पास न जाएं और सुरक्षित स्थानों पर रहें।
2. स्थानीय प्रशासन और पुलिस द्वारा जारी सभी दिशा निदेर्शों का सख्ती से पालन करें।
3. मौसम और जलप्रपातों की स्थिति के बारे में स्थानीय समाचारों और प्रशासनिक सूचनाओं पर नजर रखें।
4. किसी भी आपात स्थिति में तुरंत स्थानीय पुलिस, प्रशासन या आपातकालीन सेवाओं से संपर्क करें।




# पेड़-पौधे समस्त जीव-जंतुओं के लिए आवश्यक : बरखा आनंद

- शिव शिष्य परिवार ने किया 'पर्यावरण संरक्षण में हमारी सहभागिता' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



शिव शिष्य परिवार के तत्वावधान में रविवार को 'पर्यावरण संरक्षण में हमारी सहभागिता' विषय पर एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिव शिष्य एवं शिष्याओं को संबोधित करते हुए दीदी बरखा आनंद ने कहा, वन के महत्व से हम सभी परिचित हैं। अगर हम इतिहास के पन्नों को पलट कर देखेंगे, तो हम पाएंगे कि पूर्व में वनों का प्रतिशत ज्यादा था, जनसंख्या कम थी, पशुओं की संख्या भी कम थी। इसलिए इसके महत्व के बारे में लोग उतना नहीं सोचते थे। लेकिन, बाद में जनसंख्या वृद्धि, औद्योगिकीकरण, शहरीकरण, संरचनात्मक विकास की वृद्धि के साथ-साथ वनों का विनाश होता गया, जिसका परिणाम आज हाल की घटनाओं के रूप में प्रकट हो रहा है।

उन्होंने कहा, कहीं सूखा तथा कहीं बाढ़, तो कहीं भू स्खलन के रूप में इसका असर हमारे सामने आता है। पेड़-पौधे मनुष्य के लिए ही नहीं, अपितु समस्त जीव-जंतुओं के लिए आवश्यक हैं। इनके अभाव में पर्यावरण संतुलन को बनाए रखना असंभव है। सामूहिक प्रयासों से ही इस महत्वपूर्ण लक्ष्य की प्राप्ति संभव है।आज की संगोष्ठी का शुभारंभ संकीर्तन एवं जागरण भजन से हुआ। झारखंड राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए हुए लोगों का स्वागत राजेश कुमार कोषाध्यक्ष शिव शिष्य परिवार ने किया। शिव शिष्य परिवार के मुख्य सलाहकार अर्चित आनंद ने कहा कि हमें वृक्षों को लगाना चाहिए। हम सभी लोग मिलकर पिछले बीस वर्षों में लगभग एक करोड़ से ज्यादा पौधे लगा चुके हैं और निरंतर इस दिशा में हम काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वायु प्रदुषण से सांस लेने में दिक्कत आती है, घुटन महसुस होती है। आंख, गले और फेफड़े पर इसका सर्वाधिक नकारात्मक और घातक असर पड़ता है। समस्या बहुत गंभीर है। भूमिगत जल का स्तर लगातार नीचे जा रहा है। इसका एक मात्र कारण वृक्षों का कटाव है। पेड़ों की सुरक्षा के लिए इससे बेहतर कुछ भी नहीं हो सकता कि हम वृक्षों को अपना समझें, अपने परिवार का हिस्सा समझें। आनंद ने कहा, हमारे गुरु शिव प्रकृति का अयन करते हैं। वे प्रकृति के पालक हैं, संरक्षक भी हैं। शिव के शिष्य अपने गुरु शिव की बनाई हुई दुनिया के साथ छेड़छाड़ नहीं करते, वरन उसकी सुरक्षा एवं संरक्षण में मनसा-वाचा-कर्मणा तत्पर रहते हैं। प्रोफेसर रामेश्वर मंडल, अध्यक्ष, शिव शिष्य परिवार ने कहा कि शिव की शिष्यता से मन निर्मल किया जा सकता है। स्वस्थ लोग ही स्वच्छ और समृद्ध देश बना सकते हैं। दूसरी ओर, अभिनव आनंद सचिव शिव शिष्य परिवार ने कहा कि वृक्ष आदिकाल से ही मनुष्य के हितैषी रहे हैं।

## रांची के आठ वार्डों में फॉगिंग आज

**रांची।** रांची नगर निगम आगामी सोमवार (25 अगस्त) को आठ वार्डों में विशेष अभियान के तहत फॉगिंग का कार्य करेगा। जिन वार्डों में फॉगिंग का कार्य होगा, उनमें वार्ड **01, 10, 19, 28, 33, 37, 43** एवं **49** शामिल हैं। नगर निगम ने कहा है कि इन वार्डों के निवासी अपने क्षेत्र में फॉगिंग एवं एंटी लार्वा दवा के छिड़काव के लिए निगम के टोल फ्री नंबर 18005701235 पर संपर्क कर सकते हैं।

# रांची उपायुक्त का आज का जनता दरबार स्थगित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

समाहरणालय ब्लॉक-ए में आगामी सोमवार (25 अगस्त) को प्रस्तावित रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजुनाथ भजंत्री के जनता दरबार को स्थगित कर दिया गया है। जनता दरबार का आयोजन अब अगले निर्धारित तिथि पर किया जाएगा। ज्ञात हो कि यह जनता दरबार प्रत्येक सप्ताह सोमवार को आयोजित होता है।

रांची जिला प्रशासन ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अपनी शिकायतों और समस्याओं को दर्ज करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल एवं जन शिकायत के लिए जिला प्रशासन के आधिकारिक व्हाट्सएप अबुआ साथी- 9430328080 पर शिकायत करें।रांची के उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री ने विशेष रूप से कहा कि जिला प्रशासन असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है और नागरिकों से सहयोग की अपील करता है। उन्होंने कहा, हम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर हैं और जल्द ही जनता दरबार के अगले सत्र में सभी के साथ संवाद करेंगे।

# सरना नवयुवक संघ की बैठक में करम पूर्व संध्या समारोह पर हुआ विचार विमर्श

- एकल गीत एवं उद्घोषक-उद्घोषिका प्रतिभागियों के द्वितीय चरण का स्वर परीक्षण भी हुआ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सरना नवयुवक संघ, केंद्रीय समिति, रांची की बैठक रविवार को अध्यक्ष डॉ हरि उरांव की अध्यक्षता में 13, आरआईटी बिल्डिंग, कोर्ट कंपाउंड रांची में हुई। बैठक में आगामी 02 सितंबर 2025 को रांची विश्वविद्यालय, रांची के दीक्षांत मंडप परिसर में होने वाली करम पूर्व संध्या समारोह की तैयारी पर विचार-विमर्श हुआ। साथ ही, एकल गीत एवं उद्घोषक-उद्घोषिका प्रतिभागियों के द्वितीय चरण का स्वर परीक्षण हुआ। यह जानकारी देते हुए संघ के उपाध्यक्ष साधु उरांव ने बताया कि संघ की अगली बैठक 27 अगस्त 2025 को दिन में 01:00 बजे होगी, जिसमें उप समिति गठन करते हुए कार्य विभाजन किया जाएगा। साथ ही, फाइनल स्वर परीक्षण होगा। आज की बैठक में अध्यक्ष डॉ हरि उरांव, उपाध्यक्ष साधु उरांव, कोषाध्यक्ष डॉ बंदे खलखो, डॉ बिरसो उरांव, विकास उरांव, जोहे भगत, सुखराम उरांव, सरिता कुमारी, लक्ष्मण उरांव, जगदीश उरांव, प्रियंका उरांव, जितेश्वर इंदवार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# श्री श्याम मंदिर अग्रसेन पथ में श्री श्याम महोत्सव 28 से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



- धूमधाम से होगा आयोजन, श्री श्याम मंडल रांची की आमसभा में लिया गया निर्णय

श्री श्याम मंडल रांची की एक आमसभा रविवार को श्री श्याम मंदिर के सभागार में आयोजित हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि झारखंड की प्राचीनतम धार्मिक संस्था श्री श्याम मंडल, रांची के 58वें चार दिवसीय वार्षिक श्री श्याम महोत्सव का आयोजन अत्यंत धूमधाम से किया जाएगा। श्री श्याम महोत्सव का आयोजन 28 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक राजधानी रांची के अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में होगा। आज की सभा में विभिन्न उप समातियों और उनके माध्यम से महोत्सव की तैयारियों में समर्पण भाव से कार्य करने तथा मंदिर परिसर की साफ-सफाई व रंग-रोगन पर चर्चा की गई। ज्ञात हो कि प्रति वर्ष महोत्सव में श्री श्याम दरबार का शृंगार एक विशिष्ठ स्थान रखता है। आमसभा में श्री श्याम प्रभु व मंदिर में विराजमान बजरंगबली व कामना शिव परिवार का मनमोहक शृंगार कोलकाता के कुशल मालाकार से कराने का निर्णय लिया गया। महोत्सव में आने वाले भक्तों को पूर्ण सुविधा मिले, इस कार्य का विशेष ध्यान रखा जाएगा। आज की सभा में गोपी किशन ढांढनीयां, चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनीयां, राजकुमार जलान, राजेश सारस्वत, अजय साबू, अमित जलान, अभिषेक डालमिया, प्रदीप अग्रवाल, अजय रूंगटा, प्रदीप अग्रवाल, गौरव परसरामपुरिया आदि उपस्थित थे। ये जानकारी मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने दी।

# डीएवी हेहल में संपन्न हुआ डीएवी स्पोर्ट्स 2025 का राज्य स्तरीय खेल समारोह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची में डीएवी स्पोर्ट्स 2025 का भव्य समापन समारोह रविवार को विद्यालय सभागार में आयोजित किया गया। राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता में (अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्ग) के छात्र-छात्राओं ने शूटिंग (एयर पिस्टल एवं राइफल), एरोबिक्स, कबड्डी, स्विमिंग, स्नूकर एवं बिलियर्ड्स जैसी प्रतिस्पर्धा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश कुमार शर्मा, भाप्रसे, सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड सरकार थे। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों और टीमों को सम्मानित करते हुए अपने संबोधन में कहा, खेल केवल जीत-हार का नाम नहीं है, बल्कि यह आत्मविश्वास, दृढ़ता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम है। विद्यालय के प्राचार्य सह-सहायक क्षेत्रीय अधिकारी, डीएवी झारखंड, जोन-जी बिपिन राय ने अतिथि का स्वागत करते हुए कहा, ऐसे आयोजन छात्रों की छिपी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करते हैं। इस अवसर पर डीएवी, बोकारो के प्राचार्य संजीत कुमार मिश्रा, डीएवी, गुमला के प्राचार्य आरके साहू एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विभिन्न डीएवी विद्यालयों से आए खेल शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।




## प्रतियोगिताओं के परिणाम

**शूटिंग (ओवरऑल चैंपियन मिक्स कैटेगरी)**

बालक वर्ग
- **विजेता** - डीएवी हेहल, रांची
- **उपविजेता** - डीएवी, खूंटी
- बालिका वर्ग
- **विजेता** - डीएवी हेहल, रांची
- **उपविजेता** - डीएवी बरियातू, रांची
- स्विमिंग

बालक वर्ग
- **विजेता** - डीएवी पब्लिक स्कूल, तेनुघाट
- **उपविजेता** - डीएवी बिष्टुपुर, जमशेदपुर

बालिका वर्ग
- **विजेता** - डीएवी बिष्टुपुर, जमशेदपुर
- **उपविजेता** - टाटा डीएवी, जमाडोबा, धनबाद

**कबड्डी (बालिका वर्ग)**

अंडर-19 वर्ग
- **विजेता** - डीएवी, कोयलानगर, धनबाद
- **उपविजेता** - डीएवी,बरकाकाना

अंडर-17 वर्ग
- **विजेता** - डीएवी,गांधीनगर, रांची
- **उपविजेता** - डीएवी आरा, कुज्जू

अंडर-14 वर्ग
- **विजेता** - डीएवी, गांधीनगर, रांची
- **उपविजेता** - डीएवी इस्पात सेक्टर-9-ए, बोकारो

**कबड्डी (बालक वर्ग)**

अंडर-14 वर्ग
- **विजेता** - डीएवी हेहल, रांची
- **उपविजेता** - डीएवी, गांधीनगर, रांची।

अंडर-17 वर्ग
- **विजेता** - डीएवी, गांधीनगर, रांची
- **उपविजेता** - डीएवी, लोहरदगा

अंडर-19 वर्ग
- **विजेता** - डीएवी, गांधीनगर, रांची
- **उपविजेता** - डीएवी, कठारा

**एरोबिक्स (बालक वर्ग-टीम प्रतियोगिता) :**

अंडर-14 वर्ग
- **विजेता** - डीएवी, कपिलदेव
- **उपविजेता** - डीएवी, खलारी

अंडर-17 वर्ग
- **विजेता** - डीएवी हेहल
- **उपविजेता** - डीएवी कपिलदेव, रांची

अंडर-19 वर्ग
- **विजेता** - डीएवी हेहल, रांची
- **उपविजेता** - डीएवी कपिलदेव, रांची

**एरोबिक्स (बालिका वर्ग-टीम प्रतियोगिता)**

अंडर-14 वर्ग
- **विजेता** - डीएवी, अनंदस्वामी, रांची
- **उपविजेता** - डीएवी, हजारीबाग

अंडर-17 वर्ग
- **विजेता** - टीएस डीएवी, पूर्वी सिंहभूम
- **उपविजेता** - डीएवी, गढ़वा

अंडर-19 वर्ग
- **विजेता** - डीएवी, हेहल, रांची
- **उपविजेता** - डीएवी कपिलदेव, रांची




खलारी के स्वास्थ्य शिविर में बच्चों व अभिभावकों की हुई निःशुल्क जांच

# स्वास्थ्य अमूल्य निधि है, इसके प्रति जागरूक रहने की जरूरत : डीके गुप्ता

नवीन मेल संवाददाता




**खलारी।** डीएवी स्कूल, खलारी में शनिवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ सीसीएल एनके एरिया के महाप्रबंधक डीके गुप्ता, अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा सीमा गुप्ता, केंद्रीय अस्पताल डकरा के चिकित्सक डा अनंत कुमार तथा विद्यालय के प्राचार्य डा कमलेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य ने कहा कि शिविर का उद्देश्य बच्चों और उनके परिवारजनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। स्वस्थ बच्चे ही नियमित विद्यालय आकर पढ़ाई में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर महाप्रबंधक डीके गुप्ता ने स्वास्थ्य को जीवन की सबसे अमूल्य पूंजी बताते हुए कहा कि इसे सुरक्षित और संतुलित रखना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यालय के इस प्रयास को सराहनीय बताया और सीसीएल की ओर से यथासंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। डा अनंत कुमार एवं उनकी टीम ने बच्चों और उनके अभिभावकों के स्वास्थ्य की जांच की। कुल 62 लोगों की सर्दी, खांसी, बुखार, रक्तचाप सहित अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की गई और जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। विद्यालय का पूरा स्टाफ भी जांच में शामिल हुआ। शिविर में पहुंचे अतिथियों का स्वागत प्राचार्य ने गुलदस्ता भेंटकर किया तथा अंत में चिकित्सकों व उनकी टीम को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के सुपरवाइजरी हेड कंचन सिंह ने किया। मंच संचालन शिक्षिका प्रेरणा सिंह ने किया।

## दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण को लेकर भूमि पूजन तैयारियां शुरू



**खूंटी।** जिले में दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू कर दी गयी है. कई जगहों पर पूजा पंडाल का भी निर्माण शुरू कर दिया गया है. इसी के तहत सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, नेताजी चौक खूंटी के पूजा पंडाल का कार्य रविवार को शुरू किया गया. इसके लिए रविवार को भूमि सह खूंटा पूजन किया गया. लगातार हो रही बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में समिति के सदस्य पूजा आयोजन में उपस्थित हुए. विधिवत तरीके से अनुष्ठान पंडित पंकज मिश्रा ने संपन्न कराया. जिसमें समिति की ओर से यजमान के रूप में कुमार सौरभ और सुनील साहू शामिल थे. इस अवसर पर सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति नेताजी चौक के पदाधिकारियों ने हर वर्ष भांति इस वर्ष भी भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन करने का संकल्प लिया. पूजा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष समिति के द्वारा महाभारत थीम पर आकर्षक पंडाल बनाया जा रहा है. महाभारत से संबंधित झांकियां और साज- सज्जा श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगी. इस अवसर पर समिति के नकुल भगत, लव चौधरी, कुंतल हाजरा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे.

## न्यूज बॉक्स

### रांची रैली में जाने के क्रम में मांडर टॉल प्लाजा में लोगों ने किया हंगामा



**मांडर ।** टॉल प्लाजा में रविवार को एक सार्वजनिक कार्यक्रम में जा रहे लोगों ने हंगामा किया। रैली में जा रहे लोगों ने टोल टेक्स वसूली को लेकर मांडर स्थित टोल प्लाजा में रविवार दिन के 12 बजे कुछ लोग रांची रैली में जा रहे थे इसी दौरान टोल टेक्स वसूली को लेकर मामला बढ़ा। इसके बाद लोगों ने हंगामा कर दिया। उनका कहना था कि स्थानीय लोग किसी कार्यक्रम में जा रहे हैं उनसे टोल प्लाजा के द्वारा टोल का वसूली किया जा रहा है। जिसका विरोध हम लोग कर रहे हैं। हंगामा के साथ लोगों ने नेशनल हाईवे 39 टोल प्लाजा के पास जाम कर दिया। लोगों ने टॉल कर्मियों पर दुर्व्यवहार और मनमानी का आरोप लगाया और कुछ देर के लिए रांची-डाल्टेनगंज मार्ग को जाम कर दिया। लोगों ने अपनी गाड़ियों को गलत लेन में घुसा दिया था, जिसे टॉल कर्मियों ने वापस करने को कहा। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। आसपास के लोगों और टॉल मैनेजर के समझाने पर लोग मान गए और रोड जाम हटाकर कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए। हालांकि, मामले को लेकर किसी पक्ष द्वारा थाने में आवेदन नहीं दिया गया है।

### 8वीं सेपक टकरा सीनियर एवं जूनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का समापन




**रांची।** 8वीं सेपक टकरा सीनियर एवं जूनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आज सफल समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में राज्य की 12 इकाइयों की टीमों ने सीनियर और जूनियर वर्ग में भाग लिया और शानदार खेल का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रदेव महतो, विधायक (सिंदरी) उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपक कुमार (शाखा प्रबंधक, एचडीएफसी बैंक हिरक ब्रांच), एस. एन. लाल त्यागी (सचिव, विकास फोरम गोविंदपुर), श्रीमती सपना अग्रवाल (सचिव, लायंस क्लब गोविंदपुर) एवं डॉ. आर. के. शर्मा (जिला चेयरपर्सन, चिल्ड्रन आर्ट डेवलपमेंट, लायंस क्लब इंटरनेशनल) शामिल हुए। क्रीसेंट इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में हुए इस आयोजन का संचालन झारखंड सेपक टकरा एसोसिएशन के पर्यवेक्षण में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के डायरेक्टर ईशा शमीम एवं प्रिंसिपल विजेता दास ने किया था। समापन अवसर पर मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उत्साह एवं खेल भावना की सराहना की और कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ राज्य के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक अमरेंद्र दत्त द्विवेदी सहित शशिकांत पांडे, अभिषेक पांडे, गोकुलानंद मिश्रा, शिवा कुमार महतो, द्वेष कुमार तिवारी, शबाना प्रवीण, प्रवीण कुमार, अली रज़ा, गोपाल मुंडा का विशेष योगदान रहा

## बंगाल की खाड़ी से उठी तूफ़ान का असर नदियां उफान पर जनजीवन प्रभावित



**बुढ़मू।** प्रखंड क्षेत्र में दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण सामान्य जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। क्षेत्र में दर्जनों कच्चे मकान की गिरने की सूचना है। वही एकैसी महादेव मंदिर जलमग्न हो गए है दो दिनों से नियमित पूजा पाठ बन्द है। वहीं बुढ़मू- खलारी मुख्य मार्ग के ओझासाड़म नदी अपने उफ़ान पर है,और पूल के उप्पर से जल का बहाव हो रहा हैं,प्रखंड मुख्यालय से कई गांव कट गए हैं। बैंक मोड़ स्थित एक मकान के कमरों में पानी भर गया है।खेत मे लगे सब्जी बर्बाद हो गई जिससे किसानो को भारी नुक्सान उठाना पड़ा। पशुधनो को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## बालारी नदी में दो वर्ष पूर्व बना चेकडैम टूटा, फसल बर्बाद

**कर्रा।** कर्रा प्रखंड में लगातार बारिश के कारण भारी नुकसान हुआ है. कर्रा के पहाड़ टोली गांव स्थित बालारी नदी में दो वर्ष पूर्व बना चेकडैम टूट गया. जिसके कारण पहाड़ टोली गांव के कई किसानों की फसल बर्बाद हो गयी. चेक डैम के टूटने से तेज बहाव के साथ पानी खेतों में भर गया. इससे चैतन मुंडा का करीब 70 डिसमिल, जीतपहान मुंडा का 70 डिसमिल, पंचु मुंडा का 30 डिसमिल, बुधवा मुंडा का 30 डिसमिल, लच्छु मुंडा का 10 डिसमिल और बरतूं मुंड़ा का 10 डिसमिल खेत नदी में तब्दील हो गया. किसानों ने बताया कि चेक डैम निर्माण कार्य के दौरान सही से गार्डवाल का निर्माण नहीं कराया गया था. जिसके कारण चेक डैम टूट गया. इसके कारण हम लोगों का खेत खत्म हो गया है. किसानों ने मुआवजा की मांग की है. लगातार बारिश के कारण कर्रा के सिलमा गांव के अफरोज मियां और काला मुच्छिया गांव के गुमदा मिंज का घर पूरी तरह ध्वस्त हो गया. अफरोज मियां ने बताया कि दो दिनों से अपने परिवार के साथ पड़ोसी के घर शरण लिये हुये हैं. घर के चारों तरफ पानी भर गया है.

कलश स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा के साथ छह दिवसीय गणेशोत्सव का शुभारंभ

# छह दिनों तक गणपति बप्पा के भक्ति और श्रद्धा में डुबकी लगाएंगे श्रद्धालु

नवीन मेल संवाददाता

- प्रतिमा विसर्जन के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। छह दिनों तक चलने वाली गणेश उत्सव के दौरान सभी दिनों में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे



**बेड़ो।** श्री राधे कृष्ण यूथ संगम बेडो. के तत्वावधान में 27 अगस्त से एक सितंबर तक बेडो. थाना परिसर में चलने वाली छह दिवसीय गणेशोत्सव की व्यापक तैयारियां की जा रही है। भव्य एवं विशाल पंडाल बनकर तैयार किया जा रहा है। 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। आयोजन समिति के अंकित सोनी और शिवेन्द्र सौरभ ने संयुक्त रूप से बताया कि 27 अगस्त दिन बुधवार को गणेश चतुर्थी के पावन मुहूर्त पर प्रातः 10:00 बजे कलश स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा, प्रातः आरती, पुष्पांजलि के साथ गणपति बप्पा उत्सव का भव्य शुभारंभ किया जाएगा। एक सितंबर को संध्या चार बजे भव्य विसर्जन शोभायात्रा और प्रतिमा विसर्जन के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। छह दिनों तक चलने वाली गणेश उत्सव के दौरान सभी दिनों में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक दिन विद्युत चालित प्रतिमाओं का कार्यक्रम एवं भंडारा आयोजित किया जाएगा। वहीं पंडाल निर्माण में पश्चिम बंगाल के झालदा के मुस्लिम समुदाय के मुख्य कारीगर शाहीद अंसारी के नेतृत्व में आलम अंसारी, महताज अंसारी, खैबर अंसारी, हैदर अंसारी, मुमताज अंसारी के साथ साथ गणेश महतो छोटू महतो दासु महतो तथा चरण बाऊरी दिन रात पंडाल निर्माण को अंतिम रूप देने में लगे हैं। लगभग 10 लाख रुपए की लागत से पंडाल निर्माण व अन्य खर्चे में बजट का प्रावधान किया गया है। शाहीद अंसारी ने बताया कि बारिश के कारण रंग रोगन में कठिनाई आ रही है मौसम यदि ठीक रहा तो सही समय पर रंग रोगन भी कर लिया जाएगा। शाहीद ने बताया कि पंडाल का निर्माण एवं उसकी रूपरेखा मुख्य रूप से उनके मालिक प्रभात हलधर के दिशा-निर्देश के आलोक में किया गया है। उधर पूरे बेड़ो को विद्युत चालित सज्जा के साथ तोरण द्वार बनाए गए हैं और बेड़ो के मुख्य सड़क को सजाया जा रहा है। भक्ति गीतों के लिए जगह-जगह साउंड सिस्टम लगाया जा रहा है।

# रिम्स-2 विवाद : शिबू सोरेन का मास्क पहनकर सड़कों पर उतरे किसान




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रिम्स-2 भूमि विवाद को लेकर आंदोलनरत किसानों और आदिवासी संगठनों ने शनिवार को विरोध का नया तरीका अपनाया। पिठौरिया और नगरी क्षेत्र में किसानों ने पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का मास्क पहनकर सड़कों पर मार्च किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि शिबू सोरेन झारखंड की अस्मिता और आदिवासी हक़ की पहचान हैं, इसलिए उनकी तस्वीर और मास्क पहनकर यह संदेश दिया गया है कि "हम अपनी जमीन छोड़ने वाले नहीं हैं।"



**तमाड़ : पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पुत्र बाबुलाल को तमाड़ थाना अंतर्गत डोड़ेया मोड़ में रोका गया। उनके साथ समर्थक भी हैं साथ।**

## खलारी में किशोरी के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

- पूछने पर बच्ची ने बताया कि रास्ते में आरोपी ने उसे बहला-फुसलाकर मिठाई देने का लालच दिया और घर के अंदर ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया



**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के जी टाईप, खलारी में 13 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। पीड़िता की मां ने शनिवार देर रात खलारी थाना में लिखित आवेदन देकर मामले की जानकारी दी। शिकायत में बताया गया कि शनिवार शाम करीब 5 बजे किशोरी यह कहकर घर से निकली थी कि वह पास में रहने वाली एक महिला के घर जा रही है। लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटने पर मां खोजबीन करते हुए उक्त महिला के घर पहुंचीं, जहां बताया गया कि बच्ची वहां आई ही नहीं। इस बीच पास ही में रहने वाले आरोपी जान मिंज उर्फ बुधू के घर का दरवाजा बंद मिला, जबकि सामान्यतः उसका दरवाजा खुला रहता था। शक होने पर जब दरवाजा खोला गया तो भीतर किशोरी को रोते हुए मिली। पूछने पर बच्ची ने बताया कि रास्ते में आरोपी ने उसे बहला-फुसलाकर मिठाई देने का लालच दिया और घर के अंदर ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने और शोर मचाने पर आरोपी ने मार डालने की धमकी भी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने खलारी थाना कांड सं. 59/25, दिनांक 23.08.2025 दर्ज किया है। आरोपी जान मिंज उर्फ बुधू को भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं एवं पाक्सो एक्ट के अंतर्गत अभियुक्त बनाया गया। पुलिस जांच में घटना सत्य पाए जाने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## झामुमो ने केंद्र सरकार का किया पुतला दहन




खूंटी। केंद्र सरकार के द्वारा सदन में 130वां संविधान संशोधन बिल के प्रस्ताव के खिलाफ रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी ने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया. इस अवसर स्थानीय भगत सिंह चौक में झामुमो जिला कमेटी ने केंद्र सरकार का पुतला दहन किया. जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार लोकसभा में काला कानून लायी है. उन्होंने कानून का विरोध किया. इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला सचिव सुशील पहान, मकसूद अंसारी, मनोज मंडल, प्रदीप केसरी, मोजीर अंसारी, शंकर सिंह मुंडा, सनिका बोदरा, देवनाथ मघइया, तौकीर, शेख फिरोज, बिरेंद्र सिंह, असलम अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे.

प्रखंड मुख्यालय परिसर में बीआरपी सीआरपी की बैठक

# बीआरपी सीआरपी न्यायालय का लेंगे शरण : जनक मुंडा

नवीन मेल संवाददाता



**बेड़ो।** बीआरपी सीआरपी अब न्याय के लिए न्यायालय का शरण लेंगे। जल्दी हाई कोर्ट में केस फाइल किया जाएगा। झारखंड सरकार 2005 से लगातार कार्य करने वाले बीआरपी सीआरपी को स्नातक स्तरीय तृतीय वर्ग में समायोजित कर वेतनमान देना सुनिश्चित करें उक्त बातें रांची जिला अंतर्गत बेड़ो, इटकी और लापुंग के सीआरपी बीआरपी संघ की बैठक के दौरान बेड़ो में जिला अध्यक्ष जनक मुंडा ने अपनी बातें रखते हुए कही। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले सभी बीआरपी सीआरपी का स्थायीकरण करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि बीआरपी सीआरपी विद्यालयों से सीधे जुड़े हुए हैं और विभाग हमसे कई तरह के कार्य लेती है। उन्होंने कहा कि झारखंड हाई कोर्ट में बीआरपी सीआरपी समायोजन के लिए केस फाइल किया जाएगा। इसके लिए व्यापक तैयारियां की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता सीआरपी चंद्रमोहन ठाकुर ने किया वहीं बैठक का संचालन विकास कुमार गुप्ता तथा मो जुबैर ने किया। इस मौके पर दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि सरकार हमें स्थायीकरण कर वेतनमान देना सुनिश्चित करें। लगातार 20 वर्षों से काम करने वाले बीआरपी सीआरपी को उसका हक और अधिकार मिलना चाहिए। मो जुबैर ने कहा कि अपने हक और अधिकार के लिए सभी बीआरपी सीआरपी को एकजुट होना होगा। इस मौके पर सुशांत मिश्रा, सुनील कुमार गुप्ता, मनोज कुमार साहु, अजीत कुमार सिंह, दानिश निजाम, अनिरूद्ध कुमार सिंह, श्याम कुमार, शारिक जमाल, प्रशांत कुमार, अब्दुल नासिर, मंटु कुमार साहु सहित कई बीआरपी सीआरपी ने अपनी बातें रखी। इसके पूर्व जिला अध्यक्ष जनक मुंडा का भव्य स्वागत किया गया।

## विद्यार्थियों की जांच परीक्षा सह काउंसलिंग का हुआ समापन



**खूंटी।** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में रविवार को नवमी और दसवीं बोर्ड के मद्देनजर गणित विषय की जांच परीक्षा की गयी. वहीं विद्यार्थियों की काउंसलिंग भी की गयी. संस्थान के निदेशक सह शिक्षक सकलदीप भगत ने कहा कि मैट्रिक की परीक्षा से पहले छात्र-छात्राएं प्रत्येक रविवार परीक्षा में शामिल होकर अपनी तैयारी का आकलन कर पायेंगे. जिले का कोई भी विद्यार्थी इस परीक्षा में निःशुल्क शामिल हो सकता है. परीक्षा में सर्वाधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को आगामी परीक्षा से पहले सम्मानित किया जाएगा. उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से कहा कि प्रत्येक विषय की समय सारणी बना कर परीक्षा की तैयारी करें और सोशल मीडिया से दूरी बना कर रहें.

## धनबाद प्रशासन का बड़ा फैसला अब बिना हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल

**धनबाद।** धनबाद में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए दो पहियावाहन चालकों के लिए नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान चलाया जाएगा। साथ ही बैरियर तोड़कर अवैध कट बनाने वालों पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। एनएच पर घर बनाने वालों को झमाडा से नक्शा पास कराते समय एनएच से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा। यह निर्णय शनिवार को डीसी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिया गया। बैठक में डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी ने बताया कि इस वर्ष जनवरी से जुलाई तक जिले में 236 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। 135 दुर्घटना के घातक परिणाम आए हैं जबकि 76 में लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इसमें 102 दुर्घटना ओवरस्पीड, 19 रॉन्ग साइड में वाहन चलाने, 21 ओवरटेकिंग, 54 अंधेरा, 8 ड्रंक एंड ड्राइव, 8 नाबालिग द्वारा वाहन चलाने, 14 वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने के कारण व 10 अन्य कारणों से हुई है। इस पर समिति ने चिंता व्यक्त की तथा हादसों को कम करने की दिशा में कदम उठाने का निर्णय लिया गया। बैठक में संत निरंकारी चौक, सिंबायोसिस स्कूल, गोविंदपुर चौक व निरसा चौक के पास बैरिकेडिंग करने, वन विभाग, पथ निर्माण विभाग, एनएच, गैस अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड, जेबीवीएनएल, पीएचईडी के रखे अनुपयोगी सामान हटाने, ब्लैक स्पॉट, सड़क पर घूमने वाले आवारा पशुओं, सड़क पर यात्री शेड, जिसका उपयोग नहीं हो रहा है और जो जर्जर हो चुके हैं।

### स्व राम दयाल मुंडा की जयंती पर कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय बुंडू रांची में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित




**रांची।** रविवार को जीवन ज्योति केंद्र कि ओर से महान शिक्षाविद एवं झारखंड के सुप्रसिद्ध लोक कलाकार पद्मश्री स्व राम दयाल मुंडा जी की जयंती पर बुंडू स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय में कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। "जे नाची से ब ।ची " सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत बच्चों ने कई मनमोहक प्रस्तुति देकर सबका दिल जीत लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय कि भूमिका देवी, जीवन ज्योति केंद्र कि रंजना भारती एवं गुरुवा लोहार उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारभ पद्मश्री स्व राम दयाल मुंडा जी के तस्वीर पर मालार्पण कर उन्हें याद कर किया गया । इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में सैकड़ों बच्चों ने गीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। बच्चों ने गीत और नृत्य के माध्यम से झारखंड की मिट्टी और संस्कृति की अद्भुत झलक दिखाई।साथ ही साथ जल ,जंगल जमीन की रक्षा का संदेश भी दी। बच्चों ने कार्यक्रम के जरिए स्व राम दयाल मुंडा जी की जीवनी भी प्रस्तुति देकर उनको याद किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया।

### तीन दिनों से हो रही भारी बारिश से जिले में जन जीवन अस्त व्यस्त

# राष्ट्रीय राजमार्ग हुआ जलमग्न वाहन परिचालन हुआ बाधित घरों में घुसा पानी





**नवीन मेल संवाददाता**

रामगढ़। रामगढ़ जिले में पिछले तीन दिनो से लगातार हो रही बारिश से जिले तक जन जीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है । बारिश के कारण जहां लोग घरों से कम निकल रहे हैं वहीं सड़क पर वाहन भी कम नजर आ रहे हैं। वाहन परिचालन में परेशानी का कारण बनी बारिश : बारिश के कारण एनएच 23 और एनएच 33 पर जहग जगह जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है । जिस कारण वाहन चालकों को वाहन चलाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**रजरप्पा में दामोदर और भैरवी जलस्तर उफान पर :** जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण रजरप्पा स्थित माता छिन्नमस्तिके मंदिर के निकट बहनेवाले दामोदर और भैरवी का जल स्तर उफान पर है । जिस कारण मंदिर प्रबंधन समिति ने श्रद्धालुओं से सावधानी बरतने और गहरे पानी में नही जाने की अपील की है। इस संबंध में प्रबंधन समिति के छोटू बाबा ने कहा कि दामादोर और भैरवी का जलस्तर लगातार बारिश के कारण काफी बढ़ गया है। इसलिए श्रद्धालु स्नान में पूरी सावधानी बरतें। वहीं, भैरवी नदी का जलस्तर मुख्य मंदिर के सीढ़ियों तक पहुंच गया है।

**पतरातू डैम के सभी गेट खोले गए :** लगातार बारिश के कारण पतरातू डैम का जलस्तर काफी बढ़ जाने के कारण पतरातू डैम के सभी 8 गेट खोल दिये गए हैं। जिस कारण दामोदर नदी का जलस्तर बढ़ गया है। दामोदर में बढे जलस्तर के कारण सुरक्षा को ध्यान में रखकर लोगों से नदी के किनारे नही जाने की अपील की जा रही है।

## डायन बिसाही कांड का फरार 52 वर्षीय तांत्रिक गिरफ्तार, पांच अभी भी हैं फरार

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही ।** बीते 18 जुलाई को बसरिया ऊर्फ पंचमाधव पंचायत के जरहिया गांव में घटित डायन बिसाही मामले में पुलिस ने दूसरे फरार अभियुक्त तांत्रिक 52 वर्षीय बिनोद पांडेय पिता स्व पांडेय ग्राम खांडी थाना चंदवारा जिला कोडरमा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. अभियुक्त तांत्रिक पांडेय पर जरहिया की ही एक वृद्धा विधवा के साथ सर का बाल कटवाने, शरीर के विभिन्न अंगों पर ब्लेड से कटवाने, निर्वस्त्र करवाने आदि जैसे कई जघन्य कर्मकांड करवाने के आरोप हैं. इस मामले में बरही थाना में 20 जुलाई को सुसंगत धाराओं के तहत कांड संख्या 268/25 दर्ज किया गया था. मामले में जरहिया निवासी सुरेश यादव पिता स्व युगल यादव, विनोद यादव पिता स्व रामसहाय यादव, मनी यादव पिता स्व चुनी यादव, शंभू यादव पिता स्व दीपू महतो, मनोरमा देवी पति शंभू यादव, किरण देवी पति सुरेश यादव और गिरफ्तार ओझा पांडेय को अभियुक्त बनाया गया था. जिसमे शंभू यादव को पुलिस तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेज दी थी. शेष अभियुक्त फरार चल रहे थे. उक्त जानकारी इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विनोद कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि शेष आरोपी भी शीघ्र हीं पकड़े जाएंगे.

## विशेष प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम का आयोजन

**हजारीबाग।** मुख्यमंत्री सारथि योजना के अंतर्गत विशेष प्लेसमेंट ड्राइव एवं टूलकिट वितरण कार्यक्रम का आयोजन आइसेक्ट विश्वविद्यालय कैंप हजारीबाग में किया गया। स्वरोज़गार को बढ़ावा देने की दिशा में आइसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र, हजारीबाग के पांच प्रशिक्षार्थियों और साई ब्यूटी के तीन प्रशिक्षार्थियों को टूलकिट भी प्रदान किए गए। प्लेसमेंट ड्राइव में रॉयल क्लासिक, केपीआर मिल और 2050 हेल्थकेयर सहित स्थानीय नियोक्ताओं ने भाग लिया। इन कंपनियों ने प्रशिक्षार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाई। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम प्रशिक्षण एवं रोजगार के बीच सेतु का कार्य करते हैं। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराते हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता और स्वरोज़गार की दिशा में भी उन्हें प्रोत्साहित करते हैं। मौके पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ प्रबंधक रितेश कुमार, राज्य समन्वयक अशुतोष शर्मा, जिला नियोजन पदाधिकारी प्रकाश पांडेय आदि मौजूद थे।

### सड़क निर्माण में हो रही है लापरवाही

## चौड़ीकरण के नाम पर छह माह के बाद भी काम नहीं हुआ पूरा




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** दिल्ली टु कोलकाता जाने वाली मुख्य सड़क निर्माण में भारी लापरवाही बरती जा रही है। सड़क निर्माण कौशल इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड के द्वारा की जा रही है। चोरदहा चौपारण से गोरहर तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य की जा रही है। सड़क चौड़ीकरण का कार्य बीते छह वर्ष से की जा रही है। इस दौरान सड़क को कई जगह वर्षों से वन वे की है। सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिसके कारण आए दिन हादसा होते रहती हैं। लेकिन निर्माण एंजेसी की उदासीनता और कछुए की चाल से राहगीर परेशान हैं। वहीं बरकट्ठा बाजार में पिलर खड़ा कर छोड़ दिया गया हैं। आधी अधूरी सड़क राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया है। थोड़ी सी चुक होने पर लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। इस सबंध में उप मुखिया अरुण कुमार ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण का कार्य की जा रही है। सड़क निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। सड़क बनते ही फटने शुरू हो जा रही है।

## दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**इचाक।** प्रखंड के केएन 2 स्कूल के समीप स्थित खेल मैदान में खेलो झारखंड प्रखंड स्तरीय दो दिनी प्रतियोगिता बुधवार को शुरू हुआ। जिसका उद्घाटन अंचल अधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता,बीईईओ नागेश्वर सिंह,बीपीओ डॉ वंदना श्रीवास्तव ने किया। सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता ने कहा कि खेल के क्षेत्र में नौनिहालों ने प्रमंडल,राज्य एवं देश स्तर पर इचाक का नाम रौशन किया। इसे बरकरार रखते हुए खेलो झारखंड प्रतियोगिता में यहां के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करेंगे ऐसी उम्मीद है। बीपीओ डॉ वंदना श्रीवास्तव ने कहा कि दो दिवसीय प्रतियोगिता में एथलेटिक्स दौड़, खोखो,फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, भाला फेंक, हाई जंप, लॉन्ग जंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सरकारी विद्यालय के छात्र छात्राएं शामिल होंगे। खेल के पहले दिन विभिन्न खेलों में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## कोनहारा कला टीम ने पांतितीरी को पेनाल्टी शूटआउट में चैंपियन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के ग्राम लोकिया में यादव स्पोटिंग क्लब के तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का चैंपियन कोनहारा कला बना। फाइनल मैच में कोनहारा कला ने पांतितीरी टीम को पेनाल्टी शूटआउट में 5-3 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। टूर्नामेंट में कुल 24 टीमों ने भाग लिया। वहीं पुरस्कार वितरण समारोह में जिप सदस्य कुमकुम देवी और उप प्रमुख सुरजी देवी ने विजेता टीम को 15000 और उपविजेता को 11000 रुपए देकर पुरस्कृत किया । मौके पर जिप सदस्य कुमकुम देवी ने कहा कि शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेलकूद प्रतियोगिता जरुरी है। युवा वर्ग शिक्षा के साथ साथ खेलकूद प्रतियोगिता से भी अपनी कैरियर बना सकते हैं। मौके पर उप प्रमुख प्रतिनिधि उत्तिम महतो, राजेन्द्र यादव, रोहित यादव, अनिल यादव, मनोज यादव, रवि यादव, कुलदीप यादव क्रिश यादव समेत आदि लोग मौजूद थे।

## महंगे दाम में उर्वरक की बिक्री को लेकर दुकान में हुई जांच

**बरकट्ठा।** खाद उरवर्क की किल्लत और किसानों को महंगे दाम को लेकर किसानो को हो रही समस्या पर संज्ञान लेते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी अशोक ठाकुर, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक चिन्ताहरण पाठक ने विभिन्न खाद बीज दवा दुकान की जांच की। पदाधिकारी ने दुकानों का स्टॉक पंजी, पोश मशीन मे दर्ज़ स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया। बीएओ ने खाद बीज के दुकानदारों को उचित मूल्य पर किसानों को खाद उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बिक्रेताओं को सख्त निर्देश दिया कि खाद की बिक्री निर्धारित मूल्य से अधिक करने पर विभागीय कार्रवाई के साथ अनुज्ञप्ति रद्द किया जाएगा। किसी भी किसान को सही दामों में खाद की आपूर्ति करें और उनलोगों से उचित दाम लें ताकि किसानों को खेती करने में राहत महसूर हो। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### सीएचसी में फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम को लेकर बैठक आयाजित

## बैठक में बीडीओ व चिकित्सा प्रभारी ने अद्यतन स्थिति की ली जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**




**बरकट्ठा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रोसमा डुंगडूग की अध्यक्षता में राष्ट्रीय फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम 2025 के सफल संचालन एवं लक्ष्य प्राप्ति को लेकर द्वितीय प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में उक्त कार्यक्रम के तहत अब तक प्रखंड अंतर्गत हुए कार्यो की समीक्षा की गई तथा किन क्षेत्रों में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, विषय पर चर्चा हुई ।इस दौरान कार्यक्रम के सफल संचालन एवं जन जागरूकता को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। वहीं प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में पीरामल फाउंडेशन से साहिल गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न टीमों की तैयारी की समीक्षा की तथा जिन-जिन क्षेत्रों में चुनौतियां हैं उनके समाधान पर भी विचार विमर्श किया। इस दौरान बीडीओ व चिकित्सा प्रभारी रत्न रानी कुंज ने कार्यक्रम के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा इसमें और गति देने पर बल दिया। वहीं बैठक में पंचायती राज प्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं की भूमिकाओं पर विशेष जोर दिया गया ।उपस्थित सभी सदस्यों ने कार्यक्रम की सफलता के लिए बहुमूल्य सुझाव दिए और मिलकर अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया ।मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नीलू रानी, बीपीएम रंजीत कुमार सिंह ,बीडीएम सत्यनारायण कुमार ,एमपीडब्ल्यू अनिल कुमार ,बीएफटी प्रकाश पंडित, पंचायत समिति सदस्य बेड़ोकला युसूफ अंसारी समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।

### अखंड भारत स्मृति दिवस पर हिंदू जागरण मंच की संगोष्ठी का हुआ समापन

## सिंधु से रावी तट सबकुछ हमारा है वह हमारे भारतभूमि का अभिन्न अंग हैं : विक्रम शर्मा

**नवीन मेल संवाददाता**

- **श्री शर्मा ने कहा कि लाहौर से करांची तक हमें तो अपना रांची नजर आता है,अखंड भारत सिर्फ एक सपना नहीं बल्कि हमारे नजरों में तैरता हुआ जीवंत ज्वाला है**



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में अखंड भारत स्मृति दिवस पर हिंदू जागरण मंच के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष सत्यजीत चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। संगोष्ठी में उपस्थित हुए प्रांत एवं जिले के पदाधिकारियों सहित सभी श्रोताओं के माथे पर तिलक लगाकर पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच पर उपस्थित अतिथियों के परिचय के बाद भारत माता की तस्वीर पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मंचस्थ्य जिलाध्यक्ष सत्यजीत चौधरी,डॉक्टर अपूर्वा, सिंधु झा, धनंज यप्रसाद, अमरनाथ सरकार एवं सैकड़ों श्रोताओं की उपस्थिति में हिंदू जागरण मंच के प्रांत के संयोजक विक्रम शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि लाहौर से करांची तक हमें तो अपना रांची नजर आता है,अखंड भारत सिर्फ एक सपना नहीं बल्कि हमारे नजरों में तैरता हुआ जीवंत ज्वाला है और एक ना एक दिन अखंड भारत हम लेकर रहेंगे क्योंकि सिंधु से रावी तट सबकुछ हमारा है। हमारे भारतभूमि का अभिन्न अंग है। देश के बंटवारे का दर्द हम कभी भी भूल नहीं सकते क्योंकि स्वतन्त्रता काल खंड में लाखों लोगों ने बिना वजह से अपने जान दंगों में गँवाया है। कहा की एक मूर्खतापूर्ण निर्णय ने ना जाने कितने मांग के सिंदूर उजाड़ दिए,कितने माँ के कोख सुनी हो गई ।जबतक अखंड भारत में भगवा नहीं लहराएगा तब तक स्वतन्त्रता के कोई मायने नहीं। इसलिए हम सबने ठाना है हमें अखंड भारत बनाना है। हमारे सभी कार्यकर्त्ता कमर कसकर अपने लक्ष्य के प्रति अर्जुन के आंख के तरह दृष्टि बनाएं रखें । वहीं, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विद्या भारती की स्वयंसेविका सह मानवाधिकार परिषद की प्रदेश अध्यक्षा ने अखंड भारत के संकल्प पर अपना वक्तव्य में कहा की भारत राम कृष्ण की जन्मभूमि है फिर कोई लक्ष्य हमसे दूर कब तक रह सकता है। हमारे लिए हमारा राष्ट्र ही हमारा प्राण है। जिस प्रकार भगवान राम ने रावण मारकर, लंका को मिट्टी में मिलाकर धर्म की स्थापना की थी, जैसा वेदों में वर्णित है की भगवान कृष्ण ने कंस को मारकर और पांडव का साथ देकर धर्म की स्थापना की थी,ठीक उसी प्रकार हमें इस संगठन का संवाहक बनकर एक नए और पूरे अखंड भारत का निर्माण करना है।

## दहेज के लिए नवविवाहिता की हत्या का लगाया आरोप, पिता ने दिया थाने में आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चुगलामो गांव में दहेज लोभियों ने एक नवविवाहिता की जान ले ली। मृतका की पहचान कल्याणी कुमारी राजेश रविदास के रूप में की गई है। घटना विगत शुक्रवार की है। इस सबंध में मृतका के पिता कैलाश राम, ग्राम-बाराटांड़, बरही निवासी ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही उनकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल 2024 को हिन्दू रीति-रिवाज से बेटी का विवाह राजेश रविदास से हुआ था। विवाह के समय सामर्थ्य अनुसार उपहार दिए गए थे, फिर भी ससुराल वाले लगातार अतिरिक्त दहेज की मांग करते रहे। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया कि शुक्रवार को दोपहर करीब 3 बजे फोन कर उन्हें सूचना दी गई कि उनकी पुत्री की मृत्यु हो गई है। बाद में जानकारी मिली कि दिन के 11 से 12 बजे के बीच कल्याणी को जहर खिलाकर उसकी हत्या कर दी गई। आरोपितों में पति राजेश रविदास, सास कुंती देवी, ससुर गोविंद रविदास और ननद संगीता देवी व पूजा कुमारी शामिल हैं। सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने कहा कि परिजनों के लिखित आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### एनजीटी की रोक के बावजूद जारी है बालू का अवैध परिवहन



**बरकट्ठा।** एनजीटी की रोक के बावजूद प्रखंड क्षेत्र में अवैध बालू परिवहन थमने का नाम नहीं ले रहा है। संगठित नेटवर्क के सहारे बालू कारोबारियों का धंधा लगातार फल-फूल रहा है ।शनिवार की सुबह करीब 6 बजे बरकट्ठा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गुंजरा मोड़ से बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त किए। थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने बताया कि पकड़े गए वाहनों में एक महिंद्रा, दूसरा पावर ट्रैक और तीसरा आईसर कंपनी का है। सभी ट्रैक्टरों को थाने लाया गया है और उनके विरुद्ध कांड संख्या 103/25 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है ।गौरतलब है कि एनजीटी ने 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू खनन व परिवहन पर रोक लगाई है। इसके बावजूद प्रखंड क्षेत्र में कीपर और ट्रैक्टर के जरिए धड़ल्ले से बालू ढोया जा रहा है।

### कुओं में ब्लीचिंग पाउडर डालकर बीमारियों से बचाव की पहल : सुधीर मंगलेश



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड अंतर्गत ईचातू पंचायत के ईचातू गांव में रविवार को स्थानीय विधायक ममता देवी के निर्देशानुसार स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता एवं मीडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश के नेतृत्व में गांव के कई कुओं में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया बरसात के दिनों में कुओं का जलस्तर ऊपर हो जाता है, जिससे कई तरह के बरसाती कीटाणुओं की संख्या बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए कुओं में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया ताकि ग्रामीणों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके और बीमारियों का प्रसार रोका जा सके इस अवसर पर सुधीर मंगलेश ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने कुओं के आसपास साफ-सफाई रखें, बाहर का गंदा पानी कुएँ में न जाने दें, अधिक से अधिक गर्म पानी का उपयोग करें और अपने घर-आँगन को स्वच्छ रखें। मौके पर कांग्रेस नेता उतम महतो, रामघृत महतो, मोहन महतो, पुनित महतो,बबलू महतो,प्रेम मुंडा,सुमित कुमार आदि उपस्थित थे ।

### गैंगस्टर मयंक सिंह को कड़ी सुरक्षा के बीच झारखंड एटीएस ने रामगढ़ कोर्ट में किया पेश



**रामगढ़।** पुलिस के लिए सिरदर्द बने गैंगस्टर मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा को 23 अगस्त को झारखंड एटीएस की टीम कडी सुरक्षा के बीच एंटी लैंडमाइन गाड़ी में रामगढ़ कोर्ट लेकर पहुंची। उसे न्यायिक दंडाधिकारी संदीप बर्मन की अदालत में पेश किया गया। गैंगस्टर को प्रत्यर्पण के बाद अजरबैजान से भारत लाया गया । गैंगस्टर पर पतरातू थाना कांड संख्या सहित कई मामले झारखंड में दर्ज हैं। बताया जाता है कि झारखंड एटीएस द्वारा उसको लेकर रेड कॉर्नर नोटिस जारी कराया गया था। उसपर पतरातू थाना के भदानीगर ओपी कांड संख्या 175/2022 दर्ज था। उसी में उसकी रामगढ़ कोर्ट में पेशी हुई। गैंगस्टर पर रंगदारी मांगने का मामला दर्ज है। गैंगस्टर मयंग सिंह उर्फ सुनील मीणा मूलरूप से राजस्थान के नयी मंडी थाना क्षेत्र जीडीएस पुरानी मंडी घड़ासाहन का रहने वाला है। पुलिस विभिन्न मामलों में उसकी तलाश कर रही थी। बताया जाता है कि गैंगस्टर पर 50 से अधिक मामले आपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। उसके विरूद्ध झारखंड सहित राजस्थान और पंजाब में मामले दर्ज हैं।

### सेमेस्टर-1 में नामांकन के लिए विश्वविद्यालय ने जारी किया चौथी मेधा सूची



**बरही ।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग ने सत्र 2025-29 के लिए स्नातक सेमेस्टर-1 में नामांकन के लिए चौथा मेधा सूची जारी किया है. यह सूची उन विषयों के लिए है, जिसमे अब तक नामांकित विद्यार्थियों की संख्या निर्धारित रिक्तियां से कम है या कम संख्या में विद्यार्थियों ने नामांकन लिया है. विश्वविद्यालय ने वैसे सभी छात्र जिन्होंने अब तक नामांकन नहीं लिया है या नामांकन लेना चाहते हैं वह चांसलर पोर्टल के माध्यम से 25 से 7 सितंबर तक अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. 9 सितंबर को मेधा सूची जारी किया जायेगा. साथ हीं 9 सितंबर से ही नामांकन काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ हो जायेगा. जो 15 सितंबर तक चलेगा. 9 से 13 सितंबर महाविद्यालय नामांकन लेने वाले तक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा. साथ हीं नामांकन को 9 से 15 सितंबर तक लिए जाएंगे. जानकारी के अनुसार मेधा सूची उपलब्ध सीटों की संख्या और आरक्षण नियमों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जायेगा.

### मनीष बने कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट

**हजारीबाग।** इंस्टिट्यूट ऑफ़ कॉस्ट अकाउंटेंट ऑफ़ इडिया का रिजल्ट बुधवार को घोषित हुआ। जिसमें हजारीबाग के मनीष कुमार ऑल इंडिया में 36 वां रैंक प्राप्त कर कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट बन गए। इसमें हजारीबाग चैप्टर अन्नदा कालेज कैंपस कमर्स ब्लॉक का सेंटर भी शामिल है। यहां अध्ययन करने वाले पवन कुमार यादव, नमन राज शर्मा आर्यन कुमार सिन्हा, अपूर्वा गोयल और रेणु कुमारी कॉस्ट एंड मेनेजमेंट अकाउंटेंट बन गए। ग्रुप परीक्षा में अंकुर गुप्ता, हर्षित मोदी, तेजस्वी, सुप्रिया भरद्वाज, रमेश कुमार पहाड़ी सफल हुए। इसके अलावा तीन छात्र पल्लवीआनंद सफल हुए।

### लगातार बारिश से नदी-नालों का जलस्तर बढ़ा

# किसानों के चेहरों पर खिली मुस्कान



नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से खेत-खलिहान और नदी-नाले पानी से लबालब हो गए हैं। इस बार अच्छी वर्षा होने से किसान खुशहाल नजर आ रहे हैं और धान की फसल को लेकर उनकी उम्मीदें और बढ़ गई हैं। हालांकि बारिश के कारण स्थानीय बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है।प्रखंड से होकर बहने वाली कोयल नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। बानो में नदी पर बना उच्च स्तरीय पुल सुरक्षित है और पानी उस तक नहीं पहुंच पाया है। लेकिन बसिया के पास कोयल नदी पर बने पुल की स्थिति गंभीर हो गई है। यहां नदी का पानी पुल को छूने लगा है, जिसके चलते प्रशासन ने एहतियातन वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी है।इधर, प्रखंड की बांकी नदी और देव नदी का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है, जिससे निचले इलाकों के ग्रामीण सतर्क हो गए हैं। हालांकि फिलहाल किसी बड़ी आपदा की सूचना नहीं है, लेकिन ग्रामीण एहतियात बरत रहे हैं।

### ग्राम सभा छोटकाडुईल ने दिखाई एकजुटता

# ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क किनारे की झाड़ियों को हटाया



नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के छोटकाडुईल गांव में रविवार को ग्राम सभा के बैनर तले ग्रामीणों ने सामूहिक श्रमदान करते हुए सड़क किनारे फैली झाड़ियों की सफाई की। ग्राम प्रधान हरीकिशोर साय के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में हर घर से एक-एक व्यक्ति शामिल हुआ और एकता का परिचय दिया।गौरतलब है कि लोवासोकरा से छोटकाडुईल जाने वाली सड़क के दोनों ओर लंबे समय से झाड़ियां फैली हुई थीं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। हाथी प्रभावित क्षेत्र होने के कारण झाड़ियों में जंगली जानवर छिपे होने का भी डर रहता था। यही नहीं, मोटरसाइकिल सवार अक्सर झाड़ियों से टकरा जाते थे और स्कूल आने-जाने वाले बच्चों के बीच भी भय का माहौल बना रहता था।इन समस्याओं को देखते हुए ग्राम सभा ने पहल की और तय किया कि सरकार के भरोसे बैठे रहने से काम में देरी होगी। सामुदायिक समस्या के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। ग्रामीणों ने श्रमदान कर झाड़ियों की सफाई कर इस समस्या से निजात पाया।ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम सभा को सशक्त बनाना जरूरी है ताकि छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान तुरंत किया जा सके। वहीं, बड़ी योजनाओं के लिए विभागीय पत्राचार कर ग्राम विकास योजना में शामिल किया जाएगा।इस अवसर पर ग्रामीणों ने फिया फाउंडेशन का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन के कार्यकर्ता लगातार ग्राम सभा को सशक्त बनाने, तकनीकी प्रशिक्षण देने और ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।मौके पर ग्राम प्रधान हरीकिशोर साय, मनीनाथ, सुदामा, अशोक, बलिराम, लुरघु, विजय, सुमित्रा, सुलोचनी, मेघणी, अल्फस, दशरू, कृष्णा, बिरासमुनी, बेरनादेत, जगदेव, गबरियल, रतन, कुंती, रोजगार सेवक केदार नाग तथा फिया फाउंडेशन के कार्यकर्ता राम मोहन महतो समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में जिला संवेदक संघ की आपात बैठक, सरकार को पत्र लिखने की तैयारी

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** रविवार को अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में जिला संवेदक संघ की आपातकालीन बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मोहम्मद मोइनुद्दीन अहमद ने की। बैठक में संघ के पदाधिकारियों ने संवेदकों को हो रही आर्थिक एवं मानसिक क्षति पर गंभीर चर्चा की।बैठक में वक्ताओं ने कहा कि संवेदकों को लगातार आर्थिक और मानसिक रूप से नुकसान उठाना पड़ रहा है। इससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और संवेदकों के बीच दुविधा की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि संवेदकों को कहीं से भी किसी प्रकार का सहयोग प्राप्त नहीं हो रहा है, जिसके कारण हालात और चुनौतीपूर्ण होते जा रहे हैं।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अब इस मुद्दे को उच्च स्तर पर उठाया जाएगा। इसके लिए संवेदक संघ ने मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार, मुख्य सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय, लोकसभा में विपक्ष के नेता, वित्त मंत्रालय, एसीबी, ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग तक अपनी शिकायत पत्र भेजने का विचार किया है।संवेदक संघ ने चेतावनी दी कि अगर समय रहते उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होंगे।

## युवती ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया

**सिमडेगा।** जिले के सिरिंगबेड़ा गांव में रविवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई। प्रेमी की मौत की खबर सुनते ही गांव की एक युवती ने कीटनाशक सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने तुरंत उसे गंभीर हालत में सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है।मिली जानकारी के अनुसार युवती का प्रेमी बेंगलुरु में रहता था और वह लंबे समय से ब्लड कैंसर से पीड़ित था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना परिवार वालों ने युवती को दी, जिसके बाद वह मानसिक आघात में आ गई। इसी सदमे में उसने अपने जागरेन इंदवार स्थित घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया।अचानक तबीयत बिगड़ने पर युवती की भाभी और अन्य परिजनों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है।घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस अस्पताल पहुंची और युवती का फर्द बयान दर्ज किया।

## ठेठईटांगर में लावारिस पशुओं से दुकानदार और ग्रामीण परेशान

नवीन मेल संवाददाता



**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर चौक एवं बस स्टैंड क्षेत्र में लावारिस पशुओं का आतंक दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। आवारा घूमने वाले गाय और बैल न केवल यातायात बाधित कर रहे हैं बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बनी रहती है। बीते दिनों इसी कारण एक दुर्घटना भी घट चुकी है।ग्रामीणों और दुकानदारों ने बताया कि रात्रि के समय ये मवेशी सड़क के बीचों-बीच बैठ जाते हैं, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी होती है। यही नहीं, दुकानों के समीप बैठकर ये पशु मल-मूत्र त्याग देते हैं, जिससे सुबह दुकानदारों को दुकान खोलने से पहले घंटों सफाई करनी पड़ती है। दुकानदारों ने बताया कि इस परेशानी से उनकी रोज़मर्रा की दिनचर्या बाधित हो रही है। वहीं, तीन लावारिस गाय-बैल खेतों में घुसकर फसलों को भी नुकसान पहुँचा रहे हैं, जिससे किसानों की चिंताएँ और बढ़ गई हैं।ग्रामीणों और व्यापारियों ने प्रखंड प्रशासन से मांग की है।



## कुरडेग में दुर्गा पूजा समिति की बैठक, पदाधिकारियों का चयन

नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** उमामहेश्वर महावीर मंदिर परिसर में रविवार को आगामी दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर दुर्गा पूजा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने की।बैठक में पूर्व समिति का संशोधन और विस्तार किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष के रूप में अनुज गुप्ता, उपाध्यक्ष मंटू जयसवाल, दीपक जयसवाल और संजीत जयसवाल, सचिव अमर जयसवाल, सह सचिव सतीश सारंगी तथा कोषाध्यक्ष अशोक गुप्ता का चयन सर्वसम्मति से किया गया। समिति ने निर्णय लिया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाई जाएगी।समिति सदस्यों ने पूजा पंडाल, सजावट, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रारंभिक चर्चा की। यह तय किया गया कि आने वाले दिनों में अलग-अलग उपसमितियां बनाकर तैयारी को अंतिम रूप दिया जाएगा ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।बैठक में समिति के संरक्षक सुशील श्रीवास्तव, मनोज जयसवाल, श्रवण बड़ाईक, केदार गुप्ता, सूरजन प्रसाद, उमेश जयसवाल, मनोज मिश्र, द्वारिका जयसवाल, अनिल जयसवाल समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### कृषि विभाग से जिले में डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य प्रारंम्भ किया गया



**सिमडेगा।** भारत सरकार के एग्री स्टैक प्रोजेक्ट एवं फार्मर रजिस्ट्री के तहत डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य जिला में दिनाक 22.08.2025 से तिथि से प्रारंभ कर दिया गया है इसका उद्देश्य कृषि योग्य भूमि और फसल की जानकारी अपडेट करना डिजिटल सर्वे में प्रत्येक मौजा में जाकर सभी प्लॉटों में लगे खड़ी फसलों का डेटाबेस तैयार किया जा रहा है. साथ ही साथ जियोटैगिंग के माध्यम से डिजिटल फोटो के माध्यम से संग्रहित किया जा रहा है. ताकि, इसका डेटाबेस तैयार किया जा सके! साथ ही जानकारी इकट्ठी की जा रही है कि किस मौजा में किस प्रकार की खेती होती है डिजिटल सर्वे का कार्य जमीनी स्तर पर कृषक मित्र, बीटीएम (ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक) और एटीएम (सहायक तकनीकी प्रबंधक) कर रहे हैं। सर्वे की पूरी जानकारी भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड की जा रही है।

### नवोदय विद्यालय कोलेबिरा में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**सिमडेगा।** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, कोलेबिरा में शनिवार को विविध शैक्षिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जिज्ञासा जगाना और उनकी वैज्ञानिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना रहा।इस अवसर पर विद्यालय के उप प्राचार्य संजय कुमार सिन्हा ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के महत्व से अवगत कराते हुए भारत द्वारा अंतरिक्ष में प्रक्षेपित उपग्रहों और उनकी उपलब्धियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत लगातार नई ऊँचाइयाँ छू रहा है, जिससे युवाओं के लिए अनुसंधान और नवाचार की अपार संभावनाएँ बनी हुई हैं।कार्यक्रम के तहत विद्यालय में मॉडल निर्माण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यालय के चारों सदनों – शिवालिक, अरावली, नीलगिरि एवं उदयगिरि – के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी सृजनात्मकता तथा ज्ञान का शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक मनोज कुमार के साथ-साथ अमर कुमार (पीजीटी, रसायन शास्त्र), हरनी कुमारी (पीजीटी, जीव विज्ञान), अनु गुप्ता (टीजीटी, विज्ञान) और पीजीटी भौतिकी विज्ञान शिक्षक के मार्गदर्शन में किया गया। शिक्षकों के निर्देशन में विद्यार्थियों ने अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित अनेक नई जानकारियाँ प्राप्त कीं और प्रतियोगिताओं में सराहनीय प्रदर्शन किया।

### डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम फुटबॉल टूर्नामेंट न्यू स्टार गड़गड़बहार और अल फतेह विजयी



**ठेठईटांगर।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम अंतरराज्यीय नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट (सीजन-4) के सातवें दिन रविवार को दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में अल फतेह ठेठईटांगर (झारखंड) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रेड आर्मी गुमला (झारखंड) को 2–0 से पराजित कर दूसरे चक्र में जगह बना ली। इस मैच में मुख्य अतिथि सेंट्रल अंजुमन के सदर मोहम्मद ग्यास तथा विशिष्ट अतिथि कोषाध्यक्ष अयूब अंसारी और उप सचिव इस्तेखार आलम उपस्थित रहे।दूसरा मैच न्यू स्टार गड़गड़बहार (झारखंड) और राउरकेला रेड (ओडिशा) के बीच खेला गया। इस मुकाबले में गड़गड़बहार की टीम ने 1–0 से जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में प्रवेश किया। इस मैच के मुख्य अतिथि समाजसेवी मुमताज आलम रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में इलेक्ट्रॉनिक दुकान के प्रोप्राइटर पप्पू कुमार और सिमडेगा समाचार के संवाददाता राजेश बड़ाईक मौजूद थे।मंच संचालन श्यामसुंदर मिश्रा ने किया।दोनों विजेता अल फतेह ठेठईटांगर और न्यू स्टार गड़गड़बहार अब सोमवार, 25 अगस्त को टूर्नामेंट का दूसरा क्वार्टर फाइनल खेलेंगे।टूर्नामेंट को सफल बनाने में संरक्षक अमित डुंगडुंग, आयोजन मुमताज आलम, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, अध्यक्ष मोहम्मद कयूम, कोषाध्यक्ष नरेंद्र बड़ाईक, सचिव अशफाक आलम, उपाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, मोहम्मद तबरेज आलम, संजय प्रसाद, उपसचिव असजद अफरीदी, मीडिया प्रभारी अभिषेक विश्वास, अकीफ अफरीदी, खेल प्रभारी राजा आलम, वसीम सिद्दीकी, मोहम्मद हाशिम सहित अन्य पदाधिकारियों की अहम भूमिका रही।

## कोरोमियां पंचायत के खेल मैदान में 285 फीट चाहरदीवारी का उद्घाटन




नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** कोरोमियां पंचायत के जपलंगा खेल मैदान में रविवार को विधायक मद से निर्मित 285 फीट चाहरदीवारी का उद्घाटन क्षेत्र के विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने किया। इस दौरान उन्होंने शिलापट्ट का अनावरण कर निर्माण कार्य को जनता को समर्पित किया।विधायक कोनगाड़ी ने कहा कि जपलंगा खेल मैदान में लंबे समय से चाहरदीवारी की मांग की जा रही थी। इस मांग को प्राथमिकता देते हुए विधायक मद से राशि स्वीकृत कर इसका निर्माण कराया गया। उन्होंने कहा कि कार्य पूरी तरह प्राकलन और गुणवत्ता के अनुरूप पूरा हुआ है। अब क्षेत्र के युवाओं को खेल-कूद के लिए सुरक्षित मैदान उपलब्ध होगा।विधायक ने कहा, मेरी पहली प्राथमिकता क्षेत्र की समस्याओं को दूर करना है। जनता की हर जायज मांग को पूरा करने के लिए मैं प्रयासरत हूं। मौके पर ग्रामीणों ने क्षेत्र की अन्य समस्याओं की ओर भी ध्यान आकृष्ट कराया, जिस पर विधायक ने सकारात्मक आश्वासन दिया।इस अवसर पर जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, ठेठईटांगर प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, पंचायत अध्यक्ष बेनेदिक लकड़ा, अल्पसंख्यक अध्यक्ष मोहम्मद वाहिद, अनिल लकड़ा, जोहन बरला, अमित खेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## संविधान संशोधन विधेयक के खिलाफ सिमडेगा में झामुमो ने किया पुतला दहन



सिमडेगाः झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति सिमडेगा ने रविवार को केंद्र सरकार द्वारा पारित 130वां संविधान संशोधन विधेयक के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान झूलन सिंह चौक पर भाजपा एवं केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया।कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना ने कहा कि केंद्र सरकार का यह विधेयक पूरी तरह असंवैधानिक है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा अगर केंद्र सरकार इस विधेयक को वापस नहीं लेती है तो झामुमो इसकी लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ेगा। ना झुके हैं, ना झुकेंगे। जिला सचिव ने कहा कि लगातार बार-बार केंद्र सरकार इस तरह की अनावश्यक चीजों को सदन में लाकर लोगों को परेशान करने का काम करती है जिसे हम पुरजोर तरीके से विरोध करते है।विरोध कार्यक्रम में झामुमो जिला सचिव सफीक खान, केंद्रीय समिति सदस्य नोवस केरकेट्टा, फिरोज अली, संजू डांग, सुनील खेस, प्रफुल्लित डुंगडुंग, नुसरत खातून, जिला उपाध्यक्ष रितेश बड़ाइक, अनिल तिर्की, ऑस्कर डांग, सरफराज अहमद, जिला कोषाध्यक्ष राजेश टोप्पो, संगठन सचिव वकील खान, महिला मोर्चा अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेन, पूर्व केंद्रीय सदस्य मो. शाहिद, युवा मोर्चा अध्यक्ष विनोद तिर्की, क्रीड़ा मोर्चा अध्यक्ष देवेंद्र साहू, नगर अध्यक्ष अनस आलम, उपाध्यक्ष मो. इकबाल, संगठन सचिव कुंदन कुमार रजक, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मो. सकील अहमद, उपाध्यक्ष मो. शहीद अनसारी, प्रखंड सचिव मिन्हाज राजन, सुनीता नायक, बेभव कुमार, अजय कुमार सिंह, मो. साबिर समेत बड़ी संख्या में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बीरू दुर्गा पूजा समिति 2025 का हुआ गठन, अध्यक्ष बने मुकेश पांडा

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** हर साल की भांति इस वर्ष भी बीरू गांव में दुर्गा पूजा पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जाएगी। इसी को लेकर रविवार को बीरू दुर्गा पूजा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें पूजा की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से समिति का गठन किया गया और मुकेश पांडा को अध्यक्ष चुना गया।निर्णय के अनुसार 22 सितंबर, सोमवार को कलश स्थापना और चंडी पाठ के साथ दुर्गा पूजा का शुभारंभ होगा। यह महापर्व लगातार दस दिनों तक चलेगा और 2 अक्टूबर, गुरुवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ सम्पन्न होगा। पूजा के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन रहेगा। सप्तमी और अष्टमी को गांव के बच्चे-बच्चियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी, वहीं नवमी और दशमी को बाहर से आमंत्रित कलाकार रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।समिति की जिम्मेदारी इस प्रकार तय की गई— अध्यक्षः मुकेश पांडा, उपाध्यक्षः संजय केसरी, सचिवः पवन प्रसाद, उप सचिवः प्रेम कुमार दास तथा कोषाध्यक्षः सतीश प्रसाद।बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे जिनमें दुर्ग विजय सिंह देव, गंगाधर लोहरा, सत्यजीत कुमार, धनेश्वर मिश्रा, सतनारायण प्रसाद, भीम प्रसाद, गोपाल केसरी, दिनेश्वर होता, घनश्याम सिंह, घनश्याम दास, आदित्य प्रसाद, कृष्णकांत बीसी समेत अन्य लोग शामिल थे।

**आयोजित** — गणेश पूजा को लेकर बोलबा थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

# अश्लील गीतों और नशाखोरी पर पूजा में रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

- वालंटियर्स के लिए निर्धारित ड्रेस कोड रखने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**बोलबा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना परिसर में रविवार को गणेश पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र में होने वाले पूजा कार्यक्रमों और तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में बताया गया कि इस वर्ष गणेश पूजा का आयोजन बोलबा प्रखंड मुख्यालय के दुर्गा मंदिर परिसर, आलिंगुड़ पहाड़ टोली, बेलकुबा टांगर टोली तथा किलसेरा पहाड़ टोली में किया जाएगा।थाना प्रभारी देवीदास मुर्मू ने उपस्थित लोगों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पूजा के दौरान वालंटियर्स की व्यवस्था अनिवार्य की जाए और उनका ड्रेस कोड सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यक्रमों में केवल भक्ति गीत ही बजाए जाएं, अश्लील गीतों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

### बरसलोया में गणेश महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बरसलोया स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में शनिवार को श्री गणेश पूजा समिति शिवाजी क्लब की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अमित सिंह ने की।बैठक में आगामी 27 अगस्त से शुरू होने वाले गणेश महोत्सव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी महोत्सव का आयोजन मंदिर प्रांगण में भव्य रूप से किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापना एवं पूजन-अर्चन से होगी।समिति ने निर्णय लिया कि गुरुवार को रामजड़ी कीर्तन मंडली को आमंत्रित किया जाएगा। रात्रि में बच्चों के डांस व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन गणेश वंदना और आरती के बाद मंच पर उपस्थित अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा थाना के सब-इंस्पेक्टर को आमंत्रित करने का प्रस्ताव रखा गया।पूरे मंदिर परिसर में आकर्षक पंडाल और विद्युत सज्जा की जाएगी। श्रद्धालु दर्शन कर प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस बार लगभग 6 फीट ऊंची भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर तीन दिनों तक विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जाएगी।बैठक में शुभम साहु, अभिषेक कुमार साहु, रूपेंद्र साहु, अनंत कुमार साहु, आनंद साहु, चंदन साहु, बॉबी कुमार बड़ाईक, धनेश राम केवट, दीपक कुमार साहु, अभिषेक सोनी, राहुल साहु, अविनाश पंडा, रमेश राम केवट, संजय राम केवट समेत समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

### स्वर्गीय फूलदेव उरांव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

# फूलदेव उरांव का फुटबॉल के विकास में सराहनीय योगदान रहा : प्रतुल शाह देव

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के जमीरा गांव में रविवार को स्वर्गीय फुलदेव उरांव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। इसमें 32 टीम में हिस्सा ले रही है । टूर्नामेंट का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि स्वर्गीय फुलदेव उरांव क्षेत्र के एक होनहार फुटबॉलर थे जिन्होंने पूरे जिला में फुटबॉल का नाम रोशन किया था। खेल के कारण ही उनको पुलिस में नौकरी मिली थी। उनके आकस्मिक निधन के बावजूद भी उनके स्मृति में इस आयोजन के जरिए उनके योगदान को याद किया जा रहा है।प्रतुल ने कहा कि इससे पूरे क्षेत्र में फुटबॉल को बढ़ावा मिलेगा जो कि फुल देव उरांव जी की सोच भी थी। इस अवसर पर स्वर्गीय फुलदेव उरांव की पत्नी श्रीमती सीता देवी, रामपाल उरांव, लाल अजीत नाथ शाह देव ,राज किशोर मुंडा, आशीष सिंह,अंकित उरांव, अजय यादव, अनुरोध कुजूर ,कुलदेव उरांव, लाल दीपक नाथ शाहदेव,लाल रोहित नाथ शाहदेव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। उद्घाटन मैच वाईबीएन पतरातू एवं लकड़ा ब्रदर्स के बीच संपन्न हुआ।

## सक्सेस प्वाइंट कंप्यूटर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में मॉड्यूल 1, 2 एवं 4 की परीक्षा का हुआ समापन

**कोलेबिरा।** लचरागढ सक्सेस प्वाइंट कंप्यूटर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में रविवार को मॉड्यूल 1, 2 एवं 4 की परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की गई। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों का उत्साह, अनुशासन और लगन देखने योग्य रहा।संस्थान की ओर से बताया गया कि इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की पढ़ाई की प्रगति का मूल्यांकन करना और उन्हें प्रतियोगी माहौल से परिचित कराना है। विद्यार्थी पूरे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में शामिल हुए, जिससे उनकी तैयारी और मेहनत साफ दिखाई दी।इस अवसर पर कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर पिंकी कुमारी, पूजा यादव, रुपेश पंडा और रिया कुमारी पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने परीक्षा को अनुशासित और सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।संस्थान के निदेशक ने परीक्षा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि,हमारा उद्देश्य केवल तकनीकी शिक्षा प्रदान करना नहीं है बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और प्रतिस्पर्धी भावना का विकास करना भी है। इस तरह की परीक्षाएँ उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करती हैं।

# न्यूज बॉक्स

## ठगी मामले में एक अभियुक्ता गिरफ्तार 9 पासबुक किया बरामद

**रामगढ़।** 18 जुलाई को साइबर थाना रामगढ़ में साईबर गिरोह द्वारा 2,04,500/- रुपया ठग लिये जाने के संबंध में साईबर थाना कांड संख्या 03/25, दिनांक 18/07/2025 धारा 66(डी) आइटी एक्ट एवं 111(2)(बी)/111(4)/319(2)/318(4)/316(2) बीएनएस दर्ज किया गया था। अनुसंधान के क्रम में पूछताछ के उपरांत कांड में संलिप्तता पाते हुए अभियुक्ता पूर्णिमा देवी, पति- टेकलाल महतो, सा० खोहा, पोस्ट- टोयार, थाना- गोला, जिला- रामगढ़ को दिनांक 23 अगस्त को विधिवत साइबर अपराध थाना परिसर रामगढ़ में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ता के घर की तलाशी के क्रम में साईबर फ्रॉड में प्रयोग किये गये 09 बैंको का पासबुक, एक स्पीड पोस्ट रसीद जिसके माध्यम से साइबर गिरोह को एटीएम कार्ड भेजा गया गया था एवं एक सिम कार्ड का कवर बरामद किया गया। उक्त सभी सामग्रियों को विधिवत जब्ती सूची बनाकर जब्त किया गया। प्राथमिक जांच के क्रम में जब्त बैंक खातों का सत्यापन एनसीआरपी (नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल ) के माध्यम से किया गया। जिसमें यह पुष्टि हुई कि अभियुक्ता के नाम से संचालित अधिकांश खाते पर एक से अधिक साइबर ठगी की रिपोर्ट दर्ज है। अग्रतर अनुसंधान किया जा रहा है।

## कलहाबाद में दुर्गा पूजा समिति का हुआ गठन, अध्यक्ष बने बादल



**बरकट्ठा।** गैयपहाड़ी पंचायत के ग्राम कलहाबाद में आगामी दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर रविवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया कलावती देवी ने की जबकि संचालन समाजसेवी कृष्णदेव प्रसाद ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि हर साल की तरह इस बार भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाई जाएगी। इसके लिए सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। समिति में बादल राम को अध्यक्ष, अजय साव को उपाध्यक्ष, राजकुमार रविदास को सचिव, उपेंद्र शर्मा को उपसचिव, कृष्णदेव प्रसाद को कोषाध्यक्ष और किसुन राम को उपकोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम की देखरेख के लिए छोटेलाल मेहता को संयोजक बनाया गया। वहीं सलाहकार मंडल में शशिभूषण प्रसाद, यमुना साव, राजकुमार साव, सिकंदर साव, पूर्व मुखिया रामचंद्र राम, विश्वनाथ राम, मोहन मुरारी प्रसाद, द्वारिका महतो, अनिल आजाद और संजय प्रसाद को शामिल किया गया। बैठक में शशिभूषण प्रसाद, यमुना साव, छोटेलाल मेहता, कृष्णदेव प्रसाद, अनिल आजाद, द्वारिका महतो, गोरख बाबा, बैजू बाबा, विजय राम, भीम राम, राजकुमार रविदास सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधायक ने सीएचसी चौपारण को उपलब्ध करवाया एसी युक्त एबुलेंस



**बरही/चौपारण ।** सामुदायिक अस्पताल चौपारण को विधायक मनोज कुमार यादव ने एसी युक्त एम्बुलेंस उपलब्ध करवाया है. जिसे रविवार को एक सादे समारोह में सीएचसी प्रभारी को सुपुर्द किया गया. विधायक श्री यादव ने कहा कि चौपारण जीटी रोड पर अवस्थित है जहां आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है. जिन्हे अस्पताल तक लाने में काफी दिक्कतें होती थी. इसके साथ हीं कई मरीजों को उचित इलाज के लिए दूसरे स्थान तक लें जाने में समस्या हो रहा था. जिसे उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का प्रयास किया है. उन्होंने अस्पताल प्रभारी को एम्बुलेंस सेवा का सही सदुपयोग करने का निर्देश दिया है. अस्पताल में एम्बुलेंस उपलब्ध करवाए जाने का स्थानीय लोगों एनआर विधायक का स्वागत किया है. ज्ञात हो कि विधायक ने 15 अगस्त को अपने संबोधन में शीघ्र एम्बुलेंस उपलब्ध करवाने की बात कही थी.

### गृह रक्षकों का 63 दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक समापन

# पारण परेड में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, झारखंड गृह रक्षा वाहिनी, हजारीबाग में 23 जून 2025 से प्रारंभ हुआ 63 दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण आज (24 अगस्त 2025) पारण परेड के साथ संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में कोडरमा जिले के 180 तथा रांची, गोड्डा, गढ़वा, सरायकेला, जमशेदपुर, गिरिडीह एवं धनबाद जिलों से अनुकम्पा के आधार पर नामांकित 38 सहित कुल 218 प्रशिक्षु गृह रक्षक शामिल हुए। समापन अवसर पर आयोजित पारण परेड में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षु गृह रक्षकों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु गृह रक्षकों को भी सम्मानित किया गया। बेहतर फायरिंग के लिए संजीत कुमार यादव को प्रथम तथा प्रितम कुमार सिंह को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रशिक्षुओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराने हेतु गृह रक्षा वाहिनी के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ-साथ जिला बल एवं जैप-7 के दक्ष हवलदारों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। इस दौरान जिला समादेष्टा श्री रोहित आनंद मौजूद थे।

## झारोटेफ के शक्ति समागम का आयोजन शामिल हुईं विधायक



**रामगढ़।** रविवार को झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एम्प्लाइज फेडरेशन झारोटेफ के बैनर तले कर्मचारी शक्ति समागम का आयोजन रामगढ़ जिला इकाई द्वारा पेंशनर्स भवन रामगढ़ में किया गया. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक ममता देवी, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांतीय पदाधिकारी प्रांतीय समन्वयक पंकज कुमार सिंह, डॉ मिथिलेश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष बिजली विभाग आशीष कुमार, संगठन सचिव सुनील नायक, सचिन बिजली विभाग वरुण कुमार, बोकारो जिला अध्यक्ष संजय कुमार, प्रदेश उप महासचिव डॉ सुनील कुमार कश्यप उपस्थित रहे. इस समागम का उद्देश्य झारखंड सरकार से कर्मचारी के लिए 11 सूत्री मांगों के प्रमुख तीन मांग जिसमें शिक्षकों को एमएसीपी , सेवानिवृत्ति का उम्र 62 वर्ष, केंद्रीय कर्मचारियों की भांति राज्य कर्मियों को शिशु शिक्षण भत्ता देने हेतु सरकार से मांग की गई. मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक ममता देवी ने कहा कि कर्मचारियों के सभी जायज मांग को उनके द्वारा उचित पटल पर रखा जाएगा. विधायक ममता देवी ने कहा आपकी मांगे जायज हैं. आपकी मांगों को मैं विधानसभा तक पहुंचाऊंगी. कहा की झारखंड सरकार आपकी तीन सूत्री मांगों पर ध्यान देंगी. इसकी पहल मैं कैबिनेट से लेकर मान्य मुख्यमंत्री तक करूंगी. उन्होंने कहा कि हम विधायक जरूर हैं लेकिन आप सभी हमारे गुरु तुल्य हैं यह काम जिस दिन मैं करूंगी अपने आप को शिष्य गुरु को अपना कर्ज वसूल होगा. कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया. सभी का स्वागत जिला अध्यक्ष श्याम किशोर महतो ने अध्यक्षता करते हुए किया. कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ सुनील कुमार कश्यप ने किया. विषय प्रवेश विषय प्रवेश करते हुए डॉक्टर कश्यप ने कहा कि जिस दिन हम कर्मचारियों की 11 सूत्री मांगे पूरी होगी उस दिन हम कर्मचारी अपने आप को अलादीन झारखंड सरकार को बधाई भी देंगे डॉक्टर कश्यप ने यह भी सभी से आग्रह किया की 21 सितंबर को मोरहाबादी मैदान में विशाल जनसभा कर्मचारियों का होना है. उसमें बड़ी संख्या में कर्मचारी पहुंच रहे हैं. रामगढ़ जिला से 10000 की संख्या में कर्मचारियों को पहुंचाने का आह्वान उन्होने किया. सभी ने इसका अनुमोदन करते हुए कहा कि हम सभी की यह संख्या निश्चित रूप कार्यक्रम में शामिल होगी. कर्मचारी शक्ति समागम को सफल बनाने में विशेष रूप से जिला अध्यक्ष श्याम किशोर महतो, जिला सचिव बुद्धदेव, जिला प्रवक्ता अनुज खत्री, अशोक कुमार,सुमित्रा कुमारी, राजदीप प्रसाद, कुमारी प्रतिमा, विजय राम,मेघनाथ महतो आदि शामिल थे।

## आफत की बारिश से लोहरदगा जलमग्न

**लोहरदगा।** पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने लोहरदगा में तबाही मचा दी है। बारिश के चलते जिले की नदियाँ-नाले खतरे के निशान से ऊपर बह रहे हैं और तालाब लबालब भर चुके हैं। शहर की गलियां और मोहल्ले जलमग्न हो गए हैं। कई इलाकों में सड़कों पर एक से डेढ़ फीट तक पानी बह रहा है। बारिश का सबसे अधिक असर मजदूर और किसान वर्ग पर पड़ा है। आमजन का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। स्कूली बच्चे विद्यालय नहीं जा पा रहे हैं और कई घरों में पानी घुस गया है, जिससे लोग अपने ही घरों में रहने को विवश हैं। नालियों का गंदा पानी मोहल्लों और घरों में घुसने से दुर्गंध फैल गई है। लोगों का गुस्सा नगर परिषद पर फूट पड़ा है। नागरिकों का कहना है कि यदि बरसात से पहले नालियों की ठीक ढंग से सफाई और मरम्मती कर दी जाती तो स्थिति इतनी भयावह नहीं होती। वर्तमान में अधिकांश नालियां जाम और बजबजाई हुई हैं, जिसके कारण बरसात का पानी निकलने के बजाय मोहल्लों में भर जा रहा है। आफत की बारिश ने पूरा इलाका तालाब में तब्दील कर दिया है। स्थानीय निवासी शहनवाज अहमद, मुमताज़ अहमद मिसबाही, फैजान अहमद रजा, मुरसीद आलम, नुसरत अंसारी, मुमताज़ अंसारी टेंट, इम्तियाज, पप्पू खान, सफीक अंसारी, तनबीर खान, सरवर खलीफा, इमरान खान, कलीम खान और नबलू खान सहित कई लोगों ने नगर परिषद पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

### झाआंसंमो ने पूर्व विधायक को किया सम्मानित

# पूर्व विधायक ने सदस्यों को भेंट की पत्रिका 'यादगार लम्हे'

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बरही अनुमण्डल इकाई के पदाधिकारियों ने बरही के पूर्व विधायक व व्योवृद्ध कॉमरेड राम लखन सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया. मोर्चा के सदस्यों ने पूर्व विधायक कॉ श्री सिंह को यह सम्मान उनके चौपारण स्थित आवास पर झारखंड आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए दिया. पूर्व विधायक ने मोर्चा के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए स्वागत किया. साथ हीं सभी को अपनी कुछ यादगार लम्हें नामक पुस्तिका की प्रति भी भेंट किया. वर्तमान में वह अपने वृद्धावस्था के इस चरण में भी अपने गांव छत्रपुरा में रहकर खेती बारी कर रहे हैं. मोर्चा के सदस्यों ने बताया कि अध्यक्ष करने वाले सदस्यों में मोर्चा के अनुमण्डलीय अध्यक्ष जावेद इस्लाम, चिन्हित झारखण्ड आंदोलनकारी बद्री सिंह, विजय बारी, प्रेम शंकर सिंह, मो कामिल व अमित ठाकुर शामिल थे. विदित हो कि कॉमरेड श्री सिंह 1985-90 में पहली बार बरही विधानसभा में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी का परचम लहराया था. उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के तत्कालीन विधायक निरंजन सिंह से यह सीट छीनी थी.

## बस एजेंट ने मृत आदमी के नाम से बस का कराया रजिस्ट्रेशन, जांच शुरू

**जमशेदपुर।** जिले में बस एजेंट रईस आलम उर्फ रईस आलोक ने मृत आदमी के नाम से बस (जेएच05इए-3136) का रजिस्ट्रेशन करने का एक मामला प्रकाश में आया है. इस बाबत जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय ने मामला प्रकाश में आने के उपरांत कथित आरोपी सह डोबो कपाली में रहने वाले रईस आलम उर्फ रईस आलोक को नोटिस जारी किया है. नोटिस के मुताबिक मामले की सुनवाई पहली सितंबर रखा है।

### खतियान अधिकार सभा कार्यक्रम आयोजित

# आज भी पतरातू के लोग अपने हक व अधिकार के लिए जूझ रहे हैं : जयराम महतो



नवीन मेल संवाददाता

- **महिला नारी नहीं चिंगारी भी हैं। इसे कमजोर न समझें। जयराम महतो ने कहा वोट भले हमें ना दें लेकिन जिस समय विस्थापन के मुद्दा की बात हो उस समय सभी एकजुट हो जाएं**

**रामगढ़।** रविवार को रामगढ़ जिला के पतरातू प्रखंड अंतर्गत अंबेडकर पार्क, न्यू मार्केट, पीटीपीएस पतरातू में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के बैनर तले खतियान अधिकार सभा सह मिलन समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रयाग महतो तथा संचालन युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोरंजन महतो द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम महतो उपस्थि थे। मुख्य अतिथि जयराम महतो ने अपने संबोधन में कहा कि आज भी पतरातू क्षेत्र के लोग रोजी-रोजगार, हक-अधिकार, विस्थापन और मूलभूत सुविधाओं जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। महिला नारी नहीं चिंगारी भी हैं। इसे कमजोर न समझें। जयराम महतो ने कहा वोट भले हमें ना दें लेकिन जिस समय विस्थापन के मुद्दा की बात हो उस समय सभी एकजुट हो जाएं। कंपनी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराये, वरना हमारी जमीन खाली करो ।कहा कि आप किसी भी रैयत पर जुल्म न करें। भारत की आत्मा गांवों में बस्ती है और किसानो की आत्मा खेत खलिहान मे। कंपनी/एनटीपीसी, फैक्टरी देश नहीं है। आईएएस आईपीएस भी कसम खाते हैं देश की रक्षा के लिए लेकिन वह भी सेट हो जाते हैं। समय बदलने में लेट नहीं होती है। महात्मा गांधी को चौपारण के किसानों ने ही पहचान दिलाई थी। यदि पूंजी तुम्हारी जमीन हमारी अब होगी बराबर की हिस्सेदारी। जब दस दिन में नेमरा गांव की तस्वीर बदल सकती है तो और गांव क्यो नहीं बदल सकते हैं। आज 70 सालों के आजाद भारत में स्थिति वद से वदतर हो गई है। विस्थापन आज की सबसे बड़ी ज्वलंत समस्या है। कार्यक्रम में केंद्रीय, प्रदेश, जिला, प्रखंड, पंचायत, सक्रिय सदस्य, प्रभावित, विस्थावित सहित हज़ारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

## चार्ली कंपनी ने जीता एनसीसी खेल प्रतियोगिता का खिताब



**दुमका।** चतुर्थ झारखंड गर्ल्स बटालियन एनसीसी दुमका द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान अंतर कंपनी खेल प्रतियोगिता हुई. "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है" की कहावत को चरितार्थ करते हुए कैडेट्स ने उत्साह और अनुशासन के साथ विभिन्न खेलों में भाग लिया. इस दौरान रस्साकशी और फुटबॉल टूर्नामेंट प्रमुख आकर्षण रहे. रस्साकशी में चार्ली कंपनी ने शानदार तालमेल और दमखम दिखाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि ब्रावो कंपनी उपविजेता रही. चार्ली की टीम में जामताड़ा कॉलेज, केजीबीवी शिकारीपाड़ा और केजीबीवी रानीश्वर की कैडेट्स शामिल थीं. फुटबॉल टूर्नामेंट का रोमांचक फाइनल भी चार्ली और ब्रावो कंपनी के बीच खेला गया. बारिश और फिसलन भरे मैदान के बावजूद कैडेट्स ने जबरदस्त खेल भावना दिखायी. चार्ली कंपनी ने दृढ़ इच्छाशक्ति और बेहतर तालमेल के बल पर खिताब अपने नाम किया. कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अनिल कुमार ने विजेता और उपविजेता टीमों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि कैडेट्स का कभी हार न मानने वाला जज्बा ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है. प्रशिक्षकों ने भी कैडेट्स की मेहनत और उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया.

## सामाजिक विषयों पर अपने चिंतन को व्यापक स्वरूप देना होगा : सुदेश महतो



**रांची/लोहरदगा।** झारखंड के नौजवानों को अपना सपना बड़ा करना होगा। हमें शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा को बढ़ाना होगा। हमें शिक्षा और रोजगार जैसे पहलुओं पर अपना ध्यान केंद्रित करना होगा। आज के दौर में सामाजिक एकजुटता के साथ राजनीतिक प्रतिनिधत्व में अपनी उपस्थिति को सुनिश्चित करने के लिए हमें नए विचारों के साथ आगे बढ़ना होगा। आज के दौर में सामाजिक सद्भाव के साथ राजनीतिक भागीदारी को नया स्वरूप देना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उक्त बातें झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो ने लोहरदगा में कही। वे लव कुश महासभा द्वारा आयोजित लव कुश जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि नगर भवन में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा की नई पीढ़ी को यह समझना होगा की भविष्य की ज़िम्मेवारियां हमारे ऊपर है। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा की लव- कुश जयंती समारोह सामाजिक एकरूपता का एक जीवंत उदाहरण है। ऐसे आयोजनों से सामाजिक चिंतन और विचारों को बल मिलता है। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा, पावर लिफ्टिंग, नृत्य जैसे क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अभ्यर्थियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने छात्रों को टैबलेट देकर सम्मानित किया। उन्होंने नई पीढ़ी से आह्वान किया कि बदलते दौर में स्वयं को वैचारिक तौर समृद्ध करने की जरूरत है। साथ ही नैतिक तौर पर हमें मजबूत होने की जरूरत है। युवा पीढ़ी ही भविष्य को गढ़ेगा। युवा ही सम्माज की उम्मीद हैं। मिलकर सामाजिक परिवर्तन का संकल्प सबको लेना होगा। हजारीबाग लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी संजय मेहता ने भी समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा की आज के दौर में बेटियों को खुलकर अवसर देने होगा। समाज को यह चिंता करनी होगी की हमारी भागीदारी हर क्षेत्रों में कितनी है। नौकरशाही, न्याय पालिका, राजनीति, पत्रकारिता, खेल सभी क्षेत्रों हमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। हमें दूर दृष्टि के साथ कार्य करना होगा। नई पीढ़ी को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, आर्थिक स्थिरता, संपन्नता पर बल देना होगा।

### विहिप ने रसोईया धमना में मनाया स्थापना दिवस कार्यक्रम

# शस्त्र व शास्त्र शिक्षा के साथ प्राकृतिक संसाधनों की करें रक्षा : सीताराम शरण

नवीन मेल संवाददाता

- **लोगों को धर्म जागरण के साथ प्राकृतिक औषधीय पौधे नीम, आंवला, तुलसी, बरगद, जल स्रोत के संरक्षण व संवर्धन पर जोर भी दिया है**



**बरही ।** राष्ट्रीय कार्ययोजना के तहत विश्व हिंदू परिषद ने रसोईया धमना में स्थापना दिवस मनाया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विहिप झारखंड प्रांत के संत सम्पर्क प्रमुख सीताराम शरण ने दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन से किया. जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केशरी व संचालन जिला सह मंत्री गुरूदेव गुप्ता ने किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने सनातन धर्म व संस्कृति के प्राचीन पहचान को जीवंत करने व शिखा, तिलक, मौली के प्रयोग वाले सनातन प्रेमियों को जागरूक करने का आह्वान किया. संघ की जानकारी देते हुए कहा कि इसकी स्थापना 1964 में मुंबई के संदीपनी आश्रम किया गया था. जिसे देश के सभी शंकराचार्य, मठाधीश्वर, पीठाधीश्वर आदि ने स्व अशोक सिंघल, आरएसएस के द्वितीय सर संघ चालक माधव सदाशिव गोलवलकर की देख रेख में किया था. स्थापना काल से ही विहिप ने गौ, गीता, गायत्री, गंगा और गुरु की रक्षा के लिए सनातन समाज को जगाने व सनातन की महत्ता बताते हुए उसकी रक्षा तथा प्रचार प्रसार पर जोर दिया है. इसके अलावा धर्म, धर्म ग्रथ की रक्षा, उसके संवर्धन के साथ ग्रंथों में वर्णित विषयों को आत्मसात करने को प्रेरित करता आ रहा है. लोगों को हुए धर्म जागरण के साथ प्राकृतिक औषधीय पौधे नीम, आंवला, तुलसी, बरगद, जल स्त्रोत के संरक्षण व संवर्धन पर जोर भी दिया है. अंत में उन्होंने शस्त्र व शास्त्र शिक्षा की बात कहते हुए उपस्थित सनातनियों को एक व संगठित होने के लिए प्रोत्साहित किया. जिला सह मंत्री ने बताया कि स्थापना दिवस का यह कार्यक्रम प्रखंड के सभी इकाइयों में आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मिथिलेश श्रीवास्तव, जिला गौ रक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता, प्रखण्ड सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, प्रखंड उपाध्यक्ष नितेश कुमार, बजरंगदल संयोजक अरविंद कुमार, आरती देवी, अंशु कुमारी, शिवानी कुमारी, सोनाली कुमारी, रिया कुमारी, शंभू कुमार, राजदेव यादव, बिरेंद्र कुमार, शंकर कुमार, राजेंद्र साव, जयंत कुमार, जय प्रकाश प्रजापति, नौरंगी लाल आदि कई लोग मौजूद थे.

सुप्रभात

विचार प्रवाह

प्रेम, ध्यान और आत्मबोध पर केंद्रित हैं। वे जीवन को पूरी तरह से जीने, समाजिक बंधनों से मुक्त होने और वर्तमान क्षण में रहने की सीख देते हैं। उनके अनुसार, सच्चा धर्म भीतर से आता है। **-ओशो**

## संपादकीय

## चीनी चिप का वर्चस्व और भारत

पीएम मोदी ने 15 अगस्त को घोषणा की कि शीघ्र भारत का अपना चिप होगा और दशकों से रुकी फाइलों को अब रुकने नहीं दिया जाएगा। सेंसरों और कैमरों से युक्त वायरलेस कनेक्शन द्वारा अपने निर्माताओं के नेटवकों से जुड़ी हुई इलेक्ट्रिक कारें दुनिया की महाशक्तियों द्वारा प्रभुत्व की खातिर विश्वव्यापी युद्ध में नवीनतम मोहरा बन चुकी हैं। चूंकि, ब्रिटेन के कार बाजार में चीन का हिस्सा दस प्रतिशत से अधिक है-और आने वाले वर्षों में और भी बढ़ने वाला है, ब्रिटेन के लिए एक गंभीर समस्या साबित होगा। ज्ञातव्य है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ के कारण बीजिंग के अमेरिकी बाजार से बाहर होने की आशंकाएं मंडरा रही हैं। ब्रिटेन की बाहरी खुफिया एजेंसी एमआई 6 के पूर्व प्रमुख रिचर्ड डिअलव ने चेतावनी दी है कि चीन एक ही झटके में तकरीबन 400 इलेक्ट्रिक कारों का कनेक्शन काटकर लंदन के ट्रैफिक को घुटनों पर ला सकता है। कल्पना कीजिए कि किसी व्यस्त चौराहे पर एकाएक कई कारें खड़ी हो जाएं, जिन्हें अपनी जगह से इंच भर भी हिला पाना मुमकिन न हो? उनका मानना है कि यह कोई डरावनी कहानी नहीं, बल्कि एक वास्तविक आशंका है। ये गाड़ियां इंटरनेट से जुड़ी हुई हैं, उन्हें आसानी से दूर बैठे ही निष्क्रिय किया जा सकता है। इस अवधारणा को यूक्रेन में विस्तार से दर्शाया जा चुका है। रूसी सेनाओं ने मेलित्पोल शहर पर कब्जा कर आधुनिक वाहन चुरा लिए। इन वाहनों की डीलरशिप जॉन डीयर के पास थी। रूसियों ने इन्हें जहाजों में लादकर 700 मील दूर चेचन्या भेजा, लेकिन वे उनका इस्तेमाल नहीं कर पाए, क्योंकि जॉन डीयर ने उन वाहनों को ट्रैक कर उन्हें दूर से ही बंद कर दिया। दुनिया के ज्यादातर लोग मोबाइल फोन में स्पाइवेयर को लेकर चिंतित हैं, तो ब्रिटेन की खुफिया एजेंसियां इस बात से परेशान हैं कि इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) पूरी तरह विशालकाय स्पाइवेयर हैं और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के इशारे पर ईवी को निष्क्रिय कर बंद कर दिए जाने पर ब्रिटेन के शहरों में एक इटैलियन जॉब का खतरा पैदा हो सकता है। ईवी तोड़फोड़, निगरानी, जासूसी, यहां तक कि लक्षित हत्याओं के लिए पूर्ण हथियार है। साइबर सुरक्षा सम्मेलनों में प्रदर्शन किए जाते हैं कि किस तरह इलेक्ट्रिक कारों का नियंत्रण हाथों में लिया जा सकता है। चीनी हैकरों के एक समूह ने तो इस बात पर रिपोर्ट भी प्रकाशित की है कि उन्होंने किस तरह से एक टेस्ला कार के सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर को तोड़कर उसे लेन में यू-टर्न करवा दिया। दूसरे गुट ने बताया कि किस तरह से किसी कार की डिक्की, विंडस्क्रीन के वाइपर और यहां तक कि ब्रेक भी दूर से ही सक्रिय या निष्क्रिय किए जा सकते हैं। ईवी की बैटरी की 50 फीसदी वैश्विक आपूर्ति का नियंत्रण सीएटीएल और बीवायडी नामक, दोनों चीनी कंपनियों के हाथ में है। इनकी नजरें ईवी उद्योगों के वर्चस्व पर केंद्रित हैं, जिनमें चार्जिंग नेटवर्क और ऊर्जा भंडारण व्यवस्थाएं शामिल हैं। दोनों कंपनियों की चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से निकटता है और ये सरकार से प्राप्त सब्सिडी से लाभान्वित भी हुई हैं। इससे सुरक्षा खतरा और भी बढ़ जाता है, क्योंकि बिजली के भंडारण और चार्जिंग नेटवर्कों को देश की इलेक्ट्रिकल ग्रिड से जोड़ने की जरूरत पड़ती है।

*सेंसरों और कैमरों से युक्त वायरलेस कनेक्शन द्वारा अपने निर्माताओं के नेटवकों से जुड़ी हुई इलेक्ट्रिक कारें दुनिया की महाशक्तियों द्वारा प्रभुत्व की खातिर विश्वव्यापी युद्ध में नवीनतम मोहरा बन चुकी हैं।*

# अर्बन (शहरी) नक्सल और अर्बन नक्सलिज्म : एक गुप्त राष्ट्र घात



आज की बात



**मेजर सरस त्रिपाठी**
भातीय सेना से सेवानिवृत

भारत के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां अब युद्ध के मैदान या दूर सीमाओं तक सीमित नहीं हैं। आज सबसे अधिक दबाव और संभावित खतरों में से एक बाहरी शत्रुओं से नहीं बल्कि शहरों के भीतर काम करने वाले वैचारिक रूप से प्रेरित "राष्ट्रघातियों" से आता है जो सामान्यतया "बौद्धिक कार्यकर्ता" और "पेशेवर" होते हैं। इन्हें ही अक्सर "अर्बन नक्सल" के रूप में संदर्भित किया जाता है। जब पूर्व रक्षा प्रमुख (सी डी एस, स्वर्गीय) जनरल विपिन रावत ने "धाई मोर्चे का युद्ध (टू एंड अ हाफ फ्रंट वॉर)" शब्द गढ़ा था, तो उन्होंने इन नक्सलों को भी "आधे" मोर्चे में सम्मिलित किया था। स्वाभाविक रूप से, वह जिन "दो" मोर्चों का संकेत दे रहे थे, वे चीन और पाकिस्तान थे। "अर्बन (शहरी) नक्सल" शब्द उन व्यक्तियों को संदर्भित करता है, जो बाहरी रूप से सम्मानजनक सामाजिक भूमिकाओं में काम करते हैं लेकिन जो संवैधानिक रूप से स्थापित सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए सशस्त्र माओवादी विद्रोह का प्रचार करते हैं, समर्थन करते हैं, और उसे वैध ठहराते हैं। नक्सल और अर्बन नक्सल की समस्या ने दशकों से भारत को परेशान किया है।

यह भारतीय राज्य के विरूद्ध काम करने वाले एक छद्म लेकिन वास्तविक वैचारिक लोगों का पारिस्थितिकी तंत्र और जाल (इकोसिस्टम और नेटवर्क) है जो नागरिक स्वतन्त्रता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और आदिवासी सुरक्षा इत्यादि के हित में काम करने का दावा करता है। इनके राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के विरूद्ध राज्य द्वारा की गई कोई भी कार्यवाही दमनकारी और जनविरोधी प्रचारित की जाती है। विवाद के बावजूद यह मुद्दा ध्यान देने योग्य है- विशेष रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा, नागरिक स्वतंत्रता और भारत के भविष्य को आकार देने वाली वैचारिक लड़ाई के संदर्भ में।शहरी नक्सलवाद के विचार को समझने के लिए सबसे पहले "नक्सली" आंदोलन को समझना चाहिए।

1967 में पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी जिले के नक्सलबारी गांव में, यह आंदोलन एक हिंसक "किसान विद्रोह" के रूप में शुरू हुआ, जो माओवाद से प्रेरित था और जिसका नेता कानू मजूमदार था। ध्यातव्य है कि ग्रामीण नक्सलवाद (विद्रोह) हिंसक और सशस्त्र है जबकि शहरी नक्सलवाद इसका गुप्त, रणनीतिक और वैचारिक अंग है। इसमें विभाजनकारी और विनाशकारी (वे इसे क्रांतिकारी कहते हैं) विचारधारा को फैलाने के लिए शैक्षणिक संस्थानों, संचार माध्यमों, गैर सरकारी संगठनों (एन जी ओ), कानूनी मंचों, न्यायालयों, बार संगठनों, सांस्कृतिक संस्थानों इत्यादि का उपयोग शामिल है और राज्य के अंगों और उपकरणों को कमजोर करता है। जंगलों में बंदूक चलाने वाले कैडरों के विपरीत, शहरी नक्सल शहरों में काम करते हैं- "युद्ध के मैदान से दूर, लेकिन संघर्ष से दूर नहीं"। ये युद्ध को युद्ध क्षेत्र से उठाकर विद्यालय और विश्वविद्यालय की कक्षाओं, कारपोरेट बोर्डरूम, न्यूज़ रूम और ड्राइंगरूम में लाते हैं।

शहरी नक्सल रैगटैग आतंकवादी नहीं हैं। वे अक्सर शिक्षित, निश्चित वैचारिक सोच रखने वाले प्रभावशाली व्यक्ति होते हैं। उनकी प्रभावशीलता एक विध्वंसक एजेंडे को सम्मानित मंचों पर मूल रूप से समाहित करने की उनकी क्षमता में निहित है। शहरी नक्सल से जुड़ी कुछ सामान्य विशेषतायें इस प्रकार हैं: उच्च शैक्षिक और सामाजिक स्थितिः कई शहरी नक्सल वकील, प्रोफेसर, लेखक, मानवाधिकार कार्यकर्ता, पत्रकार, गैर सरकारी संगठन के पदाधिकारी और यहां तक कि सरकारी सेवक हैं।

उनका पेशेवर कद विश्वसनीयता प्रदान करता है और जो वे कहते हैं और करते हैं उससे सभी को प्रभावित करते हैं।वैचारिक कठोरताः मार्क्सवादी-लेनिनवादी-माओवादी विचार में निहित, वे भारतीय राज्य को एक दमनकारी, पूंजीवादी और फासीवादी इकाई के रूप में देखते हैं। उनका लक्ष्य सुधार नहीं है, बल्कि मौजूदा लोकतांत्रिक संरचना को पूर्णतः उखाड़ फेंकना है। संस्थागत घुसपैठः शहरी नक्सल एकेडमिया, मीडिया, थिंक टैंक, बार काउंसिल और न्यायपालिका में जनमत को आकार देने, युवाओं को प्रभावित करने और राज्य की कार्रवाई में बाधा डालने में सिद्धहस्त होते हैं। अप्रत्यक्ष परिचालन भूमिकाः वे हथियार लेकर नहीं जाते हैं, लेकिन वे रणनीतिक मार्गदर्शन, माओवादियों/नक्सलियों को गिरफ्तारी से बचाने के लिए कानूनी सहायता प्रदान करते हैं, और भूमिगत नेटवर्क के साथ समन्वय करते हैं।

कथा युद्ध/नैरेटिव वारः वे मुक्त भाषण, धर्मनिरपेक्षता, या सामाजिक न्याय की आड़ में राज्य आख्यानों को चुनौती देते हैं, जबकि सूक्ष्म रूप से माओवादी हिंसा को वैध बनाते हैं और भारतीय राज्य को परिपीड़क के रूप में चित्रित करते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## खुजली से क्रांति तक

व्यंग्य की बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

मैं एक बैल, अपनी कहानी सुना रहा हूँ। लोग मुझसे गधा भी कह देते हैं, लेकिन मैं गधा नहीं, बैल हूँ। गधे पर हँसा जाता है, बैल की पूजा होती है। दोनों का जीवन एक ही है, बोझ ढोना। मगर एक को हंसी मिली, दूसरे को सम्मान। इसीलिए मैंने बैल होना स्वीकार किया। मेरा बचपन एक मालिक के साथ बीता। मालिक मुझे बहुत प्यार करते थे। वह मुझे गोबर कहते थे, गोबर। गोबर, यानी, गो से उत्पन्न हुआ। मेरी पूँछ को हाथ लगाकर कहते थे - यह पूँछ नहीं, पूँछ की महिमा है! मेरी पीठ थपथपाते थे, मेरे सींग पर रंग लगाते थे। मैं बहुत खुश था। मुझे लगता था कि मैं बहुत बड़ा भाग्यवान हूँ। मगर एक दिन, मालिक मुझे लेकर एक बाज़ार में गए। वहाँ बहुत सारे बैल थे। सब एक-दूसरे को देख रहे थे। वहाँ एक आदमी आया। वह आदमी नहीं, एक दलाल था। दलाल ने मेरे सींग देखे, मेरी पूँछ देखी, मेरे पैर देखे। फिर मालिक से पूछा - कितने में दोगे इसे? मालिक ने मुझे बेच दिया। उस दिन मुझे पता चला कि मैं गोबर नहीं, एक सामान हूँ। और मेरे सारे अंग, मेरे सींग, मेरी पूँछ, मेरे पैर, सब सामान के हिस्से हैं। वह दिन मुझे पहली बार गुस्सा आया। लेकिन गुस्सा भी क्या, गुस्सा मेरे मालिक के प्रति था, और मेरी तो ट्रेनिंग ही यही हुई थी कि मालिक से गुस्सा नहीं होना चाहिए। तो मैं चुपचाप उस नए मालिक के साथ चला गया। नया मालिक मुझे लेकर अपने खेत में ले गया। वहाँ मुझे हल में लगाया गया। मैं हल खींचने लगा। मुझे पता चला कि मेरा जीवन अब इसी तरह से चलेगा। सुबह उठो, हल खींचो, शाम को जाओ, घास खाओ। फिर सुबह उठो, हल खींचो, शाम को जाओ, घास खाओ। मैं बहुत काम करता था, बहुत। मेरे पैर थक जाते थे, मेरी पूँछ थक जाती थी, मेरा दिल थक जाता था। मगर मेरे नए मालिक ने मुझे कभी गोबर नहीं कहा। वह मुझे 'हे बैल' कहते थे, 'हे बैल, चल'। मैं हर दिन सुबह उठकर सोचता था कि आज मैं नहीं चलूँगा। मगर फिर मुझे डर लगता था कि अगर मैं नहीं चलूँगा तो मुझे मारेंगे। तो मैं चल देता था। मैंने हर दिन सोचा कि एक दिन मैं रुक जाऊँगा। मगर मैं नहीं रुका। मेरी ट्रेनिंग ही ऐसी हुई थी। मगर एक दिन, मेरे पुराने मालिक, गोबर, मुझे देखने आए। मुझे बहुत खुशी हुई। मुझे लगा कि वह मुझे वापस ले जाएँगे। उन्होंने मुझे बहुत प्यार किया। मेरे सींग पर हाथ लगाया, मेरी पूँछ पर हाथ लगाया। फिर मेरे नए मालिक से कहा - इसे बेच दो, मैं इसे वापस ले जाना चाहता हूँ। मेरे नए मालिक ने कहा - नहीं, यह मेरा बैल है, मैं इसे नहीं बेचूँगा। तो वह दोनों लड़ने लगे। मैं दूर खड़ा होकर देख रहा था। मुझे लगा कि मेरे दोनों मालिक लड़ रहे हैं, और मैं यहाँ खड़ा हूँ। मैं उनके बीच में नहीं हूँ, मैं उनके लिए हूँ। उस दिन मैंने अपने जीवन का सबसे बड़ा सच जाना - मैं दो आदमियों के बीच का सामान हूँ।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## जब हजारीबाग के लाल ने मचाया था पटना में धमाल

देश की बात



**प्रो. प्रमोद कुमार**

पुण्यतिथि पर विशेष

चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने पटना के गांधी मैदान में अपने भाषण के समापन में कहा था कि And at last I thank to Mr. Kailash pati singh, who has succeeded when all others have failed..

21 मार्च 1960 को पटना के गांधी मैदान में चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने एक विराट जनसभा को संबोधित किया था। स्वतंत्र पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन 19 और 20 मार्च को पटना में आहूत किया गया था। क्योंकि राजा जी के लिए हिंदी समझना मुश्किल था इसलिए वह दो दिनों तक अपने हिंदी अनुवादक से संतुष्ट नहीं हुए तथा बेहतर अनुवादक की तलाश करने की इच्छा जाहिर की थी। 21 मार्च की सुबह से ही पटना विश्वविद्यालय के छात्रावास का स्वयंसेवकों ने चक्कर लगाना शुरू किया। कोई भी विद्यार्थी अनुवादक बनने के लिए तैयार नहीं हुआ लेकिन एक युवक इस कठिन काम को करने के लिए अपनी हामी भरी। वह होनहार युवक था कैलाशपति सिंह जो हजारीबाग शहर से सटे कस्तूरी खाप गांव के निवासी थे तथा पटना विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विषय से एमए की पढ़ाई कर रहे थे। उक्त सभा में 90 मिनट का भाषण राजगोपालाचारी जी का तथा 70 मिनट का भाषण प्रोफेसर एन जी रंगा का हुआ था। हजारों की भीड़ में हजारीबाग का यह लाल पूरे प्रदेश में एक अद्भुत कीर्तिमान स्थापित किया था। वर्ष 2004 में एक विशेष साक्षात्कार के दरमियान लगभग 2 घंटे तक कैलाशपति सिंह जी से मेरी बातचीत हुई थी जिसमें उन्होंने,राजनीति, अर्थनीति,दलगत राजनीति पर विस्तार से जानकारी दी थी। 22 जुलाई 1928 को कैलाशपति बाबू का जन्म कस्तूरी खाप में हुआ था। उनके पिताजी स्वर्गीय कुंवर जगेश्वर सिंह किसान थे। अपने पुत्र को शिक्षित बनाने में उनके पिताजी ने कोई कसर नहीं छोड़ी थी। संत कोलंबा कॉलेज से अर्थशास्त्र में प्रतिष्ठा प्राप्त कर पटना विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में एमए की डिग्री हासिल की। पटना लॉ कॉलेज से कानून की डिग्री प्राप्त की तथा हजारीबाग में 1952 से 55 तक वकालत किया। इस समय कैलाशपति बाबू की जीवन में एक निर्णायक मोड़ आया। राजा



● सी आर के भाषण का किया था मंच पर हिंदी में अनुवाद ● प्रखर वक्ता, सफल नेता और करिश्माई व्यक्तित्व के स्वामी थे कैलाशपति सिंह

बहादुर कामाख्या नारायण सिंह के आमंत्रण पर इन्होंने जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और 1956 से 1972 तक दल के महासचिव रहे। इसके बाद से तो लगातार राजनीतिक उतार चढ़ाव कि वे गवाह रहे और इसके भागीदारी भी रहे। एकीकृत बिहार में राजनीतिक समीकरण के कैलाशपति बाबू बौद्धिक स्तंभ रहे। वर्ष 1957 में बगोदर से विधायक निर्वाचित हुए और 1962 में विधान पार्षद बने। इसके बाद 1967 और 1969 में डुमरी से तथा 1977 में बड़का गांव से विधायक बने। 1969 में बिहार के राजस्व मंत्री तथा 1971 में लोक निर्माण विभाग के मंत्री पद का दायित्व निर्वहन किया। स्वर्गीय भोला पासवान शास्त्री और सरदार हरिहर सिंह जैसे मुख्यमंत्री के साथ इन्हें काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। राजा बहादुर कामाख्या नारायण सिंह के परम विश्वासपात्रों में वे एक थे। कैलाश बाबू जैसे राजनीतिक बिरला ही मिलते हैं। एक किसान के घर में जन्म लेकर तमाम झंझावातों को झेलते हुए इतनी ऊंचाई तक पहुंचने वाले व्यक्तित्व की स्मृति एवं कृति से आज की पीढ़ी अनजान है। जेपी आंदोलन में उन्होंने अपना समर्थन युवा वाहिनी के सेनानियों को दिया था तथा इमरजेंसी का विरोध किया था। 1980 के बाद से वे धीरे-धीरे सक्रिय राजनीति से दूर होते गए। अपने घर पर ही अखबारों के माध्यम से देश दुनिया की खबर लेते रहना उनकी दिनचर्या बन गई थी। लगभग 8 से 10 अखबार हुए प्रतिदिन खरीदते और उसे पर अपनी टिप्पणी भी देते थे। लगभग 79 वर्ष की अवस्था में कैलाश बाबू की मृत्यु 25 अगस्त 2007 को हुआ था। यह हजारीबाग के लिए स्वाभिमान और गौरव का विषय है कि देश का प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल रह चुके चक्रवर्ती राजगोपालाचारी जैसा विराट व्यक्तित्व का स्वामी छात्र कैलाश बाबू की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया था। समापन भाषण में कहा था.. केपी सिंह हू हैज सक्सीडेड व्हेन ऑल अदर हैव फेल्ड।

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

आंख मारकर चल दिए, बिलकुल बेपरवाह।
मजलिस बनकर रह गई, कैसे एक गवाह।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
**संपादक**

## बिहार : सहज नहीं है विपक्ष के सेल्फ गोल और सत्ता की राजनीति का मुद्दा

आपकी बात



**केदारनाथ दास**

राजनैतिक दृष्टि से बिहार की हनक कुछ अलग ही है। यह हनक कुछ ऐसी है कि अभी चुनाव की घोषणा भी नहीं हुई है और राष्ट्रीय से लेकर तमाम क्षेत्रीय कुनबों ने बनने बिगाड़ने का चुनावी खेल शुरू कर दिया है। इस तरह के खेल के लिए लोकतंत्र में कोई भी स्वतंत्र है और ऐसे किसी प्रयास को लेकर कोई सवाल भी नहीं है क्योंकि राजनैतिक दृष्टि से बिहार को देश का सबसे संवेदनशील प्रदेश माना जाता है। यही संवेदनशीलता इसकी खुशबू भी है, यही इसकी कमजोरी भी है और इन्हीं कारणों से तमाम तरह के आधारभूत संसाधनों की उपलब्धता और समर्पित श्रम शक्ति के बावजूद यह विकास के कतार में बहुत पीछे खड़ा होने को विवश है। ऐसे में हैरानी इस बात पर हो रही है कि जिस प्रदेश के लिए विकास की संभावनाओं का मामला सबसे बड़ा मुद्दा होना चाहिए था वहाँ वोट चोरी का राजनैतिक एजेंडा एक महत्वपूर्ण विषय बनकर सामने आ रहा है और सरेआम देश के प्रधानमंत्री को वोट चोर कह कर अपमानित किया जा रहा हैं। सवाल कौन करे कि क्या यह उस बिहार के साथ एक छल नहीं है जो सवाल खड़े करने में सदैव अग्रणी रहा है? जाहिर सी बात है कि जब चुनाव नजदीक हैं तो तमाम तरह के सवाल उठने ही चाहिए और सरकार की विफलताओं पर प्रहार की मुहिम भी चलनी ही चाहिए। बिहार में ऐसा कुछ भी नजर नहीं आ रहा है क्योंकि एसआईआर और वोट चोरी जैसे मुद्दों के कारण जो अवधारणा बन रही है उसके अनुसार नितीश सरकार के कामकाज एकदम से सही हैं तभी तो सरकार की कमियों के स्थान पर वोट चोरी व एसआईआर जैसे राष्ट्रीय मुद्दों को सामने लाया जा रहा है! बताते चलें कि राजनैतिक दृष्टिकोण से बिहार एक अतिसंवेदनशील राज्य है। उसे यह बखूबी पता है कि वोट चोरी के मामले में न कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड अच्छा है, न इंडी गठबंधन के राजद का दामन पाक साफ है और न बैलेट बॉक्सों की लूट से लेकर लाठी पिलावन रैली के दौर को भुलाया जा सकता है। इसी तरह वर्ष संपूर्ण क्रांति का बिगुल फूंकने वाला बिहार यह कैसे भूल सकता है कि कैसे 1971 के आम चुनाव में कदाचारों के लिए इंदिरा गांधी को दोषी ठहराने वाले 12 जून 1975 के फैसले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने न केवल इंदिरा गांधी के चुनाव को अमान्य घोषित कर दिया था बल्कि छह साल तक उनके दोबारा चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध भी लगा दिया था। इसी तरह एक बिहारी को यह भी पता है कि कैबिनेट मिशन प्लान के तहत 26 अप्रैल 1946 को जब देश के भावी प्रधानमंत्री के लिए चुनाव हुआ तब कांग्रेस के पट्टाभि सीतारमैया व आचार्य कृपलानी को एक एक मत मिले और सरदार बल्लभभाई पटेल को इसमें सर्वाधिक चौदह वोट मिले। यह भारत में वोट चोरी का पहला मामला बना जब शून्य मत पाने वाले पं.नेहरू को अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री पद की शपथ दिला दी गई। नरसिम्हा राव सरकार के समय कांग्रेस की सरकार बचाने के लिए शिबू सोरेन रिश्वत कांड और सोनिया गांधी के द्वारा नागरिकता लेने के पहले ही वोटर कार्ड बनवाकर चोरी से मतदान करने के मामले भी प्रत्येक बिहारी के स्मरण में हैं। इसी तरह बिहार को यह भी मालूम है कि देश में अब तक कुल 134 बार राष्ट्रपति शासन लगाए जा चुके हैं और इसी इंडी गठबंधन के कुनबे से धारा 356 के नाम पर 110 बार मतदान के सम्मान को धत्ता बताया जा चुका है। ऐसे कई उदाहरण सामने हैं जिनके होने मात्र से वोट चोरी का यह मुद्दा अब इंडी गठबंधन के लिए जी का जंजाल बनते हुए आत्मघाती साबित होने लगा है। यह सही है कि प्रशांत किशोर की सक्रियता, नितीश कुमार की उम्र, एंटी इन्कम्बैसी और बिहार भाजपा में चेहरे का टोंटा आदि कुछ ऐसे तथ्य सामने थे जब इंडी गठबंधन के लिए बढ़त का एक बढ़िया अवसर नजर आया परन्तु गोल टोपी के फेर में प्रशांत के गोल होने, राहुल-तेजस्वी के द्वारा वोट चोरी के नाम पर सेल्फ गोल करने और एनडीए की सधी हुई चुप्पी के बाद अब क्रांतिकारी बिहार का राजनैतिक परिदृश्य फिर से गोल नजर आने लगा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**





स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# मुंबई-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस अब 16 कोच के साथ चलेगी




**एजेंसी। मुंबई**

त्योहारी सीजन में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मध्य रेलवे ने एक अहम फैसला लिया है। अब मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से मडगांव के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 22229/22230) को अस्थायी रूप से 8 कोच से बढ़ाकर 16 कोच का कर दिया गया है। यह निर्णय खास तौर पर अगस्त के अंतिम सप्ताह में बढ़ती भीड़ को देखते हुए लिया गया है ताकि यात्रियों को सफर में अधिक सुविधा और आराम मिल सके।

इस अतिरिक्त कोच की सुविधा से यात्रियों को ज्यादा सीटें उपलब्ध होंगी और उन्हें सफर के दौरान आरामदायक अनुभव मिलेगा। खासतौर पर त्योहारी भीड़ के दौरान यह निर्णय यात्रियों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है।

मध्य रेलवे ने यात्रियों से आग्रह किया है कि वे इस अस्थायी बदलाव को ध्यान में रखें और अपने सफर की योजना उसी अनुसार बनाएं। टिकट बुकिंग में बढ़ी हुई सीटों का लाभ उठाएं और समय रहते रिजर्वेशन कराएं। इसकी जानकारी मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ. स्वप्निल नीला ने दी। उन्होंने बताया कि रेल प्रशासन यात्रियों को बेहतर सेवा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है और भविष्य में भी यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता दी जाती रहेगी।

- **मुंबई सीएसएमटी से मडगांव जाने वाली ट्रेन संख्या 22229 वंदे भारत एक्सप्रेस अब 25, 27 और 29 अगस्त को 16 कोच के साथ चलाई जाएगी**
- **मडगांव से मुंबई सीएसएमटी लौटने वाली ट्रेन संख्या 22230 वंदे भारत एक्सप्रेस अब 26, 28 और 30 अगस्त को 16 कोच के साथ चलेगी**

## बिहार में वोट चोरी नहीं होने देंगे

# भाजपा का पार्टनर बन चुका है चुनाव आयोग : राहुल गांधी

**एजेंसी। अररिया**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इन दिनों बिहार में अपनी वोटर अधिकार यात्रा में हैं। इस क्रम में उन्होंने रविवार को दावा करते हुए कहा कि वे किसी हाल में बिहार में वोटों की चोरी नहीं होने देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा की पार्टनर बन चुका है। अररिया में आज इंडिया गठबंधन की संयुक्त प्रेस वार्ता में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कहा कि इस यात्रा की सफलता यह साबित करती है कि बिहार के करोड़ों लोग वोट चोरी की बात को सच मान रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इस यात्रा में लोग खुद जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का काम सही वोटर लिस्ट देने का होता है, लेकिन हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक में उन्होंने ऐसा नहीं किया। चुनाव आयोग का व्यवहार बिहार में भी वोट की चोरी करने का है।

उन्होंने कहा कि बिहार में वे वोट चोरी नहीं होने देंगे। चुनाव आयोग खुद अपनी छवि खराब कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कर्नाटक के एक विधानसभा में वोटर को लेकर उन्होंने डाटा रखा था, लेकिन चुनाव आयोग ने हमसे ही एफिडेविट की मांग कर दी, जबकि करीब वही बात भाजपा के अनुराग ठाकुर ने रखी, लेकिन उनसे एफिडेविट की मांग नहीं की गई। उन्होंने कहा कि मीडिया को भी मालूम है कि चुनाव आयोग किसके साथ खड़ा है। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा 17 अगस्त को बिहार के सासाराम से शुरू हुई है। इस यात्रा में इंडिया ब्लॉक में शामिल राजद के नेता तेजस्वी यादव सहित घटक दलों के सभी नेता भी शामिल हैं।



- **यात्रा का उद्देश्य वोट चोरी के खिलाफ जन-जागरूकता फैलाना है**
- **दावा किया कि लोग स्वेच्छा से इस यात्रा में शामिल हो रहे हैं**
- **राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा का "पार्टनर" बन गया है**

## हार का डर, इसलिए राहुल लगा रहे आरोप : अनुराग

**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है। ठाकुर ने तंज कसते हुए कहा कि अभी तक 90 चुनाव राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस हार चुकी है और अब बिहार में भी यही डर कांग्रेस को सता रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर रविवार को हमीरपुर के टाउन हॉल में एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत हुआ। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के 'वोट चोरी' जैसे आरोपों का जवाब दिया।पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी चुनाव हारने के बाद वीवीपैट, ईवीएम और निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाते रहे हैं। कांग्रेस ने इस बार प्रीप्लानिंग की है। वह बिहार में चुनाव हारने वाले हैं, इसलिए पहले ही आरोप लगा रहे हैं। एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि पूरे विषय पर सुप्रीम कोर्ट ने विस्तार से सुनवाई की और निर्णय दिए। अगर राहुल गांधी या अन्य विपक्षी दलों का संवैधानिक संस्थाओं से विश्वास उठ चुका है तो यह दुर्भाग्य है।इस दौरान, भाजपा सांसद ने राहुल गांधी और अन्य विपक्षी दलों को कांग्रेस का इतिहास याद दिलाया। उन्होंने कहा, "जब राजीव गांधी की हत्या हुई, उस समय देश में चुनाव चल रहे थे। चुनाव आयोग ने उस समय एक सीट नहीं, बल्कि पूरे देश का चुनाव स्थगित कर दिया था। कांग्रेस के समय चुने गए चुनाव आयुक्त बाद में पार्टी में चले गए। राहुल गांधी अगर इतिहास में देखेंगे तो पता चलेगा कि कांग्रेस ने संवैधानिक संस्थानों का दुरुपयोग किया।



- **भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर रविवार को हमीरपुर के टाउन हॉल में एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे।**
- **अनुराग ठाकुर ने कहा, "राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस अब तक 90 चुनाव हार चुकी है।**
- **अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी के वोट चोरी वाले आरोपों को झूठा और प्रीप्लानिंग बताया**

## राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' से घबरा गई है भाजपा: सुरेंद्र राजपूत



**लखनऊ।** कांग्रेस नेता सुरेंद्र राजपूत ने दावा किया कि विपक्ष राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' से परेशान है इसलिए इसे पार्टी की हार से जोड़ रहे हैं। राजपूत केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के उस बयान का जवाब दे रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि राहुल जब हारते हैं तो संवैधानिक संस्थाओं पर दोष लगाते हैं। सासाराम से शुरू हुई इस यात्रा के जरिए राहुल गांधी ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर तीखे सवाल पूछे हैं, जिनका जवाब रिजिजू और भाजपा नहीं दे पाए हैं। उन्होंने भाजपा व आरएसएस पर संविधान को कमजोर करने का इल्जाम लगाया। आईएएनएस से बातचीत में राजपूत का दावा है कि रिजिजू और भाजपा इस मुद्दे से घबराए हुए हैं और उनके पास राहुल गांधी के सवालों का जवाब नहीं है। उन्होंने रिजिजू से लोकतंत्र का सम्मान करने और संविधान में आस्था दिखाने की बात कही, साथ ही भाजपा पर संविधान बदलने, आरक्षण विरोधी होने और वोट चोरी कर सत्ता हासिल करने की कोशिश का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लोगों के अधिकारों को बचाने के लिए मैदान में उतरे हैं। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि भाजपा किसानों, महिलाओं, युवाओं, और पिछड़ा-अति पिछड़ा वर्गों के वोटों को कथित रूप से 'काटकर' और 'वोट चोरी' के जरिए 'मैनेजमेंट की सरकार' बनाना चाहती है। पीएम-सीएम बिल पर विपक्ष के विरोध पर उन्होंने कहा कि विपक्ष ने सरकार को जोरदार झटका दिया है। इस बिल को लेकर विपक्ष चर्चा भी नहीं करना चाहती है। इससे साफ हो जाता है कि यह बिल कानून के विरोध और संविधान के विरोध में लाया जा रहा है। विपक्षी दलों ने साफ कहा है कि क्या पीएम खुद इस बिल के जरिए अपनी गिरफ्तारी के लिए अनुमोदन करेंगे? जिन लोगों को बिल की जानकारी नहीं है, उनसे चर्चा फिजूल है; यह बात टीएमसी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी कह रहे हैं। अमेरिका-पाकिस्तान के रिश्तों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान पर उन्होंने कहा, "उन्होंने हमारी विदेश नीति का मजाक बना दिया। विदेश मंत्री के तेल खरीदने वाले बयान पर उन्होंने कहा कि लोग यह जानना चाहते हैं।

## राहुल की यात्रा देश तोड़ने की साजिश जनता देगी करारा जवाब : रवि किशन



**गोरखपुर।** भाजपा सांसद रवि किशन रविवार को गोरखपुर के गुरुद्वारा पहुंचे। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने राहुल गांधी की यात्रा पर तीखा प्रहार किया। भाजपा सांसद रवि किशन ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की यह यात्रा देश को तोड़ने की यात्रा है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि इसमें विदेशी साजिशें शामिल हैं। सांसद ने आरोप लगाया कि यह पूरी तरह जातीय तुष्टीकरण की राजनीति है, जिसे देश की जनता भलीभांति समझ चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी की यह यात्रा विदेशी साजिश का हिस्सा है। हमारे दुश्मन देश इससे प्रसन्न हो रहे हैं। विपक्ष ने संसद चलने नहीं दी, झूठ की राजनीति की, जो देश के लिए बेहद खतरनाक और घातक है। रवि किशन ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी को लगातार जनता का समर्थन मिल रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर कोई दाग नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष झूठे आरोप लगाकर मोदी जी की छवि खराब करना चाहता है, लेकिन देश की जनता सच जानती है। उन्होंने कहा कि अगर वोट चोरी जैसी कोई बात होती, तो भाजपा कैसे साढ़े तीन सौ से अधिक सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाती? यह सब निराधार आरोप हैं। मोदी जी एक निस्वार्थ संत की तरह देश की सेवा कर रहे हैं, उन पर झूठे आरोप लगाना केवल विरोधियों की हताशा है।भाजपा सांसद ने विश्वास जताया कि आने वाले चुनावों में जनता राहुल गांधी और विपक्ष को करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि देश केयुवा और माताएं-बहनें मोदी जी की नीतियों और सेवाभाव को समझती हैं, इसलिए विपक्ष को हर बार हार का सामना करना पड़ता है। अगले चुनाव में विरोधी दलों को जनता इतनी बुरी तरह हराएगी कि वे याद रखेंगे। देश अब झूठ की राजनीति नहीं, विकास और स्थिरता चाहता है।

## राहुल-तेजस्वी बिहार में बेशर्मी से झूठ बोल रहे हैं, उनके आरोप बेबुनियाद : रविशंकर प्रसाद



**पटना।** भाजपा के नेता और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने रविवार को कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के 'वोट चोरी' के आरोपों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हर संवैधानिक संस्था पर बेशर्मी से आरोप लगाते रहे हैं। आज चुनाव आयोग है, और इसके पहले 'चौकीदार चोर है' की भी बात की थी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने चुनाव आयोग, मीडिया, और प्रधानमंत्री किसी को नहीं छोड़ा है, लेकिन उन्हें समझना चाहिए कि आप कुछ भी बोलें और देश बर्दाश्त करे, यह नहीं होगा। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में उन्होंने आंकड़ों के हवाले के साथ कहा कि जब उनके पक्ष में जनता वोट दे, तो चुनाव आयोग ठीक है। जब वोट नहीं मिले तो चुनाव आयोग खराब है, यह कैसे चलेगा?उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की सोच है कि जो मैं कहूं, वह सही है, और शेष गलत है। इसके पीछे का एक भाव है कि देश का शासन कांग्रेस करेगी और राहुल गांधी पीएम बनेंगे, और बिहार का शासन राजद करेगी और सीएम तेजस्वी यादव बनेंगे।

### राहुल गांधी बिहार में लोगों को बरगला रहे हैं : भाजपा नेता

पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने सवालिया लहजे में कहा कि कांग्रेस की हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में सरकार बनी, तो क्या वहां चुनाव आयोग नहीं था? उन्होंने कहा कि अगर राहुल गांधी को जनता वोट नहीं देती है, तो कोई क्या करेगा? हरियाणा विधानसभा, दिल्ली और महाराष्ट्र में विधानसभा में भाजपा की जीत हुई, क्योंकि जनता ने राहुल गांधी के झूठ को पहचान लिया था। उन्होंने कहा कि इन दिनों राहुल गांधी बिहार में आकर लोगों को बरगला रहे हैं और बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। तेजस्वी यादव को लेकर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को लेकर जिस भाषा का वे इस्तेमाल कर रहे हैं, वह सही नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने तीन बार उन्हें प्रधानमंत्री बनाया है। प्रधानमंत्री को "झूठ" बोलने के लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि राहुल गांधी की संगत में आप उनकी चाल न चलिए। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने एसआईआर को लेकर कहा कि क्या जिनका निधन हुआ है या जो दो जगह वोटर हैं, उन्हें वोट देने दिया जाए? जो बिहार छोड़कर चले गए हैं, क्या उन्हें वोट देने दिया जाए?

# संसद में हंगामे के पीछे विपक्ष के शीर्ष नेताओं के आदेश: रिजिजू

## कुछ भी करो, हंगामा करो, बस हेडलाइन बटोरना है...

**एजेंसी। नई दिल्ली**



संसद के मानसून सत्र में विपक्ष द्वारा अपनी मांगों को लेकर लगातार व्यवधान देखने को मिलने के बाद, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को कहा कि उन्होंने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से लोकसभा और राज्यसभा दोनों में चर्चा की अनुमति देने का लगातार आग्रह किया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि मेरा गला भी बैठ गया देखो। विपक्ष को चिल्ला-चिल्ला के मैं अनुरोध करता हूँ कि बहस होने दीजिए। एएनआई को दिए एक साक्षात्कार में, रिजिजू ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में, संसद विपक्ष की होती है क्योंकि वे सरकार से जवाब मांग सकते हैं। किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार जवाब देने के लिए उत्तरदायी है। विपक्ष को सवाल पूछने होंगे। अगर सवाल पूछने वाले ही भाग जाएं तो सरकार क्या करेगी? हम उनसे हंगामा न करने के लिए कह रहे हैं। मेरा गला खराब हो गया क्योंकि मुझे चिल्लाना पड़ा और विपक्ष से हंगामा न करने के लिए कहना पड़ा। गंभीर आपराधिक आरोपों में फंसे पीएम, सीएम, मंत्रियों को हटाने के लिए विपक्ष द्वारा बिल फाड़ने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन लोगों को ऊपर से ऑर्डर दिया है, उनके पार्टी के नेताओं ने कुछ भी करो, हंगामा करो, और हेडलाइन बटोरना है। भाजपा नेता ने कहा कि मैंने उन्हें कई बार समझाया कि इस तरह कागज़ फेंकना ठीक नहीं है। उन्होंने सारी हदें पार कर दीं।

### भारत का हमेशा से स्वतंत्र विदेश नीति पर जोर : शाहनवाज हुसैन



पटना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता शाहनवाज हुसैन ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के उस बयान का समर्थन किया जिसमें उन्होंने कहा है कि भारत से तेल खरीदने में जिन्हें परेशानी है वो न खरीदें। भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि भारत की एक स्वतंत्र विदेश नीति है। हमने स्पष्ट कर दिया है कि अगर हम किसी भी देश के साथ समझौता करते हैं, तो हम अपने राष्ट्रीय हितों या किसानों के हितों से समझौता नहीं कर सकते। भारत का हित पहले है, बाकी सब बाद में। शाहनवाज हुसैन ने 'वोट चोरी' विवाद पर कहा कि जब कांग्रेस कर्नाटक, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, झारखंड या तमिलनाडु में जीतती है, तो चुनाव आयोग को अच्छा माना जाता है। लेकिन जब वे महाराष्ट्र, हरियाणा या दिल्ली में हार जाते हैं, तो वे आयोग पर दोष मढ़ना शुरू कर देते हैं। उनके आरोपों से कुछ नहीं बदलेगा। एसआईआर को लेकर मचे बवाल को बेबुनियाद बताते हुए कहा, " चुनाव आयोग अच्छी नीयत के साथ काम कर रहा है। आयोग ने कहा है कि जो वैध वोटर हैं उनको डरने की जरूरत नहीं है। इस मुद्दे को लेकर जानबूझकर हंगामा किया जा रहा है। विपक्षी दल पद यात्रा कर रहे हैं। चुनाव आयोग के खिलाफ बयानबाजी की जा रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा विफल हो रही है। इस यात्रा को जनता ने नकार दिया है।"

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें ।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## 25-26 अगस्त को गुजरात दौरे पर रहेंगे पीएम मोदी देंगे 5,400 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25-26 अगस्त को गुजरात के दौरे पर रहेंगे। वे गुजरात को 5,400 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की सौगात देंगे। ये परियोजनाएं शहरी विकास, ऊर्जा, सड़क और रेलवे क्षेत्र से जुड़ी हैं। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अगस्त को शाम लगभग 6 बजे अहमदाबाद के खोडलधाम मैदान में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। 'मेक इन इंडिया' की सफलता के एक प्रमुख उदाहरण के रूप में प्रधानमंत्री मोदी अहमदाबाद के हंसलपुर में 100 से अधिक देशों में निर्यात के लिए सुजुकी के पहले वैश्विक बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन "ई विटारा" को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके अलावा, 26 अगस्त को सुबह लगभग 10:30 बजे, पीएम मोदी टीडीएस लिथियम-आयन बैटरी संयंत्र में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड के स्थानीय उत्पादन का उद्घाटन करेंगे, जो हरित ऊर्जा के क्षेत्र में भारत के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1,400 करोड़ रुपए से अधिक की कई रेलवे परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

## संगठित अपराध के खिलाफ पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई, मुंबई से दो आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पंजाब पुलिस ने संगठित अपराध पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस जालंधर और एसबीएस नगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मुंबई से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान करण रोर्मजारा और जसकरनदीप कालू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों ने हाल ही में अमेरिका में बैठे अपने सहयोगी जसकरन कन्नू के साथ मिलकर एसबीएस नगर के पोजेवाल इलाके में एक व्यक्ति की हत्या की थी। यह हत्या आपसी रंजिश के चलते की गई थी। जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी और जसकरन कन्नू कुख्यात गैंगस्टर लकी पटीयाल (देविंदर बंबीहा गैंग) के करीबी सहयोगी हैं। इस गैंग का नाम पहले भी कई आपराधिक वारदातों में सामने आता रहा है। इस मामले में पुलिस स्टेशन पोजेवाल, नवांशहर (एसबीएस नगर) में बीएनएस और आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "संगठित अपराध के विरुद्ध एक बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए, काउंटर इंटेलिजेंस जालंधर ने एसबीएस नगर पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में मुंबई से दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

**बिहार एसआईआर** | अमित मालवीय ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर फैली भ्रांतियों को किया खारिज

# वोटर सूची पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की गलत व्याख्या

- **84,305 नामों पर आपत्तियाँ प्रत्यक्ष रूप से मतदाताओं से प्राप्त हुईं**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भाजपा आईटी सेल के अध्यक्ष अमित मालवीय ने सुप्रीम कोर्ट के 22 अगस्त के आदेश के बाद फैली कई गलत व्याख्याओं पर स्पष्टता दी है, खासकर आधार से संबंधित त्रुटिपूर्ण दावे के संदर्भ में। अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट ने कभी ये नहीं कहा, न ही इशारा किया कि एसआईआर के लिए आधार कार्ड को मान्य दस्तावेज के रूप में माना जाए। उन्होंने कहा, "बार-बार न्यायालय की पॉइंट 9 को पढ़ें, कहीं ऐसा मार्गदर्शन नहीं है।" मालवीय ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रीय मतदाता पंजीकरण अधिनियम, 1950 की धारा 16 बताती है कि कोई व्यक्ति वोटर सूची में तभी शामिल हो सकता है, जब वह भारतीय नागरिक हो, मानसिक रूप से स्वस्थ हो, और किसी चुनाव या भ्रष्टाचार अपराध के तहत अयोग्य घोषित न हो। अमित मालवीय ने आधार अधिनियम का जिक्र करते हुए कहा कि आधार अधिनियम सिर्फ पहचान और निवास प्रमाण के लिए है, नागरिकता या निवास की पुष्टि का प्रमाण नहीं है। इसका मतलब है कि यदि आधार को ही वोटर सूची में शामिल होने के लिए पर्याप्त माना जाए, तो धारा 16 और आधार अधिनियम दोनों ही निरर्थक हो जाएंगे।असल में, यह वही सुप्रीम कोर्ट की बेंच थी, जिसने 12 अगस्त को स्पष्ट किया था कि आधार नागरिकता साबित करने वाला वैध दस्तावेज नहीं है। अमित मालवीय ने चेतावनी दी है कि सुप्रीम कोर्ट को बिना बताए कुछ कहना अदालत का अपमान हो सकता है। उन्होंने मीडिया, राजनीतिक दलों और एक्टिविस्ट्स से अपील की कि वे कोर्ट के शब्दों का गलत प्रचार न करें। मालवीय ने कहा कि कोर्ट ने बताया कि 84,305 नामों के विरुद्ध आपत्तियां सीधे मतदाताओं से मिलीं। वहीं 2,63,257 नए मतदाताओं ने अपनी नामांकन फॉर्म जमा किए। अगर कोई राजनीतिक दल पंजीकृत मतदाता सूची में गलत नाम या छूटे नाम देखता है, तो उसे संबंधित ईआरओ को समय सीमा में लिखित रूप में जानकारी देनी होगी।

### मालवीय ने पॉइंट 7 का हवाला दिया

1. मालवीय ने 'एक्स' पोस्ट में बिहार में हो रहे मतदाता पुनरीक्षण के तथ्यों के बारे में कुछ इस प्रकार से लिखा।
2. 65 लाख नाम हटा दिए गए, जिनमें मृत, फर्जी, बांग्लादेशी और रोहिंग्या नाम शामिल हैं। कोर्ट ने निर्देश दिया कि सूची प्रकाशित की जाए, ताकि वास्तविक मतदाता शिकायत कर शामिल हो सकें।
3. 22 दिनों में सिर्फ 84,305 आपत्तियां आईं, जो कुल 65 लाख का केवल 1.3 प्रतिशत है। यह वोट चोरी का दावा असंभव बनाता है।
4. सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि हर बीएलए प्रतिदिन कम से कम 10 वास्तविक मतदाताओं को पुन: सूची में शामिल करे।
5. एसआईआर प्रक्रिया कायम है। आधार अकेले किसी को मतदाता सूची में शामिल नहीं कर सकता।
6. डेड, फर्जी, बांग्लादेशी और रोहिंग्या नाम हटाए जाएंगे। केवल भारतीय नागरिक ही अगली सरकार का निर्वाचन कर सकेंगे।
7. अमित मालवीय ने 'एक्स' पोस्ट के अंत में लिखा, "प्रचार की खाक में मत खो जाइए। सुप्रीम कोर्ट जमीनी सच्चाई देख रहा है, आपको भी समझ लेना चाहिए।

## निराशाजनक मोड़ पर खत्म हुआ ओलंपिक गोल्ड का सपना दिखाने वाली रेसलर का सफर



● राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कई बार स्वर्ण पदक जीतकर देश का

**नई दिल्ली।** भारत में जिस खेल की लोकप्रियता पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ी है, उसमें कुश्ती का स्थान प्रमुख है। इस खेल को लोकप्रिय बनाने में पुरुष एथलीटों के साथ-साथ महिला एथलीटों ने भी बड़ी भूमिका निभाई है और इस खेल में वैश्विक मंच पर देश की प्रतिष्ठा बढ़ाई है। ऐसे पहलवानों में एक बहुत बड़ा नाम विनेश फोगाट का है, जो पेरिस ओलंपिक में कुश्ती का पहला स्वर्ण पदक दिलाने से चूक गई थी। विनेश फोगाट पिछले 10 साल में एक ऐसे पहलवान के रूप में उभरी थीं, जिनसे देश ओलंपिक में कुश्ती के क्षेत्र में पहले स्वर्ण पदक की उम्मीद करने लगा था। विनेश अपनी कड़ी मेहनत के दम पर देश का यह स्वर्णिम सपना पूरा करने की दहलीज पर भी पहुंच गई थी। पेरिस ओलंपिक के फाइनल में विनेश ने जगह बना ली थी। वह 50 किग्रा भारवर्ग में फाइट कर रही थीं।

» दो साल से टीम से बाहर थे

» हर अच्छी चीज का अंत होता है

» अगले पड़ाव का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं

» हर अच्छी चीज का अंत होता है

» इंटरनेशनल क्रिकेट में पुजारा ने साल 2010 में डेब्यू किया था

# चेतेश्वर पुजारा क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से रिटायर

### सोशल मीडिया पर लिखा- हर अच्छी चीज का अंत होता है



**नई दिल्ली।** बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पर रिटायरमेंट की जानकारी दी। पुजारा ने अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच जून 2023 (टेस्ट) में खेला था। उनका इंटरनेशनल करियर 15 साल का रहा। इंटरनेशनल क्रिकेट में पुजारा ने साल 2010 में डेब्यू किया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेंगलुरु में डेब्यू किया था, जो कि एक टेस्ट मैच था। टेस्ट क्रिकेट में पुजारा ने 103 मैच की 176 पारियों में 43.60 की औसत से 7,195 रन बनाए। इस दौरान 19 शतक और 35 अर्धशतक लगाए हैं। उनका बेस्ट स्कोर 206* रन रहा है। हालांकि, वनडे में उन्होंने 5 मैच खेले और 10.20 की औसत के साथ कुल 51 रन बनाए थे, जिसमें उनका बेस्ट 27 रन था। वे कोई टी-20 इंटरनेशनल मुकाबला नहीं खेल सके थे।

**मैं सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं**

*पुजारा ने लिखा, मैं BCCI और सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन को मेरे क्रिकेट करियर में मिले अवसर और समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं उन सभी टीमों, फ्रेंचाइजी और काउंटी टीमों का भी आभारी हूं जिनका मैं इतने सालों में प्रतिनिधित्व कर पाया हूं। मैं अपने गुरुओं, प्रशिक्षकों और आध्यात्मिक गुरु के अमूल्य मार्गदर्शन के बिना यहां तक नहीं पहुंच पाता।*

## उत्तराखंड की 'फ्लाइंग गर्ल' भागीरथी बिष्ट ने हैदराबाद मैराथन में जीता गोल्ड



**चमोली।** हैदराबाद मैराथन दौड़ में उत्तराखंड के चमोली जिले की भागीरथी बिष्ट ने गोल्ड जीता। रविवार को भागीरथी बिष्ट ने 2 घंटे 51 मिनट में दौड़ पूरी करते हुए पहला स्थान अपने नाम किया। इसके साथ ही उन्हें प्राइज मनी के तौर पर तीन लाख रुपये मिले। देवाल ब्लॉक के वाण गांव की रहने वाली भागीरथी बिष्ट ने नेशनल लेवल पर इस कामयाबी के साथ जनपद सहित पूरे राज्य का नाम रोशन किया है।



## सचिन तेंदुलकर ने किया चेतेश्वर पुजारा के लिए ट्वीट



सचिन तेंदुलकर ने कहा है कि चेतेश्वर पुजारा की मजबूत तकनीक भारत की टेस्ट मैचों में कई जीत का आधार थी। उन्होंने यह भी कहा कि 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया में मिली सीरीज जीत उनकी भागीदारी के बिना संभव नहीं थी। 103 टेस्ट मैचों में 7000 से ज्यादा रन बनाने वाले पुजारा ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। पुजारा भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में आठवें नंबर पर रहे। उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में भी 21301 रन बनाए हैं। सचिन तेंदुलकर ने पुजारा के लिए ट्वीट करते हुए लिखा, 'पुजारा आपको हमेशा नंबर 3 पर बल्लेबाजी करते देखना सुकून देता था। आप हर बार मैदान पर शांत, साहस और टेस्ट क्रिकेट के प्रति गहरा प्यार लेकर आते थे। आपकी ठोस तकनीक, धैर्य और दबाव में संयम टीम के लिए एक स्तंभ रहा है।' 2010 में खेला था पहला टेस्ट चेतेश्वर पुजारा ने 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेंगलुरु में टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला मैच खेला था। उस मैच में सचिन तेंदुलकर भी खेल रहे थे। घरेलू क्रिकेट का नया सीजन शुरू होने वाला है।

## आप इस खेल के महान दूत रहे हैं : कुंबले

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले ने चेतेश्वर पुजारा के क्रिकेट से संन्यास पर उन्हें दूसरी पारी के लिए शुभकानाएं दी हैं। कुंबले ने पुजारा को क्रिकेट का सच्चा दूत कहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अनिल कुंबले ने लिखा, "शानदार करियर के लिए बधाई, आप इस अद्भुत खेल के एक बेहतरीन दूत रहे हैं। क्रिकेट के मैदान पर आपकी सभी उपलब्धियों पर हम सभी को गर्व है। आपने टीम के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया। आपके साथ काम करना हमारे लिए सौभाग्य की बात थी और आशा है कि आप अपनी दूसरी पारी में भी इसी तरह चमकते रहेंगे। आपको, पूजा, अदिति और आपके पिताजी को शुभकामनाएं, शाबाश।

## दो दिवसीय काता, बुन्काई व ब्लैक बेल्ट ग्रेडिंग प्रतियोगिता आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आल इंडिया शीतोरयू कराटे यूनियन (एआईएसकेयू) के तात्वधान में, शीतोरयू कराटे एसोशिएशन, उत्तरप्रदेश, ग्रेटर नोएडा में आयोजित दो दिवसीय काता, बुन्काई एवं ब्लैक बेल्ट ग्रेडिंग में झारखण्ड के इन्फिनिटी मार्शल आर्ट्स से झारखण्ड के प्रमुख प्रशिक्षक सेंसेई प्रणव कुमार को ब्लैक बेल्ट चौथा डैन (योंदान) की उपाधि एवं सृजित भट्टाचार्य को ब्लैक बेल्ट प्रथम डैन की उपाधि ऑल इंडिया शितोरियो कराते यूनियन के प्रेजिडेंट हान्शी सी. एस. अरुण मचैयाह के द्वारा प्रदान किया गया। ग्रेडिंग में लगभग 60 कराटेकारो ने ब्लैक बेल्ट ग्रेडिंग दिया। ग्रेडिंग के दौरान प्रमुख प्रशिक्षण के रूप मे शिहान रामलिंगम के., हान्शी सी. एस. अरुण मचैयाह (अध्यक्ष, ऑल इंडिया शीतोरयू कराटे यूनियन (एआईएसकेयू) एवं ऑल इंडिया शीतोरयू कराटे यूनियन (एआईएसकेयू) के महासचिव राहुल एस. तावडे उपस्थित थे एवं शीतोरयू कराटे एसोशिएशन, उ.प्र. के अध्यक्ष बृज मोहन खन्ना, शिहान दीपक अग्रवाल, शिहान विवेक श्रीवास्तव, शिहान रवि कुमार, शिहान कन्हैया कुमार, शिहान संजीव कुमार, सेंसेई नवीन चंद्रा उपस्थित थे।

## श्रेयस अय्यर ने एशिया कप की वजह से 'कप्तानी' नहीं ली

**नई दिल्ली।** एशिया कप के लिए भारतीय टीम में श्रेयस अय्यर को जगह नहीं मिली है। उन्होंने आईपीएल 2025 में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। टीम चयन से पहले रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि अय्यर एशिया कप में चुने जाएंगे। हालांकि चयनकर्ताओं ने उन्हें मौका नहीं दिया। अय्यर ने आखिरी बार भारत के लिए 2023 में टी20 मैच खेला था। अपने आखिरी मैच में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फिफ्टी ठोकी थी। एशिया कप के लिए कप्तानी से मना किया श्रेयस अय्यर दलीप ट्रॉफी में वेस्ट जोन का हिस्सा हैं। हालांकि वह कप्तान नहीं हैं। शार्दुल ठाकुर टीम की कप्तानी कर रहे हैं। श्रेयस ने खुद ही दलीप ट्रॉफी में कप्तानी करने से मना कर दिया था।

## कैमरन ग्रीन ने 47 गेंदों पर लगाया शतक टूट गया ग्लेन मैक्सवेल का रिकॉर्ड

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज का आखिरी मैच रविवार को साउथ मैके में खेला गया। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में रनों का अंबार लगा दिया। ऑस्ट्रेलिया के टॉप तीन बल्लेबाजों ने शतक लगाए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए कैमरन ग्रीन ने तूफानी शतक लगाते हुए ग्लेन मैक्सवेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच को 276 रनों के बड़े अंतर से जीत लिया।

कैमरन ग्रीन ने 55 गेंदों में 8 छक्के और 6 चौके लगाते हुए 118 रन की पारी खेली। उन्होंने 47 गेंदों में अपना शतक पूरा किया।

ऑस्ट्रेलिया की तरफ से वनडे क्रिकेट का यह दूसरा सबसे तेज शतक था। पूर्व में दूसरे सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड ग्लेन मैक्सवेल के नाम था। मैक्सवेल ने 2015 में सिडनी में श्रीलंका के खिलाफ 51 गेंदों में शतक लगाया था।

ऑस्ट्रेलिया की तरफ से वनडे का सबसे तेज शतक ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे विश्व कप 2023 में नीदरलैंड के खिलाफ लगाया था। मैक्सवेल ने तब 40 गेंद में शतक लगाया था।



ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे का चौथा सबसे तेज शतक जेम्स फॉकनर ने 2013 में भारत के खिलाफ 57 गेंद पर लगाया था।

बात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रहे मैच की करें तो टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 2 विकेट पर 431 रन बनाए।

ट्रेविस हेड ने 103 गेंद पर 142, कप्तान मार्श ने 106 गेंद पर 100, कैमरन ग्रीन ने 55 गेंद पर 8 छक्के और 6 चौके लगाते हुए 118 और एलेक्स कैरी ने 37 गेंद में 7 चौके की मदद से नाबाद 50 रन बनाए।

## राशिद खान की कप्तानी में अफगानिस्तान की 17 सदस्यीय टीम घोषित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एशिया कप 2025 के लिए अफगानिस्तान क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी गई है। 17 सदस्यीय टीम की कमान राशिद खान को सौंपी गई है। टीम बल्लेबाजी, तेज और स्पिन गेंदबाजी का मजबूत संतुलन बनाया गया है। राहुल गांधी ने 'वोटर अधिकार यात्रा' के आठवें दिन की बुलेट की सवारी, बाइक रैली में हुए शामिल




पूर्णिया, 24 अगस्त (आईएएनएस)। बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा आज यानी रविवार को पूर्णिया के कटिहार मोड़ से शुरू हुई। यात्रा का आज आठवां दिन है। यात्रा का नेतृत्व कर रहे लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज यात्रा के क्रम में बुलेट चलाई। उनके बुलेट के पीछे बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम बैठे हुए थे। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता बाइक पर सवार होकर उनके साथ चल रहे थे। इस दौरान बाइक रैली निकाली गई जिसमें राहुल गांधी भी शामिल हुए। वोटर अधिकार यात्रा को लेकर सीमांचल के पूर्णिया की सड़कों पर जोरदार उत्साह दिखा।



# रियल-मनी गेम में 45 करोड़ भारतीय हर साल गंवा रहे थे 20,000 करोड़ रुपए

**एजेंसी। नई दिल्ली**




सरकार ने द प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 लाकर देश के युवाओं को नई दिशा देने का काम किया है। इससे एक तरफ रियल-मनी गेम पर रोक लग जाएगी, तो दूसरी तरफ ई-स्पोर्ट्स और एजुकेशन प्लेटफॉर्म को बढ़ावा मिलेगा। सरकारी अनुमान के मुताबिक, रियल-मनी गेम में करीब 45 करोड़ भारतीय हर साल 20,000 करोड़ रुपए गवां रहे थे। यह कई सामाजिक समस्याओं को जन्म दे रहे थे। इनमें कर्ज के कारण आत्महत्या और बच्चों द्वारा अनजाने में माता-पिता की पूरी सेविंग्स ऑनलाइन गेम में दांव पर लगाना आदि शामिल था। सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग बिल सभी पक्षकारों की सहमति से मिलकर बनाया है। संपूर्ण दृष्टिकोण प्राप्त करने के लिए वित्त, खेल और आईटी मंत्रालयों के साथ-साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई), बैंकों, अभिभावक संगठनों और गेमिंग उद्योग से भी जानकारी ली गई। इस बिल से देश में ऑनलाइन गेम के भविष्य को सही दिशा मिलने की उम्मीद है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, देश में मौजूदा समय में 48.8 करोड़ लोग ऑनलाइन गेम खेलते हैं। इस आंकड़ा 2025 के अंत तक 50 करोड़ के पार जा सकता है। वहीं, ई-स्पोर्ट्स की व्यूअरशिप 2025 के अंत तक 64 करोड़ के पार जाने की उम्मीद है। 2024 में गेमिंग स्टार्टअप ने 3,000 करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित किया था, जो कि 2025 में 5,000 करोड़ रुपए तक जाने की उम्मीद है। प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल, 2025 पर इंडस्ट्री लीडर्स और लीगल एक्सपर्ट्स का भी कहना है कि इससे देश में ई-स्पोर्ट्स को बढ़ावा मिलेगा। एक्सपर्ट्स ने कहा कि यह कानून न सिर्फ ई-स्पोर्ट्स को मान्यता देता है, बल्कि एडिक्शन, वित्तीय सुरक्षा, फ्रॉड और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे सामाजिक मुद्दों को संबोधित करता है।

## देश की वृद्धि दर को बढ़ाने के लिए सीआईआई ने 14 महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सुधारों का ब्लूप्रिंट तैयार किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रविवार को देश की वृद्धि दर को बढ़ने के लिए अपना ब्लूप्रिंट 'प्रतिस्पर्धी भारत के लिए नीतियों' का अनावरण किया। इसमें देश को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए रोडमैप दिया हुआ है। यह रिपोर्ट 14 महत्वपूर्ण क्षेत्रों में 250 से अधिक कार्यान्वयन योग्य सुझाव प्रस्तुत करती है। सीआईआई के बयान के अनुसार, इंडस्ट्री लीडर्स, अर्थशास्त्रियों और नीति विशेषज्ञों के साथ व्यापक परामर्श के माध्यम से विकसित किया गया यह ब्लूप्रिंट सरकार के विकसित भारत दृष्टिकोण के अनुरूप है। इसका विमोचन ऐसे महत्वपूर्ण समय पर हुआ है, जब प्रधानमंत्री ने भारत की पूरी क्षमता को उजागर करने के लिए साहसिक, दूसरी पीढ़ी के सुधारों का ऐलान किया है। सीआईआई अध्यक्ष राजीव मेमानी ने कहा, "यह प्रकाशन (ब्लूप्रिंट) व्यापक राष्ट्रीय सुधार एजेंडे में एक योगदान है। यह राजकोषीय नीति और सार्वजनिक क्षेत्र सुधार से लेकर कराधान, व्यापार, ऊर्जा और रोजगार तक, 14 क्षेत्रों में कार्यान्वयन योग्य प्राथमिकताएं प्रस्तुत करता है। ये सिफारिशें सरकार के सुधार पथ के साथ निकटता से जुड़ी हैं और प्रधानमंत्री के साहसिक एवं परिवर्तनकारी बदलाव की घोषणा का समर्थन करती हैं।सीआईआई, विकसित भारत की ओर भारत के बढ़ते कदम को तेज करने और वैश्विक विकास में अग्रणी के रूप में देश की स्थिति को मजबूत करने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और सुधार संबंधी विचारों के साथ सरकार के साथ जुड़ाव बनाए रखेगा।"

## अमेरिका को भारत के साथ ट्रेड डील करने के लिए यूके के एप्रोच को फॉलो करना चाहिए : ऑस्ट्रेलियाई इंस्टीट्यूट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से रूसी तेल आयात को लेकर भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ से दोनों देशों के दशकों पुराने संबंधों के टूटने का खतरा है। यह जानकारी एक ऑस्ट्रेलियाई इंस्टीट्यूट के लेख में दी गई। लेख में बताया गया कि इसके साथ ही चीन के प्रभाव संतुलित करने में यूएस का प्रमुख सहयोगी (भारत) अमेरिकी नीति से भिन्न एक अलग रुख अपना सकता है। ऑस्ट्रेलियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स द्वारा प्रकाशित किए लेख में कहा गया है कि अमेरिका को बलपूर्वक टैरिफ लगाने के बजाय भारत के साथ जुलाई 2025 में यूनाइटेड किंगडम के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में अपनाए गए व्यावहारिक दृष्टिकोण से प्रेरणा लेनी चाहिए, जो किसी भी देश की प्राथमिकताओं से समझौता किए बिना आपसी समृद्धि को बढ़ावा देता है। लेख में चेतावनी गई कि टैरिफ भारत को चीन के और करीब ला सकती है, जो एक अनजाने में हुई भू-राजनीतिक भूल है जो अमेरिकी हितों को नुकसान पहुंचाएगी। क्वाड में भारत की भूमिका और आतंकवाद के खिलाफ योगदान इसे अमेरिका की हिंद-प्रशांत रणनीति का एक महत्वपूर्ण आधार बनाता है। 27 अगस्त से लागू होने वाले ट्रंप के टैरिफ इस साझेदारी को खतरे में डालते हैं। लेख में कहा गया है कि अमेरिका, भारत की ओर से आयात पर लगाए जाने वाले उच्च शुल्कों और रूसी कच्चे तेल आयात के कारण टैरिफ को उचित ठहरा रहा है, लेकिन इसमें वास्तविकताओं की अनदेखी की गई है। पारंपरिक तेल आपूर्तिकर्ताओं के यूरोप की ओर रुख करने के साथ, भारत ने अपने 1.4 अरब नागरिकों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रियायती रूसी तेल की ओर रुख किया। जैसा कि भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि ये आयात "पूर्वानुमानित और किफायती ऊर्जा लागत" बनाए रखने के लिए "बाजार कारकों" से प्रेरित हैं। आर्थिक स्थिरता को प्राथमिकता देने के लिए भारत को दंडित करना अनुचित माना जाता है।

## देश की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 1.72 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

**मुंबई।** देश की 10 में से आठ कंपनियों के मूल्यांकन में बीते हफ्ते 1,72,148.89 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। इसकी वजह शेयर बाजार का मजबूत प्रदर्शन करना है। इस दौरान निफ्टी 0.97 अंक या 238.80 अंक बढ़कर 24,870.10 और सेंसेक्स 0.88 प्रतिशत या 709.19 अंक बढ़कर 81,306.85 पर बंद हुआ। समीक्षा अवधि में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और बजाज फाइनेंस जैसी कंपनियों के मूल्यांकन में बढ़त दर्ज की गई थी। वहीं, एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के मूल्यांकन में गिरावट दर्ज की गई है। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 34,280.54 करोड़ रुपए बढ़कर 6,17,672.30 करोड़ रुपए हो गया। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 33,899.02 करोड़ रुपए बढ़कर 11,02,159.94 करोड़ रुपए हो गया, जबकि बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 20,413.95 करोड़ रुपए बढ़कर 5,55,961.39 करोड़ रुपए हो गया।

## सरकारी तेल कंपनियों में बीपीसीएल ने पहली तिमाही में किया शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** सरकारी तेल कंपनियों ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया है। इसकी वजह डीजल और पेट्रोल की बिक्री पर अच्छा मार्जिन रहना था। चालू वित्त वर्ष अप्रैल-जून अवधि के दौरान भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने 6,124 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है। इस दौरान आकार में करीब दोगुनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने 5,689 करोड़ रुपए का लाभ दर्ज किया है। वहीं, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने पहली तिमाही में 4,371 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है। बीपीसीएल, आईओसीएल और एचपीसीएल ने पहली तिमाही में संयुक्त रूप से 16,184 करोड़ रुपए का मुनाफा कमााया है, जो कि सालाना आधार पर दोगुने से अधिक है। तीनों सरकारी तेल कंपनियों में बीपीसीएल के अधिक मुनाफा कमाने की वजह अधिक रिफाइनिंग मार्जिन और परिचालन क्षमता का सही उपयोग था। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में बीपीसीएल का रिफाइनिंग मार्जिन प्रत्येक क्रूड ऑयल के बैरल पर 4.88 डॉलर रहा है, जबकि आईओसीएल और एचपीसीएल के लिए यह क्रमशः 2.15 डॉलर प्रति बैरल और 3.08 डॉलर प्रति बैरल था। इस दौरान बीपीसीएल का रिफाइनरी रन रेट 118 प्रतिशत, जबकि आईओसीएल का 107 प्रतिशत और एचपीसीएल का 109 प्रतिशत था, जो बेहतर परिचालन क्षमता को दिखाता है।



### पलामू के चार छात्र राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता के लिए चयनित

# मुंबई में करेंगे झारखंड का प्रतिनिधित्व, राज्य स्तर पर दिखाया सृजनशीलता का जलवा

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चार प्रतिभाशाली छात्रों ने अपनी सृजनशीलता और वैज्ञानिक सोच के दम पर राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन सुनिश्चित किया है। इनमें राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय छतरपुर के मोहम्मद आतिफ राजा और प्रेमचंद कुमार ने प्राकृतिक कृषि विषय पर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल शाहपुर के अभिराज अर्णव और अद्विक अग्रवाल ने संसाधन प्रबंधन विषय पर द्वितीय स्थान हासिल किया। अब ये चारों छात्र मुंबई में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

राज्य स्तरीय यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद तथा भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार की ओर से रांची स्थित जिला स्कूल परिसर में आयोजित की गई। इसका मुख्य विषय था'सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा निदेशक राजेश प्रसाद और राज्य बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के नोडल पदाधिकारी सह जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को मेडल, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर पलामू के जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि जिले के शिक्षक और विद्यार्थी तकनीक-आधारित और सशक्त शिक्षण योजना पर काम कर रहे हैं, जिसका परिणाम है कि पलामू लगातार विज्ञान प्रदर्शनियों में अव्वल रहता है। सहायक जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि पलामू के छात्रों में परिस्थितियों का विश्लेषण करने, परिकल्पना गढ़ने और समाधान खोजने की क्षमता सबसे अधिक है। इसी बदौलत जिले के बच्चों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। पलामू का प्रतिनिधित्व कर रहे शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी ने कहा कि यह उपलब्धि जिले के सभी विज्ञान विद्यार्थियों को समर्पित है। उन्होंने विश्वास जताया कि राष्ट्रीय स्तर पर भी पलामू के बच्चे परचम लहराएंगे। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड दो व तीन में छह माह मे भी नहीं भरा गया गढ्ढा

- शहरी क्षेत्रों में जल जमाव से जन- जीवन अस्त-व्यस्त, अनुमंडल कार्यालय भी बारिश से डूबा

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड- दो और तीन के आईटीआई के समीप में बारिश का पानी जमा होने से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हुसैनाबाद में रुक-रुककर हो रही लगातार बारिश के कारण नगर पंचायत के वार्ड तीन के आईटीआई के बगल रास्ते में सड़कों पर जल जमाव से सामान्य जन जीवन अस्त - व्यस्त हो गया है। छह माह में भी उक्त सड़क का गढ्ढा नहीं भरा गया।सबसे दिलचस्प बात तो यह हैं कि अनुमंडल कार्यालय भी बारिश से डूबा हुआ है। जबकि नगरीय कोष से इसका समाधान किया जा सकता था, परंतु वह भी नहीं किया गया। जगह-जगह जल जमाव के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों की परेशानी और बढ़ रही है। जबकि विकास के नाम पर करोड़ों रुपये प्रतिवर्ष खर्च की जा रही हैं। आईटीआई के समीप आरसीसी नाली का निर्माण किये जाने के बाद भी सड़क पर जल-जमाव हो गया है। अभी वर्तमान में आईटीआई के दक्षिण क्षेत्र से घुमकर लोगों का आवाजाही है। परंतु सड़कों पर जल जमाव के कारण उक्त सड़क से आवागमन में लोगों को काफी कठिनाई हो रही है। वहीं उक्त रास्ता वार्ड नंबर दो और तीन के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के गांव विशुनपुर, दरुआ,रामाबांधी और फातमा चक होते हुए जपला पथरा मुख्य सड़क से जोड़ती है। गांव के मुख्य सड़क से शहरी क्षेत्रों में जाने वाली पूरे सड़क पर जल जमाव की स्थिति बनी हुई है। बताया जाता है कि जपला स्टेशन रोड, अनुमंडल रोड,अनुमंडल से मुनि सिंह चौक सभी सड़कों की स्थिति काफी खराब हो गई हैं। सड़क पर लोगों के सामने जल जमाव एक बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है । इधर बारिश के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में सब्जीयों की फसल बर्बाद हो गई है । जर्जर सड़क पर जल जमाव के कारण राहगीरों की मुश्किलें भी बढ़ गई है। पानी भरे रहने के कारण गड्ढों व सड़कों का पता नहीं चल पाता है और फिसलकर लोग गिर जाते हैं। वार्ड दो और तीन के लोग आज भी कच्ची सड़क पर चल रहे हैं।

## हैदरनगर परता मुख्य पथ भारी बारिश से बहा, दर्जनों गांवों का आवागमन बाधित

**हैदरनगर।** प्रखंड के हैदरनगर भाई बिगहा से परता, कबरा कला पक्की मुख्य सड़क मार्ग में परता में नाला के पास बह गया। मुख्य पथ में भारी कटाव होने से परता, कबरा कला, राजौंधा, रानीदेवा, अधौरा आदि दर्जनों गांव सहित टोलों तक समीपवर्ती मार्ग बाधित होने से लोगों का आवागमन बाधित हो गया है। इस पंचायत के वरीय पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पाण्डेय व मुखिया कमल कुमार पासवान ने बताया कि परता में मलवारिया खेत के पास संपर्क पथ अधिक बारिश से टूट बह गया है। जिससे परता पंचायत के अलावा इस मार्ग से जुड़े दर्जनों गांवों का आवागमन बाधित हो गया है।

## शाहपुर पुल के पास दो तस्कर ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार

- पलामू पुलिस की कार्रवाई में 16 ग्राम ब्राउन शुगर, मोबाइल व मोटरसाइकिल बरामद




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर शहर में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पलामू पुलिस ने रविवार को बड़ी सफलता हासिल की। गुप्त सूचना पर शाहपुर पुल से सफेद अपाची बाइक से आ रहे दो युवकों को सद्दीक चौक के पास पकड़ा गया। तलाशी में उनके पास से लगभग 16 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर, दो स्मार्ट मोबाइल फोन और बाइक बरामद की गई।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राकेश कुमार उर्फ नेपाली (35), पिता गोपाल राम और राहुल कुमार (27), पिता गोविंद राम, दोनों निवासी जेलहाता, थाना शहर, जिला पलामू के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार किया और इनके पूर्व में भी आपराधिक इतिहास सामने आए हैं।

इस छापामारी दल में अंचलाधिकारी अमरदीप सिंह बलहौत्रा, प्रभारी टीओपी-01 इन्द्रदेव पासवान, आरक्षी राकेश कुमार सिंह, रोहित कुमार, इसरार अहमद और अंचन राम शामिल थे।

पलामू पुलिस ने कहा कि जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार को रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## एसडीएम ने 225 बोरा यूरिया का अवैध स्टाक पकड़ा

### एहतियातन गोदाम सील, डीएओ व सीओ को दिए कार्रवाई के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** रविवार को गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने कांडी प्रखंड क्षेत्र में खाद–बीज की कालाबाजारी को लेकर छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान कांडी मुख्य बाजार स्थित आयुष खाद बीज भंडार (संचालक संजय कुमार प्रसाद) की दुकान के पीछे कुछ दूरी पर एक गोदाम नुमा कमरे को देखा तो उन्हें संदेह हुआ। दरवाजों की चौखट के नीचे से मोबाइल घुसा कर वीडियो रिकार्डिंग के माध्यम से देखा गया तो वहां पीले पीले रंग की बोरियां वीडियो में दिखाई दीं। इस पर अविलंब गोदाम को खुलवाया गया तो भारी मात्रा में यूरिया का अवैध भंडारण पाया गया।

दरअसल जब एसडीएम के निर्देश पर थाना प्रभारी कांडी मोहम्मद अशफ़ाक़ आलम की मौजूदगी में संदिग्ध कमरे को खुलवाया गया तो लगभग 225 बोरा से अधिक यूरिया मिला। पूछताछ में पहले दुकानदार ने गुमराह करने का प्रयास किया, कभी कहा कि यह डालटेनगंज के किसी व्यक्ति का है, कहा कि एक अन्य व्यक्ति राजेश शुक्ला का यह भंडार है, किंतु जब उनसे पूछा गया कि इस गोदाम की चाबी आपके पास कहां से आई तो दुकानदार ने स्वीकार किया कि उनका यह स्टॉक दो माह पूर्व सेठी स्टोर से आया था, जिसे बेचने की बजाय ऐसे ही ऑनलाइन तथा ऑफलाइन स्टॉक शून्य दिखा दिया। इस अवैध भंडारण के पीछे ओवर प्राइसिंग और कालाबाजारी की मंशा प्रथम दृष्टया प्रमाणित हुई। छापेमारी होते देखकर बड़ी संख्या मे एकत्र हुये ग्रामीणों ने बताया कि इस दुकानदार द्वारा किसानों को 1000 में यूरिया और जाइम बाल्टी संयुक्त रूप से बेची जा रही थी। मौके पर मौजूद शिवरी निवासी ललन पासवान तथा रतनगढ़ निवासी राकेश कुमार सिंह ने एसडीओ को बताया कि इस दुकानदार ने चार दिन पहले उन्हें 500 में यूरिया खाद की 1 बोरी तथा 500 में जाइम की बाल्टी दी थी। मामले को गंभीर मानते हुए एसडीएम ने मौके पर ही खाद विक्रेता के इस गोदाम को सील करा दिया एवं चाबी कांडी प्रखंड के नाजिर को सौंप दी। साथ ही अंचल अधिकारी कांडी को संबंधित विक्रेता पर प्राथमिकी दर्ज कराने तथा जिला कृषि पदाधिकारी को स्टॉक अपने अधीन लेकर नियमानुसार निस्तारण कराने का निर्देश दिया। एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि "उपायुक्त के निर्देश पर पूरे जिले में खाद–बीज की कालाबाजारी रोकने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। किसानों का हक मारकर लालचवश कालाबाजारी करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे।" इस दौरान कांडी थाना के पुलिस बल एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे। वहां मौजूद ग्रामीणों ने एसडीएम द्वारा की गई कार्रवाई से खुशी जाहिर की।

## भीमचुल्हा में हरितालिका तीज पर व्रतधारी सुहागिनों का लगेगा जमावड़ा

**मोहम्मदगंज।** ऐतिहासिक महत्व के पर्यटक स्थल भीमचुल्हा में हरितालिका तीज पर भी कथा श्रवण को लेकर व्रतधारी सुहागिनों का जमावड़ा लगता है। पुजारी सह गाइड पंडित गंगा तिवारी ने बताया कि सुहागिन महिलाएं इस वर्ष 26 अगस्त को अखंड सौभाग्य की कामना के लिए हरितालिका तीज का व्रत रखेंगी। मान्य कथा श्रवण के लिए व्रतधारी महिलाओं का बड़ा समूह इस पवित्र-पावन स्थल पर भी पहुंचेंगी। इसका सिलसिला इस स्थल को पर्यटकीय दृष्टिकोण से विकसित किए जाने के बाद से शुरू हुआ है। उन्होंने बताया कि इस पर्व को भाद्रपद के शुक्ल पक्ष में तृतीया तिथि को हस्त नक्षत्र में मनाया जाता है। इस दिन सुहागिनें सौभाग्य को अखंड व सुखी दांपत्य जीवन को बनाए रखने की कामना को लेकर शिव-पार्वती की उपासना करती हैं। इस बार की तीज पर कई शुभ संयोग बन रहा है। ऐसे शुभ संयोग में व्रत व पूजन से पति की दीर्घायु के साथ ही सभी मनोकामनाओं की पूर्ति का आशीर्वाद प्राप्त होगा। सुख-समृद्धि और निरोगी काया बनी रहेगी। इस पर्व के धार्मिक और पौराणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए वगैर अन्न-जल ग्रहण किए वन में वर्षों तपस्या की थी। तब इससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें पत्नी के रूप में अपनाया था। इसके लिए माता पार्वती ने हिमालय पर्वत पर इसी मास में उक्त तिथि और नक्षत्र में बालू की शिवलिंग स्थापित कर उसकी पूजा और रात्रि जागरण किया था। इससे प्रसन्न होकर भगवान शिव साक्षात प्रकट हुए और माता पार्वती की इच्छानुसार उन्हें अर्धांगिनी के रूप में अपना लिया था। इसी मान्यतानुसार आज भी इस पर्व को मान्य धार्मिक अनुष्ठान के अनुरूप उक्त मास, तिथि और नक्षत्र में सुहागिनें मनाती हैं।

### झारखंड-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर देसी बंदूक बनाने का धंधा

## पीटीआर ने पहले भी जब्त किए थे हथियार अब वन विभाग की जांच में बड़ा खुलासा

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** गढ़वा और लातेहार के नक्सल प्रभावित इलाकों में देसी बंदूक के अवैध निर्माण और तस्करी की पुष्टि हुई है। पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) पहले ही 40 से अधिक हथियार बरामद कर चुका है। अब नई जांच में यह सामने आया है कि झारखंड-छत्तीसगढ़ बॉर्डर इलाके में बड़े पैमाने पर देसी बंदूकें तैयार की जा रही हैं। वन विभाग की जांच रिपोर्ट में बताया गया है कि नक्सली इलाकों से जुड़े ग्रामीणों को बंदूक बनाने की विशेष ट्रेनिंग दी गई है। हथियार बनाने के लिए छत्तीसगढ़ से सामान लाया जाता है, खासकर ट्रक का स्टेयरिंग और लोहे के पाइप, जिनसे बंदूक की नाल तैयार होती है। पुलिस और पीटीआर की कार्रवाई में यह भी सामने आया कि कई ग्रामीणों ने यह तकनीक नक्सलियों से सीखी है। पहले हथियार बनाकर नक्सलियों को सप्लाई किए जाते थे, अब इसका इस्तेमाल शिकार और आपराधिक घटनाओं में भी हो रहा है। पलामू, गढ़वा और लातेहार में सबसे ज्यादा 12 बोर की बंदूकें बरामद की गई हैं। इनमें से एक में .315 बोर की गोली चलती है, जबकि दूसरी में बारूद भरा जाता है। इन हथियारों की मारक क्षमता 20–25 मीटर तक होती है। पलामू टाइगर रिजर्व और पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर कई बंदूकें जब्त की हैं और ग्रामीणों से सरेंडर भी करवाया है। जांच एजेंसियां अब छत्तीसगढ़ से आ रही सामग्री और ट्रेनिंग नेटवर्क पर कड़ी नजर रख रही हैं। पीटीआर के उपनिदेशक प्रजेश कांत जेना ने कहा कि जांच में यह साफ हुआ है कि कुछ लोग पुश्तैनी तौर पर हथियार बनाते आ रहे हैं, जबकि कई को छत्तीसगढ़ के तस्करों ने ट्रेनिंग दी है। वहां से न सिर्फ सामग्री आ रही है, बल्कि हथियार बनाने की तकनीक भी सिखाई जा रही है।

### भाजपा सरकार के खिलाफ झामुमो का पुतला दहन

## काला कानून वापस लेना होगा, लोकतंत्र के खिलाफ है नया विधेयक : सन्नु सिद्दीकी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए उस विधेयक के विरोध में, जिसमें 30 दिनों तक न्यायिक हिरासत में रहने पर जनप्रतिनिधियों का पद स्वतः समाप्त हो जाएगा, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पलामू जिला कमेटी ने रविवार को छः मुहान चौक पर भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे पार्टी केंद्रीय समिति सदस्य एवं जिला उपाध्यक्ष सन्नु सिद्दीकी ने कहा कि यह विधेयक पूर्णतः असंवैधानिक और लोकतंत्र के लिए घातक है। उन्होंने आरोप लगाया कि 20 अगस्त को संसद में पेश यह प्रस्ताव भारतीय संविधान के उस मौलिक सिद्धांत का उल्लंघन है, जिसमें कहा गया है कि दोष साबित होने तक आरोपी निर्दोष माना जाएगा। जिला प्रवक्ता चन्दन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि भाजपा सरकार अपने राजनीतिक विरोधियों को नुकसान पहुँचाने और लाभ लेने के उद्देश्य से केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करती रही है। इस विधेयक के जरिये किसी भी जनप्रतिनिधि को न्यायिक हिरासत में भेजकर पद से हटाया जा सकता है, जो जनता द्वारा दिए गए जनादेश का सीधा अपमान है। महिला जिला अध्यक्ष सुशीला मिश्रा ने कहा कि यदि केंद्र सरकार इस कानून को वापस नहीं लेती तो झामुमो आने वाले समय में व्यापक आंदोलन करेगा और जनता तक सच्चाई पहुंचाएगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, अस्फाफर रब्बानी, सचिव रंजन चंदरवंशी, रमेश सिंह, अनुराग सिंह, देवानंद भारद्वाज, नवीन सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे।

## पेज एक के शेष

### सैकड़ों की संख्या...

पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर और भाजपा नेता रामकुमार पाहन को भी पुलिस ने प्रदर्शन स्थल पर पहुंचने के पहले ही हिरासत में ले लिया। प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए शनिवार शाम से ही पूरे इलाके में नाकेबंदी कर दी थी। नगड़ी जाने वाले रास्ते पर जगह-जगह बैरिकेडिंग करके लोगों को रोकने की कोशिश की गई थी। मेडिकल कॉलेज की प्रस्तावित साइट के आसपास निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश प्रशासन ने शनिवार को ही जारी कर दिया था।

### अस्पताल निर्माण के...

वहीं, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी का कहना है कि नगड़ी की जमीन रिम्स-2 के लिए उपयुक्त है और वहां अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधा स्थापित करना सरकार की प्राथमिकता है। जिस जमीन पर रिम्स-2 का निर्माण कराया जाना है, उसका अधिग्रहण वर्षों पहले सरकार कर चुकी है।

### मुख्यमंत्री ने लिया

उन्होंने बच्चे का इलाज और काउंसलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी आदेश दिया है। इधर, लोहरदगा जिला प्रशासन टीम गठित कर कार्रवाई में जुट गया है। उपायुक्त ने जांच को लेकर भंडरा सीओ दुर्गा कुमार को भी आदेश दिया है। सीओ दुर्गा कुमार ने पलमी में संचालित संत मैरी स्कूल का जांच कर विद्यालय से संबंधित दस्तावेज की मांग की है। इस पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा किसी भी तरह की दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के बाद सीओ दुर्गा कुमार ने बाल संरक्षण पर अधिकारी वीरेंद्र कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक ने विद्यालय को सील कर दिया है। वहीं, मसमानो गांव स्थित पीड़ित प्रिंस उरांव के घर पर जानकारी प्राप्त की जा रही है।

### हर साल 1,000...

नाबालिग को अदनान की 'पत्नी' घोषित किया गया। मुस्कान को बार-बार यौन उत्पीड़न का शिकार बनाया गया। जून में, पंजाब के शेखपुरा जिले के मुरीदके की 14 वर्षीय मुस्कान लियाकत लगभग दो साल बाद कैद से भाग गई। कैद से निकलने के बाद मुस्कान ने बताया कि उसे लोहे की छड़ी से पीटा गया और ईसाइयों के लिए अपमानजनक शब्द कहे गए। जबरन गर्भधारण के दौरान यातना के बाद उनका गर्भपात हो गया। हैरानी की बात यह है कि पाकिस्तान में मुस्कान का मामला इकलौता नहीं है। इस साल 19 जून को चार हिंदू भाई-बहन, जिया (22), दीया (20), दिशा (16) और गणेश कुमार (14) का सिंध के शाहदादपुर से अपहरण कर लिया गया था। अपहरण के दो दिनों बाद एक ऑनलाइन वीडियो में इन भाई-बहनों को उनके नए नामों के साथ नमाज पढ़ते हुए दिखाया गया। कट्टरपंथी इस कदम से खुश थे, लेकिन इन बच्चों के परिवार पर जो बीती, उसे शायद ही कोई समझ सके। इस बीच, जबरन धर्मांतरण को अपराध घोषित करने वाले प्रस्तावित कानून को धार्मिक दबाव समूहों के विरोध के कारण बार-बार असफलता का सामना करना पड़ा है।

### सूर्या हांसदा एनकाउंटर...

डॉ आशा लकड़ा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, अभी हम सारी जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। सूर्या हांसदा के परिवार से मुलाकात हुई और उनकी मां, भाई, पत्नी और बच्चे, सबसे कुछ न कुछ जानकारी ली गई है। अब प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक होनी है। उन्होंने कहा कि आयोग अभी कुछ जानकारी नहीं देगा, क्योंकि हमारी जो संवैधानिक ताकत है, उसका उपयोग जरूर करेंगे। अभी हमारी जांच जारी है। इधर, झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक प्रेस कांफ्रेंस में दावा किया कि चार बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके सूर्या हांसदा के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने की कहानी सरासर झूठी है। उन्होंने पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई से कराने की मांग की।

### स्व. ध्रुव नारायण सिंह की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

# तुलसी मानस मंदिर में बड़ी संख्या में रामभक्तों की उपस्थिति, कई वक्ताओं ने किया योगदान का उल्लेख

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** आज श्री तुलसी मानस मंदिर, साहित्य समाज चौक ब्रह्म विद्यालय के सामने स्वर्गीय ध्रुव नारायण सिंह, पूर्व अध्यक्ष श्रीराम चरित्र नवग्रह समिति की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर अध्यक्ष इंजीनियर भारत सिंह ने की और संचालन डॉ. सत्यकेतु संजय ने किया।

सभा में संयुक्त सचिव मनीष भिवानिया ने जानकारी दी कि स्व. ध्रुव नारायण सिंह तीन बार समिति के अध्यक्ष रह चुके थे और लंबे समय तक मानस मंदिर में महत्वपूर्ण योगदान देते रहे। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल में बड़े स्तर पर रामचरितमानस पाठ, भागवत कथा और प्रवचन आयोजित होते रहे।

रविशंकर पांडेय ने ध्रुव नारायण सिंह के जीवन और योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वे बिहार सरकार से मंत्रियों को आमंत्रित कर प्रवचनों और महायज्ञ का आयोजन कराते थे।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष बलिराम शर्मा, कोषाध्यक्ष रविशंकर उपाध्याय, बसंत जायसवाल, संरक्षक प्रमोद तुलस्यान, नवल बाबू, मुरारी गोयल, पवन नेमल, सुरेश उदयपुरिया, ओमप्रकाश दुबे, बृजेश शुक्ला, दिवाकर नारायण पांडेय, अजय तिवारी, मीडिया प्रभारी सतीश सुमन, विकास दुबे, अरविंद सांवरिया, कृष्ण प्रसाद अग्रवाल, अश्विनी मिश्रा, सुधीर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में सदस्य और श्रद्धालु उपस्थित थे।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, विकास सिंह, दीपक सिंह, अरुण प्रसाद, वीरेंद्र गुप्ता, प्रभात गुप्ता, राजकुमार, बलराम प्रसाद, परशुराम तथा मंदिर के पुजारी अंजनी पाठक सहित कई गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार रखे। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम का समापन सिद्धेश्वर उपाध्याय ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया।

## 14 वर्षीय बच्ची का शव कुएं से बरामद

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के मंझगांवा पंचायत अंतर्गत गडके गांव के एक कुएं से 14वर्षिय बच्ची का शव बिते शनिवार को बरामद हुआ था। जिसके जांच के लिए रविवार को राज्यस्तरीय फॉरेंसी टीम गिद्धौर थाना पहुंची। टीम में शामिल सहायक निदेशक आदित्य विक्रम गौर व राम कृष्ण मिश्रा घटनास्थल गडके गांव पहुंच कर विभिन्न पहलुओं की जांच की। साथ ही मृतक बच्ची के परिजनों से पूछ-ताछ किया। टीम ने घर के आसपास के लोगों से भी विभिन्न बिंदुओं पर गहनता से पूछ ताछ कर जानकारी जुटाई। घटना स्थल से मिट्टी व बच्चे का कपड़ा बरामद किया। मालूम हो कि बीते शनिवार के देर साम गंडके गांव के एक कुंआ से बच्ची का शव ने पुलिस बरामद किया था। गंडके गांव निवासी प्रमेश्वर यादव ने अपनी 14 वर्षीय पुत्री शारदा कुमारी के गुमशुदा होने को लेकर 21 अगस्त को थाना में आवेदन दिया था। आवेदन में कहा गया था कि 20 अगस्त की सुबह करीब साढ़े चार बजे मेरी पुत्री घर से निकली। लेकिन काफी खोज बिन किया परंतु देर रात तक नहीं मिली। 23 अगस्त के शाम को पुलिस ने घर से महज डेढ़ सौ फिट की दूरी पर कुंआ से शव को बरामद किया।

## यूरोपीय देशों ने भी अमेरिका के लिए डाकसेवा रोकी

### भारत के बाद ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, इटली ने सर्विस सस्पेंड की, ट्रंप का टैरिफ वजह बना

**नई दिल्ली ।** भारत के बाद कई यूरोपीय देशों ने भी अमेरिका के लिए डाक सेवाएं सस्पेंड कर दी हैं।



इनमें इटली, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, ऑस्ट्रिया समेत कई देश शामिल हैं। सर्विस सस्पेंड होने की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नए टैरिफ नियम हैं। दरअसल, ट्रम्प प्रशासन ने इसी साल 30 जुलाई को आदेश जारी किया था, जिसमें 800 डॉलर (70 हजार रुपए) तक के सामान पर मिलने वाली टैरिफ छूट को खत्म कर दिया गया है। यह छूट 29 अगस्त से खत्म हो जाएगी। यूरोपियन डाक संगठन पोस्ट यूरोप और दूसरे डाक विभागों के मुताबिक नए नियमों पर अब तक साफ जानकारी नहीं दी गई है। इसलिए फिलहाल डाक से सामान भेजने की सेवाएं रोकी जा रही हैं। भारत से 25 अगस्त के बाद सेवा पर रोक लग जाएगी। भारत के संचार मंत्रालय के मुताबिक अमेरिका की टैरिफ लागू करने और वसूलने की प्रक्रिया साफ नहीं है। इसलिए भारत में अमेरिका के लिए डाक सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित रहेगी। भारतीय डाक विभाग 25 अगस्त से अमेरिका के लिए ज्यादातर डाक सामानों की बुकिंग सस्पेंड कर देगा। फिलहाल ये फैसला अस्थायी रूप से लागू होगा। 23 अगस्त को डाक विभाग ने एक प्रेस नोट जारी करके इसकी जानकारी दी थी।

## ग्रीस में बढ़ती उम्र और कम जन्म दर के कारण जनसंख्या में गिरावट

**एथेंस (आईएएनएस)।** ग्रीस में जनसंख्या का संकट दुनिया को हैरान कर रहा है। एक नई रिपोर्ट में दावा है कि पिछले 13 सालों में ग्रीस की जनसंख्या



में 4 लाख से अधिक की गिरावट आई है। इसका मुख्य कारण घटती जन्म दर, बढ़ती उम्र और देश से बाहर प्रवास है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, थेसाली विश्वविद्यालय की डेमोग्राफिक एंड सोशल एनालिसिस लैब की रिसर्च का हवाला देते हुए ग्रीस के अखबार टो विमा ने शनिवार को बताया कि यह गिरावट दशकों तक जारी रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में जन्म से ज्यादा मौतें हो रही हैं और बूढ़े लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हेलेनिक स्टैटिस्टिक्स अथॉरिटी के अनुसार, 2011 की जनगणना में देश की निवासी जनसंख्या 1,08,16,286 थी। लेकिन 1 जनवरी 2024 तक यह घटकर 1,04,00,720 रह गई, जो एक दशक से भी कम समय में 4 लाख से अधिक लोगों की कमी को दर्शाता है। आंकड़ों से पता चला है कि ग्रीस में 2023 में सिर्फ 72,300 बच्चों का जन्म हुआ, जो 1950 और 1960 के दशकों की औसत वार्षिक जन्म दर का लगभग आधा है।

## वियतनामी उपराष्ट्रपति ने नेपाली प्रधानमंत्री ओली संग की वार्ता

**काठमांडू (आईएएनएस)।** वियतनाम की उपराष्ट्रपति वो थी आन्ह शुआन नेपाल के दौरे पर हैं। रविवार को उन्होंने नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से शिष्टाचार भेंट की। दोनों नेताओं की मुलाकात प्रधानमंत्री सिंह दरबार स्थित कार्यालय में हुई। उपराष्ट्रपति सुआन ने नेपाल की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वियतनाम नेपाल के साथ पर्यटन और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए उत्सुक है। प्रधानमंत्री ओली ने वियतनाम की आर्थिक प्रगति और तकनीकी विकास की सराहना करते हुए कहा कि नेपाल वियतनाम के अनुभवों से कृषि और छोटे-मध्यम उद्यमों के क्षेत्र में बहुत कुछ सीखना चाहता है।

## रूस और यूक्रेन ने 146 और कैदियों की अदला-बदली की

**मास्को (आईएएनएस)।** रूस और यूक्रेन के बीच कैदियों की अदला-बदली का एक और दौर शुरू हुआ है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रूस और यूक्रेन ने रविवार को 146 और कैदियों की अदला-बदली की। यूक्रेन ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र के आठ निवासियों को भी वापस भेज दिया। अगस्त 2024 में हुए अचानक हमले में यूक्रेन ने इस क्षेत्र पर कुछ समय के लिए कब्जा कर लिया था। इसके बाद रूसी सेना ने इस साल की शुरुआत में इसे फिर से अपने कब्जे में ले लिया था। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, रूसी सैनिक मास्को भेजे जाने से पहले बेलारूस में मनोवैज्ञानिक और चिकित्सा सहायता प्राप्त कर रहे हैं।

# सीजेआई गवई ने कहा - मेरे समुदाय के लोगों ने मेरे फैसले की आलोचना की

## एससी-एसटी से 'क्रीमी लेयर' को बाहर रखने का मामला

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने पणजी में गोवा हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में कहा कि एक ही आरक्षित वर्ग से एक परिवार की कई पीढ़ियां आईएएस अधिकारी बनती हैं। मैंने खुद से यह सवाल पूछा था कि मुंबई या दिल्ली के सबसे अच्छे स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करने वाले व्यक्ति के बेटे या बेटी ...क्या उसकी तुलना गांव में रहने वाले व जिला परिषद या ग्राम पंचायत के स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने वाले राजमिस्त्री या खेतिहर मजदूर के बेटे या बेटी से की जा सकती है? गवई ने कहा कि आरक्षण के लिए अनुसूचित जातियों के उप-वर्गीकरण पर उनके फैसले को लेकर काफी आलोचना हुई थी। जिसमें उनके समुदाय के लोग भी शामिल हैं। कहा कि पहले के वक्ताओं ने भी उप-वर्गीकरण पर मेरे फैसले के बारे में बात की है। मेरे अपने समुदाय के लोगों द्वारा उक्त फैसले के लिए मेरी व्यापक रूप से आलोचना की गई है, लेकिन मेरा हमेशा से मानना रहा है कि मुझे अपना फैसला लोगों की मांगों या इच्छाओं के अनुसार नहीं, बल्कि कानून के रूप में लिखना है, जैसा कि मैं समझता हूं और जिसको मेरी अंतरात्मा कहती है। अगस्त 2024 में 6-1 बहुमत से दिए गए ऐतिहासिक फैसले में सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि अनुसूचित जातियां सामाजिक रूप से समरूप वर्ग नहीं हैं और राज्यों द्वारा उनमें से कम सुविधा प्राप्त लोगों को आरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से उन्हें उप-वर्गीकृत किया जा सकता है।अनुसूचित जातियों (और अनुसूचित जनजातियों) से 'क्रीमी लेयर' को बाहर रखने के अपने विचारों की आलोचना पर सीजेआई गवई ने कहा कि एक ही आरक्षित वर्ग से एक परिवार की कई पीढ़ियां आईएएस अधिकारी बनती हैं। गवई ने कहा कि मैंने खुद से यह सवाल पूछा था कि मुंबई या दिल्ली के सबसे अच्छे स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करने वाले व्यक्ति के बेटे या बेटी क्या उसकी तुलना गांव में रहने वाले और जिला परिषद या ग्राम पंचायत के स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने वाले राजमिस्त्री या खेतिहर मजदूर के बेटे या बेटी से की जा सकती है? सीजेआई ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 14 का अर्थ यह नहीं है कि सभी समान लोगों के बीच समानता है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान असमान लोगों के साथ उसी तरह व्यवहार की बात करता है ताकि वे समान बन सकें। इसलिए, एक गांव में रहने वाले मजदूर के बच्चे और मुंबई में रहने वाले एक मुख्य सचिव के बच्चे को सर्वश्रेष्ठ स्कूलों और बेहतरीन सुविधाओं में पढ़ने के लिए एक समान दर्जा देकर, मेरा मानना है कि यह समानता की मूल अवधारणा पर प्रहार करता है, और सौभाग्य से, मेरे इस विचार का समर्थन सुप्रीम कोर्ट के तीन अन्य माननीय न्यायाधीशों ने भी किया है।



### नागरिकों के अधिकार और संपत्ति

- सीजेआई ने कहा कि नागरिकों की संपत्तियों को ध्वस्त करने से पहले उचित प्रक्रिया का पालन ज़रूरी है।
- इस दिशा में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट दिशा-निर्देश निर्धारित किए हैं।

### शक्तियों के पृथक्करण पर चेतावनी

- यदि कार्यपालिका को ही न्यायाधीश बनने की अनुमति दी जाती है, तो शक्तियों के पृथक्करण की अवधारणा पर प्रहार होगा।
- न्यायपालिका की स्वतंत्रता और संवैधानिक संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

नागरिकों की संपत्तियों को ध्वस्त करने के लिए उचित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करने के लिए दिशा निर्देश निर्धारित करने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बोलते हुए सीजेआई ने कहा कि यदि कार्यपालिका को ही न्यायाधीश बनने की अनुमति दी जाती है, तो हम शक्तियों के पृथक्करण की अवधारणा पर प्रहार करेंगे। उन्होंने कहा कि विध्वंस संबंधी फैसले की खूब चर्चा हुई। हम इस बात से व्यथित थे कि जिन लोगों पर मुकदमा भी नहीं चलाया गया उनके घरों को कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना ही ध्वस्त कर दिया गया। और हमने यह माना कि घर में रहने वाले परिवार के सदस्यों को भी बिना किसी गलती के कष्ट सहना पड़ा। और अगर कोई व्यक्ति दोषी भी ठहराया जाता है, तब भी वह कानून के शासन का हकदार है मुझे खुशी है कि हम दिशा निर्देश निर्धारित कर पाए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम कार्यपालिका को जज न बनने पर रोक लगा सकते हैं। हमारा संविधान कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका की शक्तियों के पृथक्करण को मान्यता देता है और अगर कार्यपालिका को ही न्यायाधीश बनने की अनुमति दी जाती है, तो हम शक्तियों के पृथक्करण की मूल अवधारणा पर ही प्रहार करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि बीते 22-23 वर्षों से न्यायाधीश के रूप में अपनी यात्रा में, वह सामाजिक व आर्थिक न्याय की दिशा में भारतीय संविधान या भारत के विकास में थोड़ा योगदान दे सके।

## आए मैसेज पर एक क्लिक से गंवा दिए 1.9 लाख रुपए

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एक कर्मचारी को उसके व्हाट्सअप पर एक अनजान नंबर से एक मैसेज मिला जिसमें एक शादी का निमंत्रण था। इस मैसेज में एक डेट व मैसेज लिखा था और साथ में एक फाइल भी थी जो पीडीएफ फॉर्मेट में शादी का कार्ड लग रही थी। हालांकि, यह फाइल एक एंड्रॉयड ऐप पैकेज थी। जैसे ही उसने फाइल पर क्लिक किया, यह एंड्रॉयड ऐप पैकेज उसके फोन पर इंस्टॉल हो गई। इस एंड्रॉयड ऐप पैकेज फाइल ने स्कैमर्स को इस फोन का पूरा एक्सेस दे दिया। कुछ ही समय में स्कैमर्स ने उसके बैंक ऐप का एक्सेस प्राप्त कर लिया और उसके खाते से पैसे ट्रांसफर कर लिए। इसके बारे में केस दर्ज कराने पर पुलिस ने साइबर सेल डिपार्टमेंट में मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन अपराधियों को पकड़ना एक चुनौती बनी हुई है। अधिकारियों की तरफ से कहा गया है कि यह कोई अकेली घटना नहीं है। लगभग सभी राज्यों की साइबर पुलिस ने पहले भी इस घोटाले के बारे में सलाह जारी की थी, जिसमें लोगों से अनजान नंबरों से फाइलें डाउनलोड करने से बचने का आग्रह किया गया था।



*अपरिचित का कोई विजिटिंग या शादी कार्ड वाट्सएप पर आए तो कतई नहीं खोलें*

**ऐसे स्कैम से कैसे बचें**

- आप कभी भी किसी अनजान नंबर से आए मैसेज या फाइल पर क्लिक नहीं करें।
- किसी भी लिंक या फाइल पर क्लिक करने से पहले उसको वेरीफाई करें।
- आप अपने मोबाइल पर किसी भी अनजान ऐप को डाउनलोड न करें।
- आपको अपने एंड्रॉयड फोन पर गूगल प्ले स्टोर के अतिरिक्त कोई भी फाइल इंस्टॉल नहीं करें।

## नियाग्रा फॉल्स घूमने आए दो भारतीय मूल के लोगों की बस दुर्घटना में मौत

**न्यूयॉर्क (आईएएनएस) ।** न्यूयॉर्क पुलिस के अनुसार, नियाग्रा फॉल्स से शहर लौट रही एक टूर बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो भारतीय मूल के लोग शामिल हैं। पुलिस ने शनिवार को उनकी पहचान मधुबनी से आये 65 वर्षीय शंकर कुमार झा और न्यू जर्सी के ईस्ट ब्रंसविक में रहने वाली 60 वर्षीय पिंकी चांगरानी के रूप में की। शुक्रवार दोपहर को एक बस, जिसमें 54 लोग सवार थे, न्यूयॉर्क शहर की ओर लौट रही थी। यह बस अमेरिका और कनाडा की सीमा पर स्थित प्रसिद्ध नियाग्रा फॉल्स के दौरे के बाद वापस जा रही थी।

## निजी विश्वविद्यालयों में वंचित वर्ग के छात्रों के लिए 25% सीटें आरक्षित हों

ब्यूरो

- **दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति ने की सिफारिश**

**नई दिल्ली।** राज्य सभा सांसद दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता वाली शिक्षा, महिला, बाल, युवा व खेल विभाग संबंधी स्थायी समिति ने देश के सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों से सिफारिश की है कि वे अपने निजी विश्वविद्यालयों में वंचित वर्ग के विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाएं। समिति ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट संसद के पटल पर रखी। समिति ने देश के कुछ बड़े निजी विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों, उनकी फीस व अन्य संबंधित पहलुओं का गहन अध्ययन किया। इस अध्ययन में पाया गया कि निजी विश्वविद्यालयों में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) व अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) के विद्यार्थियों की संख्या बहुत कम है। समिति ने यह भी बताया कि निजी विश्वविद्यालयों की वार्षिक फीस बहुत ज्यादा है, जिसे वंचित वर्ग के विद्यार्थियों के लिए वहन करना कठिन है। यही मुख्य वजह है कि इन विश्वविद्यालयों में इन वर्गों के विद्यार्थियों की संख्या अपेक्षाकृत कम है।समिति ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत देश में उच्च शिक्षा में 50 % सकल शैक्षणिक अनुपात का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने में निजी विश्वविद्यालयों की भूमिका अहम होगी, क्योंकि देश में सरकारी उच्च शिक्षण संस्थानों की संख्या पर्याप्त नहीं है।इसलिए समिति ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से अनुरोध किया है कि वे अपने यहां मौजूद निजी विश्वविद्यालयों में वंचित वर्ग के विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। इसमें संविधान के अनुच्छेद 15(5) को पूरी तरह लागू करने के लिए कानून बनाने का सुझाव भी शामिल है।समिति का मानना है कि सरकारी संस्थानों की तरह निजी विश्वविद्यालयों में भी ओबीसी के लिए 27%, एससी के लिए 15 % और एसटी के लिए 7.5 % आरक्षण लागू होना चाहिए। इसके साथ ही, शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत निजी विद्यालयों में लागू 25 % आरक्षण की तरह, निजी विश्वविद्यालयों में भी वंचित वर्ग के लिए 25 % आरक्षण लागू किया जाना चाहिए।

## सेवानिवृत्त बुजुर्ग को वर्चुअली गिरफ्तार कर लूटे 1.2 करोड़

### साइबर धोखाधड़ी की घटनाओं की साइबर अपराध हेल्पलाइन पर तुरंत रिपोर्ट करें

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केरल के एर्नाकुलम जिले के वेंगोला निवासी एक सेवानिवृत्त सरकार कर्मचारी को साइबर अपराधियों ने वर्चुअल गिरफ्तार कर 1.2 करोड़ रुपये लूट लिया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और लूटे गए 1.2 करोड़ रुपये में से 35 लाख रुपये बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने बताया कि साइबर अपराधियों ने सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारी को नकली पुलिस अधिकारी बनकर अपना निशाना बनाया। पीड़ित ने बीती 22 अगस्त को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। 74 वर्षीय पीड़ित बुजुर्ग ने एर्नाकुलम ग्रामीण साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।



शिकायत में पीड़ित ने बताया कि 15 अगस्त को उसे एक वॉट्सएप कॉल आया था। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को मुंबई पुलिस का अधिकारी प्रवीण बताया था। जालसाज ने दावा किया कि उन्होंने एक प्रतिबंधित सामान की तस्करी की कोशिश को नाकाम किया है और प्रतिबंधित सामान को जब्त किया है। जालसाज ने पीड़ित को बताया कि जब्त सामान पर पीड़ित का नाम और आईडी का इस्तेमाल किया गया है। पीड़ित ने शिकायत में बताया कि वह ये सुनकर घबरा गए।आरोपी ने बुजुर्ग को वर्चुअली गिरफ्तार करने की बात कही और कहा कि अगर उन्होंने अपनी बेगुनाही साबित नहीं की तो हकीकत में गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित के बैंक खाते की जानकारी मांगी और कहा कि बैंक में जो भी पैसा होगा, वो उन्हें लौटा दिया जाएगा। इस पर पीड़ित ने 40-40 लाख की तीन किस्त जालसाजों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी। जब जालसाजों ने पीड़ित का पैसा वापस नहीं लौटाया तो उन्हें अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला और उन्होंने 22 अगस्त को पुलिस में शिकायत की। पुलिस ने बताए गए बैंक खातों से 35 लाख रुपये जब्त कर लिए हैं, लेकिन बाकी रकम जालसाज निकालने में कामयाब रहे। अब पुलिस उनकी जांच में जुटी है। केरल में साइबर धोखाधड़ी एक गंभीर चिंता का कारण बन गई है। केरल पुलिस के रिकॉर्ड के अनुसार, साइबर धोखेबाजों ने 2024 में राज्य से 763 करोड़ रुपये उड़ा लिए। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे साइबर अपराध हेल्पलाइन (1930) के माध्यम से ऐसी साइबर धोखाधड़ी की घटनाओं की तुरंत रिपोर्ट करें ।

## रूस ने पिछले 24 घंटों में 160 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए : रक्षा मंत्रालय

**मास्को (आईएएनएस)**

रूस ने पिछले 24 घंटों में उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने यूक्रेन के 4 गाइडेड हवाई बम और 160 ड्रोन मार गिराए। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने देश के पश्चिमी सीमावर्ती क्षेत्रों में 33 यूक्रेनी ड्रोनों को रोका। मंत्रालय ने कहा कि सुबह 9:30 से दोपहर 12 बजे (मॉस्को समय) के बीच 13 यूक्रेनी ड्रोन गिराए गए, जिनमें से 12 ब्रायंस्क क्षेत्र और एक कालुगा क्षेत्र में थे। इसके बाद अगले दो घंटे में 20 और ड्रोन नष्ट किए गए, जिसमें आठ ब्रांस्क में, सात स्मोलेंस्क में, तीन कुर्स्क में और दो कलुगा में हैं। अगस्त की शुरुआत में, रूस ने अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के बीच बैठक से पहले यूक्रेन पर हमले बढ़ाने का आरोप लगाया था। रूसी विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बयान जारी करते हुए बताया कि पिछले एक हफ्ते में यूक्रेन की गोलाबारी और ड्रोन हमलों से रूस में 22 लोगों की मौत हो चुकी है।




**बिग बॉस 19**

**कहानी फिल्म जगत की**

***क्या अर्जुन बिजलानी बिग बॉस 19 में एंट्री नहीं करेंगे? :*** *रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब यह कन्फर्म हो गया है कि अर्जुन बिग बॉस 19 का हिस्सा नहीं होंगे। जी हाँ, आपने सही पढ़ा! अर्जुन ने एक अलग रास्ता चुना है और एक बिल्कुल नए रियलिटी शो **"राइज़ एंड फ़ॉल"** में नज़र आएंगे।*



## सलमान के रियलिटी शो का हिस्सा नहीं होंगे अर्जुन?

### नयी पोस्ट से किया फैंस को कंफ्यूज?

टीवी अभिनेता अर्जुन बिजलानी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक रहस्यमयी पोस्ट शेयर की है जिसमें उन्होंने अपने परिवार से प्यार करने के बावजूद एक अलग परिवार चुनने की बात कही है। हालाँकि अभिनेता ने यह स्पष्ट नहीं किया कि वह किस बारे में है, लेकिन प्रशंसकों का मानना है कि अर्जुन इस वीडियो के ज़रिए अप्रत्यक्ष रूप से बिग बॉस 19 के घर में प्रवेश करने का संकेत दे रहे हैं। इस क्लिप में, अर्जुन ने संकेत दिया कि उन्हें एक कठिन फैसला लेना होगा जिसका असर उनके परिवार पर पड़ेगा। उन्होंने प्रशंसकों से जल्दबाज़ी में कोई निष्कर्ष न निकालने का अनुरोध भी किया। कुछ ही समय में, उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और इंटरनेट पर दावा किया जाने लगा कि वह बिग बॉस 19 में हिस्सा लेंगे। इंडस्ट्री में उनकी सहकर्मी, किश्वर मर्चेंट, जो बिग बॉस 9 का हिस्सा रही हैं, ने भी एक साधारण सवाल के साथ पोस्ट पर टिप्पणी की। उन्होंने बस इतना लिखा, "बिग बॉस?" बाद में उन्होंने यह भी टिप्पणी की, "यह बिल्कुल भी संभव नहीं है!!!